SUNDAY
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, रविवार, 20 अगस्त 2023
वर्ष - 65 | अंक - 126 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

मड़ई
▸ कसकल लोक जग पावनि गंगा पृष्ठ 6

देश विदेश
▸ बुशरा बीबीने जताई आशंका-इमरान को जेल में जहर दिया जा सकता है
▸ अमेरिका, द. कोरिया, जापान साझा खतरे की स्थिति में एक दूसरे से करेंगे बात
▸ भारत में बना जी-20 बैठकों का कीर्तिमान : हरदीप पुरी पृष्ठ 7

## सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट को लगाई फटकार

# दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की याचिका टालने पर जताई नाराजगी

**न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने की 'विशेष सुनवाई**

- हाई कोर्ट ने 12 दिनों तक टाल दी थी याचिका
- 23 अगस्त को 28 सप्ताह की हो जाएगी गर्भावस्था

**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई टालने का आदेश 17 अगस्त को पारित किया गया था।



> ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नवीनतम स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा**

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले में 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भ्रूच के एक मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। अधिवक्ता ने हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### आरटीआई के तहत सूचनाएं प्रदान करने को कहा केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को जारी किया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे यह तय करें कि सार्वजनिक अधिकारी आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को प्रदान करें। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के अधिदेश के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण स्वत: संज्ञान लेकर सूचना का खुलासा करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। जनता नियमित अंतराल पर इंटरनेट और ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे : भूपेश

**करकाभाट में आयोजित संकल्प शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प**



**बालोद**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को बालोद जिले के संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करकाभाट पहुंचे यहां वे विधानसभा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किए। बालोद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया जिसके बाद हजारों कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री ने संकल्प दिलाया संकल्प में उन्होंने कहा की हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे पार्टी से जिसे भी प्रत्याशी बनाया जाएगा उसको विजयी बनाने के लिए हमेशा कार्य करेंगे इस दौरान संगीता सिन्हा ने कविता सुनाई तो मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए बनारस के किसानों की तुलना में छत्तीसगढ़ के किसानों को 2100 रुपए क्विंटल के साथ खुशहाल बताया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मतदान के अधिकार से लेकर महिलाओं का अधिकार, महिलाओं को संपत्ति रखने का अधिकार नहीं था धान का समर्थन मूल्य इंदिरा के समय आया। बैंक में आम जनता को ले जाने का काम इंदिरा जी ने किया जब भी कांग्रेस को मौका मिला आम जनता को मजबूत बनाने का काम किया। केन्द्र ने चांवल खरीदने से मना किया तो हमने चांवल की नीलामी की प्रति क्विंटल 600 से लेकर 700 तक का नुकसान हुआ उन्होने कहा हमने समय समय पर बोनस दिया और उन्होंने कहा कल 20 अगस्त को 12 बजे बटन दबाऊंगा फिर पैसा जाएगा किसानों की मांग पर हमने 20क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यहां पर हम 2100 रुपए क्विंटल में धान खरीद रहे हैं और एक तरफमोदी जी बनारस से चुनाव लड़ते हैं वहां तो किसान 1200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान बेचते हैं अब बताइए मोदी के क्षेत्र की जनता खुश है या हमारे छत्तीसगढ़ की। वो तो प्रधानमंत्री हैं हमने उनसे बेहतर काम किया उन्होंने केवल अफवाह फैलाने का ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखवाने जा रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांग्रेस की किसान संकल्प शिविर के विधानसभा संजारी बालोद में आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह पीपरे के मार्गदर्शन में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन और काला झंडा दिखाते हुए भूपेश बघेल वापस जाओ के नारे लगाए। पुलिस प्रशासन ने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल से पहले ही रोककर बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। विरोध प्रदर्शन मे प्रीतम साहू पूर्व विधायक, नरेश साहू जिला मंत्री भाजपा, कौशल साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, तेजराम साहू कोषाध्यक्ष गुरूर, भुवन साहू महामंत्री, प्रह्लाद साहू, सुरेंद्र तिवारी, आदित्य सिंह पीपरे जिलाध्यक्ष भाजयुमो बालोद, खेमलाल देवांगन महामंत्री भाजयुमो, तुकेश्वर पांडे मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, ढंगू हिरवानी पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष, संजय साहू एवम घनेंद्र ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार से 'उद्योग रत्न' पुरस्कार मिला

**मुंबई**। भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने दिया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में टाटा के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया।

### मानवाधिकार आयोग ने कश्मीर के मुख्य सचिव को किया तलब

**श्रीनगर**। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद से पीड़ित की याचिका पर अगले महीने आयोग के समक्ष पेश होने के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव को समन जारी किया है। आयोग की ओर से एनएचआरसी के सहायक रजिस्ट्रार (कानून) देबिंद्र कुंद्रा ने नोटिस जारी किया। वर्ष 2020 में प्रसिद्ध कश्मीरी पंडित लेखक और कवि सर्वानंद कौल प्रेमी के पुत्र राजिंदर प्रेमी ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी अप्रैल 1990 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। शिकायत प्रथम जम्मू-कश्मीर राज्य मानवाधिकार आयोग की डिवीजन बेंच के फैसले के कार्यान्वयन में देरी को लेकर, जम्मू-और कश्मीर राज्य में आतंकवाद प्रभावित परिवारों की दुर्दशा के प्रति सरकार की उदासीनता के संबंध में थी। आयोग ने पाया कि निर्देश के बावजूद प्रदेश के मुख्य सचिव अभी तक अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहे।

### ईडी ने 24 अगस्त को हेमंत सोरेन को बुलाया

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 अगस्त को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, सोरेन को 14 अगस्त को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्?होंने एजेंसी से और समय मांगा। इससे पहले अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री से ईडी के रांची कार्यालय में उनकी पत्नी समेत करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। जमीन कब्जा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### एनएलएफटी के पांच उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला**। बांग्लादेश में अपने ठिकानों से भागने के बाद प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के पांच उग्रवादियों ने धलाई जिले में राज्य पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# कर्मचारियों का नियमितीकरण, 300 यूनिट बिजली फ्री, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार समेत 10 गारंटी

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 गारंटियों का ऐलान किया। दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली फ्री देने के अलावा बच्चों की अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य , बेरोजगारों को रोजगार की गारंटी का ऐलान किया। उन्होंने लोगों से अपील की एक बार आप पार्टी को मौका दो।

अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रायपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से जनता तक अपना संदेश पहुंचाने पहुंचे थे। अरविंद केजरीवाल 10 गारंटी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को 24 घंटे बिजली और 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा दिया। उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ गयी हैं आम आदमियों को घर चलाना मुश्किल हो रहा। लोग कहते हैं हम रेवड़ी बांट रहे हैं, पर हम जनता को राहत दे रहे। हमारी सरकार आ गई तो छत्तीसगढ़ में नवंबर तक बकाया बिजली बिल भी माफ होगा।



विस चुनाव के लिए आप का गारंटी कार्ड

केजरीवाल ने कहा कि शिक्षा की गारंटी है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की गारंटी मेरी, परिवार का सदस्य बनकर अच्छी शिक्षा दिलवाऊंगा। सरकारी स्कूल शानदार बनवा देंगे. प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को भी बंद करेंगे। स्वास्थ्य की गारंटी देते हुए केजरीवाल ने कहा कि 10 रुपये की क्रोशिन की दवाई भी मुफ्त मिलेगी। 20 लाख का ऑपरेशन भी हैं वो भी मुफ्त। चौथी गारंटी के तौर पर रोजगार की गारंटी दी। हर बेरोजगार के लिए नौकरी का भी इंतेजाम हम करेंगे। बेरोजगारी भत्ता 3000 रुपए महीना देंगे। बिना सिफारिश, बिना ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## कांग्रेस अध्यक्ष ने हवाई सफर पर मोदी सरकार को घेरा

# उड़ान योजना का वादा भी निकला हवा-हवाई



**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की उड़ान योजना की हवा निकाल दी है। उन्होंने कैग (ऑडिटर एंड कंट्रोलर जनरल) की रिपोर्ट का हवाला दे दावा किया कि 93 फीसदी रूट पर उड़ान योजना काम ही नहीं कर रही है। बतादें कि केंद्र सरकार ने 21 अक्टूबर 2016 को उड़ान योजना शुरू की थी। इसमें टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में जनता को किफायती दरों पर हवाई सेवा उपलब्ध कराने की बता कही गई थी। खड़गे ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा करने में सक्षम बनाने का वादा उनके अन्य सभी वादों की तरह पूरा नहीं हुआ है। यह कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि कैग ने खुलासा किया है। उडान योजना 93 फीसदी मार्गों पर काम नहीं कर पाई। यहां तक कि एयरलाइंस का स्वतंत्र ऑडिट भी नहीं कराया गया। बहुप्रचारित हेलीकॉप्टर सेवाएं भी ठप रहीं। उन्होंने तंज करते हुए कहाकि उड़ान नहीं मिली, बस झूंठ और जुमलों की बात है। अब ऐसी अक्षम सरकार को भारत माफ नहीं करेगा। इससे पहले कांग्रेस ने कैग की रिपोर्ट के हवाले से ही केंद्र सरकार की बुनियादा ढांचा परियोजनाओं में घोटाले का आरोप लगाया था और इसकी जांच कराने के साथ ही जवाबदेही तय करने की मांग की गई थी।

# कांग्रेस की 27 उम्मीदवारों की पहली सूची छह सितंबर को होगी जारी



**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस की पालिटिकल अफेयर कमेटी और पर्यवेक्षकों की बैठक में मिशन 2013 के लिए 75 पार का लक्ष्य तय किया गया। राजीव भवन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल, पालिटिकल अफेयर कमेटी की अध्यक्ष कुमारी सैलजा, स्क्रिनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी में हुई बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया।

बैठक में तय किया गया कि पहली सूची में 27 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा छह सितंबर को होगी। इसमें उन सीटों पर प्रत्याशी बनाया जाएगा, जिनकी जीतने की गारंटी है। कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो वेणुगोपाल ने साफ-साफ कहा है कि हमें किसी भी कीमत पर 75 सीट पर जीत दर्ज करनी है। पार्टी के नेता आत्म विश्वास में रहें, लेकिन अति आत्मविश्वास में न रहें।

- पहली सूची में होंगे जीतने वाले उम्मीदवार

किसी गुट या नेता के करीबी होने की जगह सिर्फ जीतने वालों को ही उम्मीदवार बनाया जाएगा। वर्तमान विधायकों के सीट बदलने पर भी रोक लगा दी गई है। वेणुगोपाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो विधायक सीट बदलने की बात करते हैं, उसकी टिकट काट दी जाए। किसी भी हाल में वर्तमान विधायकों की सीट नहीं बदली जाएगी। प्रदेश में करीब आठ विधायक और दो मंत्री अपनी सीट बदलने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसे में वेणुगोपाल की सख्ती के बाद उनकी उम्मीद धाराशाही ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### राहुल गांधी 2 सितंबर को आएंगे रायपुर, युवाओं से करेंगे संवाद

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया, कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2 सितंबर को रायपुर आएंगे। वे कांग्रेस के युवा मितान सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राहुल गांधी छत्तीसगढ़ के युवाओं से संवाद करेंगे। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया, 8 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी छत्तीसगढ़ दौरा तय हुआ है।

# सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा 'आदित्य-एल1'

**चेन्नई**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किए गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा। इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



- देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में किए गए विकसित
- सूर्य मिशन के लिए अगले कुछ दिनों में भरेगा उड़ान

## प्याज की कीमतों को लेकर सतर्क हुई सरकार

# निर्यात पर लगा दी पाबंदियां

**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने देश से प्याज के निर्यात पर पाबंदियां लगा दी है। सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और इसकी कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी का भारी-भरकम शुल्क लगा दिया गया है, जो इस साल के अंत तक प्रभावी रहने वाला है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर शनिवार की शाम अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में कहा गया कि सरकार ने प्याज के निर्यात पर 31 दिसंबर तक के लिए 40 फीसदी का शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। सरकार ने प्याज के निर्यात पर यह पाबंदी ऐसे समय लगाई है, जब टमाटर के बाद प्याज के भाव आसमान छूने की आशंकाएं जताई जा रही थी। ऐसा कहा जा रहा था कि सितंबर से प्याज की कीमतें चढ़ने लगेंगी और आम लोगों को महंगाई के नए झटके देगी।

# राहुल ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक दौड़ाई



**लेह**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख की यात्रा पर हैं। कांग्रेस नेता की बाइक राइड करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को लेह शहर से सुरम्य पैंगोंग झील तक अपनी केटीएम 390 ड्यूक बाइक दौड़ाई। इस दौरान राहुल गांधी का अंदाज एकदम अलग नजर आया। राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पैंगोंग झील जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। राहुल ने लेह, लद्दाख और पैंगोंगत्सो के हैशटैग का भी इस्तेमाल किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत की रखी आधारशिला : भूपेश

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 20 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। राजीव गांधी को याद करते हुए बघेल ने कहा है कि राजीव जी ने 21 वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखी। देश में कम्प्यूटर क्रांति और सूचना क्रांति लाने का श्रेय राजीव जी को जाता है। कम्प्यूटर के जरिए शासकीय काम-काज में पारदर्शिता आई और ई-प्रशासन के माध्यम से आमजन तक शासकीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई। वास्तव में राजीव जी आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली। उन्होंने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को 18 साल में मतदान का अधिकार दिलाया। उन्होंने देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया। राज्य सरकार द्वारा ''राजीव युवा मितान क्लब'' के जरिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को रचनात्मक सांस्कृतिक गतिविधियों खेल-कूद आदि से जोड़ा जा रहा है।

## सीमा विवाद — भारत व चीन में मेजर जनरल स्तर की हुई वार्ता

# लद्दाख में गतिरोध दूर करने की हो रही कोशिश


- 14 अगस्त को हुई थी कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में गतिरोध दूर करने को दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) और चेसुल क्षेत्रों में मेजर जनरल स्तर की वार्ता की। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने किया। यहां लद्दाख के देपसांग स्थित मैदान और डेमचोक क्षेत्र में जारी गतिरोध को हल करने के लिए यह वार्ता आयोजित की गई थी।**

*सेना का कहना है कि बातचीत स्पष्ट और व्यावहारिक माहौल में हुई। दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक, रचनात्मक और गहन चर्चा की। नेतृत्व द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुरूप, उन्होंने खुले और दूरदर्शी तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता हुई थी। सोमवार 14 अगस्त को दोनों देशों की बीच हुई कोर कमांडर स्तर की बातचीत का यह 19वां दौर था। इस वार्ता में पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले क्षेत्र में सैनिकों की वापसी और तनाव को कम करने पर चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक क्षेत्र को लेकर चर्चा की। भारत व चीन के बीच हुई यह बैठक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के भारतीय हिस्से में चुशूल-मोल्डो सीमा बिंदु पर हुई। मई 2020 में गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों सेनाएं पैंगोंग त्सो, गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से विस्थापित हो गई हैं, लेकिन देपसांग के मैदानी क्षेत्र और डेमचोक में तनाव बना हुआ है। देपसांग और डेमचोक के संबंध में दोनों पक्ष कोई खास प्रगति करने में विफल रहे थे।*

***लगभग तीन साल से टकराव की स्थिति***

*लगभग तीन साल से यहां भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव की स्थिति हैं। हालांकि इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों वापसी सुनिश्चित की है। इकसे बावजूद देपसांग और डेमचोक में अभी भी तनाव कायम है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर समझौतों का उल्लंघन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन करने के बाद पूर्वी लद्दाख में तनाव पैदा होने के बाद कोर कमांडर स्तर की वार्ता 2020 में शुरू की गई थी। भारत ने डी-एस्केलेशन की मांग की है, इसमें सभी अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को एलएसी के अग्रिम क्षेत्रों में अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस ले जाना शामिल है। लेकिन चीन की ओर से अभी तक इसके लिए कोई झुकाव नहीं दिखा है। वह मौजूदा होल्डिंग पोजीशन को नई यथास्थिति के रूप में मानना चाहता है।*


प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. श्री भूपेश बघेल का
आज 20 अगस्त को महासमुन्द की धरा में
आगमन पर हार्दिक स्वागत...अभिनंदन...
मान. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री छ.ग.शासन
मान. विनोद सेवनलाल चन्द्राकर
संसदीय सचिव छ.ग. शासन

# साहित्य

साक्षात्कार

# कला किसी की बपौती नहीं है

## छायाकार राजकिशन नैन से अशोक बैरागी की बातचीत

**एक जमाने में 'धर्मयुग', 'सारिका', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'कादम्बिनी', 'रविवार' और 'मनोरमा' जैसी सुविख्यात पत्रिकाओं में राजकिशन नैन के सचित्र लेख और फोटो फीचर वर्षों तक निरंतर प्रकाशित हुए हैं। गाँव की भाषा, संस्कृति, रहन-सहन और कृषि संस्कृति की जड़े इनके भीतर में बहुत गहरे तक समाई हुई हैं। गाँव की नैसर्गिक संपदा से ओतप्रोत इनके अधिकांश चित्र लोग-बाग, पशु-पखेरू, बाग-बगीचों, खेत-खलिहान और पर्व-त्योहार से जुड़े हैं। इनके खूबसूरत चित्र देखकर हर कोई आह्लाद से भर उठता है। प्रस्तुत है, उनकी फोटोग्राफी कला पर हुई बातचीत के संपादित अंश।**

■ अशोक बैरागी

■ **अशोक बैरागी- गाँव-देहात और उसकी संस्कृति से जुड़े अनगिनत चित्र आपने खींचे हैं। एक सुन्दर चित्र को आप कैसे परिभाषित करेंगे?**

**राजकिशन नैन** - प्रकृति की गोद में बसे गँवई-गाँव के मनभावन सौंदर्य में जो अपूर्व कशिश है, उसे लाख चाहकर भी कैमरे की परिधि में नहीं लाया जा सकता। गँवई चित्रों में जो अनुपम लयात्मकता है, उसे शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता। पर चूँकि बचपन से ही गाँव मेरे उपास्य रहे हैं, इसलिए मेरे चित्र वहीं की आँचलिक गरिमा को दर्शाते हैं। सुंदर चित्र को हमारे जीवन की तरह विराट और जीवंत होना चाहिए।

■ **अशोक बैरागी - आप गाँव से होकर भी कला के इस मुकाम तक कैसे पहुँचे?**

**राजकिशन नैन** - कला किसी की बपौती नहीं है। अपनी मेहनत और अभ्यास के बूते पर गाँव या शहर का कोई भी व्यक्ति कला के काम में पारंगत हो सकता है। छायांकन कला के प्रति गहन अभिरुचि, घुमक्कड़ी का चाव और देहाती दुनिया का अद्भुत, अनखुला और अनचीह्ना आकर्षण मुझे यहाँ तक खींच लाया है।

■ **अशोक बैरागी - गाँव में शुरू-शुरू में आपने किन विषय के चित्रों पर हाथ आजमाया?**

**नैन साहब** - जहाँ तक मुझे याद पड़ता है कि अपना पहला चित्र मैंने गाँव की एक पनिहारी का खींचा था, जो हमारे गाँव के बूढ़े कुएँ के पारछे में खड़ी हुई डोल से पानी खींच रही थी। तदुपरांत मैंने एक ग्वाले का चित्र खींचा था, जो गाय का दूध दुहने के बाद बछड़े को उसकी माँ के थन चुँघा रहा था। उन्हीं दिनों मैंने हमारे गाँव के रौळी सरोवर में भैंस की पूँछ पकड़कर तैरते हुए कुछ बच्चों के चित्र भी खींचे थे।

■ **अशोक बैरागी - आपने जीवन में पहली बार कैमरा कब पकड़ा? वह कौन-सा कैमरा था?**

**नैन साहब** - सन् 1971 के जून माह में मैंने कैमरा पकड़ा। तब मैंने शिमला स्थित तारादेवी नामक जगह को बेस बनाकर पहाड़ी परिवेश के चित्र खींचे थे। कैमरा क्लिकथर्ड था

■ **अशोक बैरागी - सुंदर चित्र खींचने के लिए किस तरह के कौशल की जरूरत पड़ती है?**

**नैन साहब** - सच बात तो यह है कि अच्छे चित्र के लिए प्रकाश और छाया के अंतर को समझने और उनके अनुरूप खास अवसरों को पकड़ने का सतत अभ्यास करना पड़ता है। विद्या और हुनर की तरह फोटोकारी की कला भी संयोग, लगन और धैर्य से हमारे जेहन में आती है। जबकि जल्दबाजी से बना बनाया काम बिगड़ता है।

■ **अशोक बैरागी - आपने छायांकन के लिए गाँव को ही क्यों चुना? जबकि चित्रों से जुड़ी बहुत सारी बढ़िया चीजें तो नगरों और शहरों में भी खूब मिलती हैं?**

**नैन साहब** - मैं बड़भागी हूँ कि मेरे जैसे गँवई व्यक्ति को सर्वोच्च सत्ता ने देहाती दुनिया की फोटोग्राफी के लिए चुना। जहाँ तक तुम्हारे सवाल की बात है, आँखें खोलने के बाद मैं गाँव की बेपनाह खूबसूरती, पुरखों के पारंपरिक और श्रमसिक्त संस्कारों की वजह से जिंदा हूँ। ग्रामधरा की सोहन संस्कृति के सुंदर चित्र उतारने की लालसा मुझमें बचपन से ही है। गाँव को बिसारकर मैं एक क्षण के लिए भी जीवित नहीं रह सकता।

■ **अशोक बैरागी - आपका खींचा हुआ पहला फोटो किस पत्रिका में छपा था और वह किसका चित्र था?**

**नैन साहब** - मेरा पहला फोटो दो वृद्धों का चित्र था, जो 'जूम फोटो% नामक अंग्रेजी पत्रिका में 15 जून, सन् 1981 में छपा था। इस पत्रिका का संपादन अपने जमाने की मशहूर शख्सियत सादिया देहलवी करती थी।

■ **अशोक बैरागी - आजकल डिजिटल और मिरर लैस कैमरों का बोलबाला है। बाजार में उनके आने से फोटोग्राफी की विधा में क्या बदलाव आए हैं?**

**नैन साहब** - डिजिटल कैमरों के आने से तकनीक के बदलाव में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। वक्त के साथ कैमरे बदलते रहे हैं। सबसे पहले इंग्लैंड से कैमरे आए। इसके बाद कैमरे जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका से आयातित होने लगे। इस तरह एक के बाद एक बदलाव होते रहे। नयी तकनीक और नए कैमरे फोटोग्राफी की विधा के लिए बेहद अनुकूल और उपयोगी हैं। इस विधि से फोटो का जटिल काम बहुत सहज और सुगम हो गया है। इस विज्ञान के आने से एक सेकंड के हजारवें हिस्से में फोटों खींचकर दुनिया के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुँचायी जा सकती है। हमारे रोजमर्रा के कार्यों में इस प्रविधि का जो प्रसार हुआ है, वह स्वागत योग्य है।

■ **अशोक बैरागी - आपने तस्वीरें खींचते समय किस तरह के जोखिम उठाए हैं?**

**नैन साहब** - देखिए, सुंदर चित्रों के लालच में मुझे कई बार मौत तक के जोखिम उठाने पड़े हैं। फोटोग्राफी मेरी अस्मिता और मेरे अस्तित्व की सबसे बड़ी पूँजी है। सुंदर चित्रों की चाह में मुझे कदम-कदम पर विपरीत परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। डीग (भरतपुर) राजस्थान के किले की फोटोग्राफी करते हुए मैं साठ फुट गहरे कुएँ में जा गिरा था। एक बार फूलों की घाटी की ओर जाते हुए एक ग्लेशियर से फिसलकर मैं अलकनंदा नदी में डूबते-डूबते बचा था। सांपों, बिच्छुओं, कानखजूरों, कछुओं, मधुमक्खियों, भिरड़ों और तत्तियों आदि से भी मेरा सामना होता रहता है। बाहरी प्रदेशों में काम करते समय कई ऐसे डरावने हादसों से गुजरना पड़ा है, जिन्हें याद करके आज भी शरीर में सिहरन दौड़ जाती है। मेरी दिली इच्छा है कि इस संसार से जाते समय मेरे हाथ में कैमरा हो तथा घर से दूर कहीं चित्र खींचते हुए मौत एकाएक मुझे अपने आगोश में ले ले।

■ **अशोक बैरागी - कला का काम करने की एवज में जो सम्मान-पुरस्कार वगैरह मिलते हैं, उनके बारे में आपकी क्या राय है?**

**नैन साहब** - किसी भी सम्मान की बनिस्पत मेरे काम की अहमियत ज्यादा है। पुरस्कारों की अपनी राजनीति है। मूल्यहीन राजनीति के इस दौर में सच्चे कलाकार को अपने काम की एवज में सम्मान की इच्छा रखना बेमानी है। कलाकारों से सम्मान के लिए फार्म भरवाने जैसी कागजी औपचारिकताएँ पूरी करवाना उनका और उनकी कला का गला घोटने के समान है। मेरा मानना है कि कला से जुड़े खास लोगों के काम को भावी पीढ़ियों के लिए संग्रहित, संरक्षित और प्रदर्शित करके भी उनका कद बढ़ाया जा सकता है।

■ **अशोक बैरागी - आजकल अखबारों और पत्रिकाओं में कलात्मक चित्रों के लिए कितनी गुंजाइश है?**

**नैन साहब** - पहले तमाम अखबारों में चित्रों के लिए भरपूर जगह रहती थी लेकिन अब अखबारों में वैसे चित्र नहीं छपते। चित्रों को अधिकाधिक स्थान देने वाली तमाम पत्रिकाएँ कभी की बंद हो गई। मोबाइल में कैमरे आने के बाद कला छायांकन का काम संकट में पड़ गया है। मोबाइल फोटोग्राफी के अनियंत्रित विस्तार ने उत्कृष्ट एवं कलात्मक छायांकन को एक बारगी ही हाशिये पर धकेल दिया है। अब कला मिशन न होकर व्यवसाय बन गई है किंतु मेरी दृष्टि में कला व्यवसाय की वस्तु नहीं है। दरअसल यह हमारी सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आत्मिक सुख के लिए है।

एकांकी

## पनीर लेते आना

■ डॉ. रीना सिंह

पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, हां बोलो।
पति- कहां हो ?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं। बोलो क्यों फोन किया?
पति- श्यामनाथ फूफा का फोन आया था।
पत्नि- कौन श्यामनाथ फूफा?
पति- वहीं जिनका बेटा अमेरिका में इंजीनियर है।
पत्नि- हां तो क्या बोले?
पति- बोले किसी काम से मुंबई आ रहे हैं। हमारे यहां तीन-चार दिन रुकेंगे।
पत्नि- क्या? हेलो, हेलो, हेलो..
पति- हेलो, हां आवाज नहीं आ रही क्या?
पत्नि- हेलो, हेलो, हेलो..
पति- मुझे आ रही है तुम्हारी आवाज। फूफा आ रहे हैं सुनाई दिया। उनका खाना बना देना।
पत्नि- हेलो, हेलो।( फोन कट )
पति- अरे कट हो गया! फिर लगाता हूं।
पति- हेलो, हेलो, हेलो
पत्नि- हेलो, हेलो।( फोन कट )
(शाम को सात बजे पति फूफा के साथ लिफ्ट में आते हुए)
पति- ट्रेन लेट हो गई थी?
फूफा- हां एक स्टेशन पर डेढ़ घंटा रुक गई।
पति- कोई बात नहीं। आप आराम से यहां रुकिए। अच्छा लगता है। नहीं तो कितने सालों तक मुलाकात ही नहीं होती।
फूफा- हां आजकल सभी की व्यस्तताएं बढ़ गई हैं।
(पति दरवाजे की घंटी बजाता है। 16 वर्षीय लड़का सोहम दरवाजा खोलता है।)
पति- फूफा जी के पैर छुओ।
सोहम- प्रणाम फूफा जी।
फूफा- खुश रहो।
पति- मां कहां है?
सोहम- उनकी तबीयत ठीक नहीं है। सोई हैं।
पति- फूफा जी आप बैठिए मैं देखता हूं।
फूफा- बेटा रहने दो, बहू को आराम करने दो।
(पति बेडरूम से वापस लौटता है।)
पति- सोहम बाजार से खाना मंगा देना, पर्स में पैसे हैं ले लेना।
सोहम- जी पापा।
(दूसरे दिन सुबह आठ बजे)
फूफा- बेटा मैं निकलता हूं। आज ही अचानक से बुला लिया है मैनेजर ने। उनसे मिलकर आ जाऊंगा।
पति- ठीक है फूफा, मैं इंतजार करूंगा, प्रणाम।
( श्यामनाथ लौटकर नहीं आते। दो हफ्ते बादज.)
पति- हेलो।
पत्नि- हेलो, बोलो।
पति- कहां हो?
पत्नि- कहां रहूंगी इस वक्त, घर पर ही हूं ।
पति- तुम्हारे दिल्ली वाले भैया का फोन आया था, आज शाम को आ रहे हैं।
पत्नि- सच! सुनो थोड़ा जल्दी आ जाना और आते समय एक किलो काजू कतरी और आधा किलो पनीर लेते आना।

ग़ज़ल

## मैं ख्याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है

■ सलीम कौसर

मैं ख़याल हूँ किसी और का मुझे सोचता कोई और है
सर-ए-आईना मिरा अक्स है पस-ए-आईना कोई और है

मैं किसी के दस्त-ए-तलब में हूँ तो किसी के हर्फ़-ए-दुआ में हूँ
मैं नसीब हूँ किसी और का मुझे माँगता कोई और है

अजब एतिबार ओ बे-एतिबारी के दरमियान है ज़िंदगी
मैं क़रीब हूँ किसी और के मुझे जानता कोई और है

मिरी रौशनी तिरे ख़द्द-ओ-ख़ाल से मुख़्तलिफ़ तो नहीं मगर
तू क़रीब आ तुझे देख लूँ तू वही है या कोई और है

तुझे दुश्मनों की ख़बर न थी मुझे दोस्तों का पता नहीं
तिरी दास्ताँ कोई और थी मिरा वाक़िआ कोई और है

वही मुंसिफ़ों की रिवायतें वही फ़ैसलों की इबारतें
मिरा जुर्म तो कोई और था प मिरी सज़ा कोई और है

कभी लौट आएँ तो पूछना नहीं देखना उन्हें ग़ौर से
जिन्हें रास्ते में ख़बर हुई कि ये रास्ता कोई और है

जो मिरी रियाज़त-ए-नीम-शब को 'सलीम' सुब्ह न मिल सकी

संदर्भ : 21 अगस्त, अफ़साना निगार इस्मत चुग़ताई का जन्मदिवस

# एक आज़ाद ख्याल अफ़साना निगार

■ ज़ाहिद ख़ान

समूचे भारतीय उपमहाद्वीप में इस्मत चुग़ताई का नाम किसी तआरुफ़ का मोहताज नहीं। वे जितनी हिंदोस्तान में मशहूर हैं, उतनी ही पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी। उनके चाहने वाले यहां भी हैं और वहां भी। आज भी उर्दू और हिंदी दोनों ही ज़बानों में उनके पाए की कोई दूसरी कथाकार नहीं मिलती। इस्मत चुग़ताई ने उस दौर में स्त्री-पुरुष समानता और इन दोनों के बीच ग़ैर बराबरी पर बात की, जब इन सब बातों पर सोचना और लिखना भी मुश्किल था। अपने ही घर में मज़हब, मर्यादा, झूठी इज़्ज़त के नाम पर गुलाम बना ली गई, औरत की आज़ादी पर उन्होंने सख़्ती से क़लम चलाई। उन्होंने उन मसलों पर भी क़लम चलाई, जिन्हें दीगर साहित्यकार छूने से भी डरते और कतराते थे। इस्मत चुग़ताई के लेखन में धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता का हमेशा ज़ोर रहा। अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता, साम्प्रदायिकता, सामंती प्रवृतियों, वर्गभेद और जातिभेद का उन्होंने ज़मकर विरोध किया।

इस्मत चुग़ताई का दौर, वह ज़माना था जब उर्दू अदब में सआदत हसन मंटो, कृश्न चंदर, राजिंदर सिंह बेदी, ख़्वाजा अहमद अब्बास जैसे चमकदार लेखक अपनी लेखनी से हंगामा बरपाए हुए थे। इन सबके बीच अपनी जगह बनाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन इस्मत चुग़ताई ने न सिर्फ़ इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि अपनी एक अलग पहचान भी बनाई। उनकी सोच अपने समय से काफ़ी आगे थी। लिहाफ़' वह कहानी है, जिसने इस्मत चुग़ताई को एक साथ शोहरत दी, तो बदनामी भी। महिलाओं के बीच समलैंगिकता के बोल्ड मुद्दे पर लिखी गई यह हंगामेदार कहानी, उस दौर की मशहूर पत्रिका 'अदबे लतीफ़' में शाया हुई। उसी वक़्त इस्मत चुग़ताई का एक अफ़साने का मजमूआ आ रहा था, तो यह कहानी किताब में भी छप गई। परंपरावादी मुस्लिम समाज इस कहानी को पढ़कर भड़क उठा। कुछ आलोचकों और शुरफ़ा (शरीफ़ों) ने बरतानिया हुकूमत का तवज्जोह इस कहानी की तरफ़ कराया और सरकार से मांग की, ''कहानी नैतिकता के ख़िलाफ़ है, लिहाज़ा सरकार इस कहानी को ज़ब्त कर ले।''



बहरहाल, कहानी के ख़िलाफ़ अख़बारों—मैगज़ीनों में मज़मून निकले और अदबी और ग़ैर अदबी महफ़िलों में इस पर गर्मा—गर्म बहसें होतीं। इस अफ़साने की मुख़ालफ़त में पत्रिका के एडिटर और ख़ुद उनके पास इतने ख़त आए कि एक वक़्त, तो वे और उनके पति शाहिद लतीफ़ परेशान हो गए।

फ़हाशी (अश्लीलता) के इल्ज़ाम में मंटो और इस्मत चुग़ताई दोनों पर अदालत में मुक़दमे चले। यहां तक कि उन दोनों की गिरफ़्तारी भी हुई। लाहौर की अदालत में जब इनके मामले की सुनवाई होती थी, तो इन दोनों को देखने के लिए कॉलेजों के तालिब—ए-इल्म टोलियां बांध-बांधकर आते थे। बहरहाल यह मुक़दमा, अदालत में नहीं टिक सका। मंटो और इस्मत चुग़ताई इस मुक़दमे से बाइज़्ज़त बरी हो गए। कहानी 'लिहाफ़' के बारे में ख़ुद इस्मत चुग़ताई क्या सोचती थीं, पाठकों के लिए यह जानना भी बड़ा दिलचस्प होगा। जब इस कहानी के बारे में उर्दू के एक अदीब एम. असलम, जो कई किताबों के लेखक थे, से उनकी बहस हुई, तो चुग़ताई ने उन्हें यह कहकर लाजवाब कर दिया,''मुझे कभी किसी ने नहीं बताया कि 'लिहाफ़' वाले मौज़ू पर लिखना गुनाह है। न मैंने किसी किताब में पढ़ा कि इस मर्ज़ या लत के बारे में नहीं लिखना चाहिए। शायद मेरा दिमाग़ अब्दुर्रहमान चुगताई का ब्रश नहीं, एक सस्ता सा कैमरा है, जो कुछ देखता है, खट से बटन दब जाता है और मेरा क़लम मेरे हाथ में बेबस होता है। मेरा दिमाग़ उसे बरगला देता है। दिमाग़ और क़लम के क़िस्से में दख़लअंदाज़ नहीं हो पाती।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब %काग़ज़ी है पैरहन%, पेज-32-33)

कहानी 'लिहाफ़' के बाद इस्मत चुग़ताई ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। पत्रिकाओं में उनकी कहानियों की मांग बढ़ने लगी। पाठक उनकी कहानियों का इंतज़ार करते। जब-जब भी उनकी कहानियों पर एतराज़ उठते, कहानियों की मांग और भी बढ़ जाती। 'लिहाफ़' के प्रकाशन के बाद उनके आलोचकों ने तो उन्हें फ़ुहश—निगार (अश्लील लेखक) का तमग़ा दे दिया। उनके बारे में यह बातें फैलाई जाती कि वे जिंसियात पर ही लिखतीं हैं। लेकिन इस्मत चुग़ताई ने इन आलोचना की बिल्कुल परवाह न की। उन्होंने वही लिखा, जो अपने समाज में देखा। सच को सच और ग़लत को ग़लत कहने की हिम्मत इस्मत चुगताई के अंदर थी। वे यर्थाथवादी थीं।

कहानी 'चौथी का जोड़ा' और 'मुग़ल बच्चा' उनकी बेमिसाल कहानियां हैं। इस्मत चुग़ताई, औरतों को हर तरह की आज़ादी के हक़ में थीं। औरतों पर समाजी, मज़हबी बंदिशों की उन्होंने हमेशा मुख़ालफ़त की। इस्मत चुगताई ने अपनी कहानियों में औरत की आर्थिक गुलामी और मजबूरी पर हमेशा क़लम चलाई। उनका सोचना था,''एक लड़की अगर अपने वारिसों का सिर्फ़ इसलिए हुक्म मानती है कि आर्थिक तौर पर मजबूर है, तो फ़रमांबरदार नहीं, धोखेबाज़ ज़रूर हो सकती है। एक बीवी शौहर से सिर्फ़ इसलिए चिपकी रहती है कि रोटी-कपड़े का सहारा है, तो वह तवायफ़ से कम मजबूर नहीं। ऐसी मजबूर औरत की कोख से मजबूर और महकूम-ज़ेहनियत इंसान ही जन्म ले सकेंगे। हमेशा दूसरी तरक़्क़ीयाफ़्ता क़ौमों के रहमो-करम पर इक्तिफ़ा करेंगे। जब तक हमारे मुल्क की औरत मजबूर, लाचार, ज़ुल्म सहती रहेगी, हम इक़्तिसादी और सियासी मैदान में एहसास—ए-कमतरी का शिकार बने रहेंगे।''(इस्मत चुग़ताई- किताब 'काग़ज़ी है पैरहन',पेज-15)

इस्मत चुग़ताई को वतन की गंगा-जमुनी तहज़ीब से बेहद प्यार था। वतन की सांझा संस्कृति में वे अपनी भी हिस्सेदारी की बात करती थीं, ''मैं मुसलमान हूं, बुत—परस्ती शिर्क है। मगर देवमाला मेरे वतन का विरसा है। इसमें सदियों का कल्चर और फ़लसफ़ा समोया हुआ है। ईमान अलाहदा है, वतन की तहज़ीब अलाहदा है। इसमें मेरा बराबर का हिस्सा है। जैसे उसकी मिट्टी, धूप और पानी में मेरा हिस्सा है। मैं होली पर रंग खेलूं, दीवाली पर दिये जलाऊं, तो क्या मेरा ईमान मुतज़लज़ल हो जाएगा। मेरा यक़ीन और शऊर क्या इतना बोदा है, इतना अधूरा है कि रेज़ा-रेज़ा हो जाएगा।'' (इस्मत चुग़ताई-किताब 'काग़ज़ी है पैरहन',पेज-22)

इस्मत चुग़ताई ने 24 अक्टूबर, 1991 को इस दुनिया से विदाई ली। जाते-जाते भी वे दुनिया के सामने एक मिसाल छोड़ गईं। उनकी वसीयत के मुताबिक़ मुंबई के चंदनबाड़ी शमशान गृह में उन्हें अग्नि को समर्पित किया गया। एक मुस्लिम औरत का मरने के बाद, दफ़नाए जाने की बजाय हिंदू रीति रिवाजों से दाह संस्कार, सचमुच उनका एक आश्चर्यजनक और साहसिक फ़ैसला था। इस्मत चुग़ताई के इस फ़ैसले से उनके कुछ तरक़्क़ीपसंद साथी नाराज़ भी हुए। लेकिन चुग़ताई अलग मिट्टी की बनी हुई थीं, न तो वे अपने जीते जी कभी लीक पर चलीं और न ही मरने के बाद। इस्मत चुग़ताई की शानदार शख़्सियत के बारे में मंटो ने क्या ख़ूब कहा है, ''इस्मत पर बहुत कुछ कहा गया है और कहा जाता रहेगा। कोई उसे पसंद करेगा, कोई ना—पसंद। लेकिन लोगों की पसंदगी और ना—पसंदगी से ज़्यादा अहम चीज़ इस्मत की तख़्लीक़ी क़ुव्वत है। बुरी, भली, उरियां, मस्तूर जैसी भी है, क़ाइम रहनी चाहिए। अदब का कोई जुगराफ़िया नहीं। उसे नक़्शों और ख़ाकों की क़ैद से, जहां तक मुमकिन हो, बचाना चाहिए।'' (सआदत हसन मंटो-दस्तावेज-5, पेज 73)

## हाना

दूध के जरे ह महि ल फूंक के पीथे।
कोनो काम म नुकसान होय ले मनखे ह दूसर काम ल नुकसान होय के डर में सावधानी ले करथे तेखर बर ये कहावत ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. चिपचिपहा- पसीना, धूल धुआं या आंखी के मैल के कारण दृष्टि के धुंधलाने जैसा, चिपचिपा युक्त, लसदार।
2. चिपचिपाना- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद आने के कारण चिपचिपा लगना
3. चिपचिपाल- पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि धुंधलाया हुआ। चिपचिपाहटपन लिया हुआ
4. चिपचिपासी- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद लगने की क्रिया या भाव। पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि मिचमिचाने की क्रिया या भाव।
5. चिपटइया- पुड़िया बनाने वाला, संचित करने वाला।
6. चिपटई- पुड़िया बनाने या संचित करने की क्रिया या भाव
7. चिपटउनी- पुड़िया बनाने यांचित करने अथवा करवाने का खर्च या पारिश्रमिक
8. चिपटना-पुड़िया बनाना, संचित करना।
9. चिपटल- पुड़िया बना हुआ, संचित किया हुआ
10. चिपटहा- चिपटल।

## नागपंचमी के दंगल गायब

आजकल नागपंचमी आथे अउ चल देथे पता भी नइ चलय के कुछु तिहार आये। पहिली नाग पंचमी के पहिली ले ही पहलवान मन तैयारी करंय। जगह तय राहय। देखने वाला मन के भीड़ सकला जावय। आज कोई जगह न पहलवान दिखय अउ न दंगल के जगह दिखय।

प्राथमिक स्कूल के लइकामन अपन स्लेट म पेंसिल ले नाग सांप के फोटो बना के लेगंय। स्कूल म ब्लेकबोर्ड म शिक्षक मन नाग सांप के चित्र बनावंय अउ ओखर बाद पूजा होवय। अगरबत्ती फूल, दूध, दूबी अउ नारियल रखे जाये। सब लइकामन देखंय अउ शिक्षक ह बोर्ड म पूजा करय। ओखर बाद नारियल फोड़े जाये। सब लइका ल नारियल के प्रसाद मिलय। ओखर बाद छुट्टी हो जावय।

पौराणिक कथा के अनुसार जनमेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र रहिस हे। जब जनमेजय ह पिता के मृत्यु सांप के काटे के कारण होही ये बात ल जानिस त ओ ह बदला लेय बर सर्पसत्र नाव के यज्ञ करवाये बर सोचिस। नाग मन के रक्षा बर यज्ञ ल ऋषि आस्तिक मुनि ह रोक दिस। ये यज्ञ श्रावण महिना के शुक्ल पक्ष के पंचमी के दिन रखे गे रहिस हे। यज्ञ रोके के कारण नाग मन के रक्षा होगे। तक्षक नाग के बचे के कारण नाग वंश बच गे। आग के ताप ले नाग ल बचाये बर ऋषि ह ओखर ऊपर कच्चा दूध डाल दे रहिस हे।। तब ले नागपंचमी मनाये जाथे। तब ले नाग देवता ल दूध चढ़ाये के परंपरा शुरू होइस।

नाग पंचमी के दिन जेन नाग देवता के सुरता करके पूजा करे जाथे उंखर नाव हे अनंत, वासुकी, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट, शंख, कालिया और पिंगल प्रमुख हे। ये दिन घर के दरवाजे म सांप के 8 आकृति बनाये के परंपरा हे। हल्दी, रोली, अक्षत और फूल चढ़ा के सर्प देवता के पूजा करें जाथे। कच्चा दूध म घी और शक्कर मिला के नाग देवता के सुरता करके रखे जाथे।

सांप दूध नइ पियय फेर दूध काबर रखथे येखर कारण इही आये के यज्ञ के अग्नि ले ओखर शरीर.गर्म हो जथे तेन ल दूध डाल के ठंडा करे रहिन हें। सांप के पूजा के एक कारण अउ आये ये ह कृषि म मदद करथे। चूहा मन ल खा के खेत के फसल ल बचाथे।

काशी म नाग पंचमी के दिन अखाड़ा म कुश्ती लड़े के अउ जोड़ी-गदा फेरे के परंपरा हावय। इंहा हर बछर नागपंचमी के दिन कुश्ती दंगल होथे। अब महिला मन भी भाग लेथे। नाग पंचमी अउ अखाड़ा के सीधा सम्बंध के पता नइये। फेर येखर ले नागपंचमी के दिन रौनक रहिथे।

**सुधा वर्मा**

# सकल लोक जग पावनि गंगा

चले राम लछिमन मुनि संगा।
गए जहां जग पावनि गंगा।।

मोहो म परे खुरसी लोलुप देवराज इंद्र के इरखा जगजाहिर हे। गोठ त्रेताजुग के आय। राजा सगर हा पृथ्वी विजय के पाछू लोक मंगल के कामना करत जगा-जगा बड़े-बड़े यज्ञ करत रिहिस। एक महायज्ञ अश्वमेध के उदिम कर डरिस। इंद्र एला सुन के डर्रागे। ओकर मन म अपन कुर्सी जाय के आशंका हमागे। अश्वमेध यज्ञ के श्यामकरण घोड़ा ला चोरा के जंगल म तपस्या करत कपिल मुनि के आश्रम म कलेचुप लेग के बांध दिस।

राजा सगर के एक झन बाई केशी के बेटा असमंजस हा यज्ञ बेवस्था सम्हालत रिहिस त दूसर बाई सुमसि के साठ हजार बेटा मन अश्वरक्षा के भार सम्हालत रिहिस। घोड़ा के पीछू पीछू किंजरत महाराज सगर के बेटा मन यज्ञ के घोड़ा ला कपिल मुनि के आश्रम म बंधाये देख पारिन। अज्ञानता के सेती येमन कपिल मुनि ला उलटा सीधा कहत गारी गल्ला देवत ओकर बड़ अपमान करिन। सहत भर ले सहिस तहन कपिल मुनि हा श्राप दे दिस। राजा सगर के साठ हजार बेटा मन उही तिर जर के भस्म हो गिन। राजा सगर ला बहुत दुख होइस। शरणागत राजा अंशुमान हा सांख्य प्रणेता कपिल मुनि ला इंकर उद्धार के उपाय पूछिन। मुनि महराज बतइस- अनंत नाम रूप वाले भगवान विष्णु के चरणोदक गंगा ले ही भस्म होय तुंहर साठ हजार परिजन के उद्धार हो सकत हे। राजा सगर खुद अऊ ओकर पाछू के चार पीढ़ी असमंजस,अंशुमान, दिलीप अऊ भागीरथ हा भगवती गंगा ला कपिल मुनि के आश्रम तिर लाने बर घोर तप करिन। भगवान वामन के पांवतरी ले ब्रम्ह कमंडल म विश्राम करइया गंगा हा मानसरोवर म गनगन उतरिस... ओला सम्हाले के शक्ति अऊ काकरो म नइ रिहिस तब भगवान शिव ह अपन जटा म खुसेर लिस। शिव के जटा म गंगा अटकगे। जटा ले निकाले बर भागीरथ ह फेर घोर तपस्या म जुटगे। भगवान गंगाधर के आदेश मान के सकल लोक जग पावनि गंगा सर सर सर सर उतरे लगिस अऊ तीन धार म बंटा गिस। देवलोक म मंदाकिनी, पाताललोक म प्रभावती अऊ मृत्युलोक म सुरसरि गंगा नाव ले विख्यात होइस। विष्णुपदी गंगा के एक नाव भागीरथी गंगा घला हाबे। साठ हजार सगर पुत्र के उद्धार कर दिस भगवती गंगा हा। भारत के भुंइयां जेहा सुजलाम, सुफलाम शस्यश्यामला म हाबे तेहा माता गंगा के ही कृपा आय। भूख-प्यास, रोग-शोक आदि ब्याधि विनासिनी, पुण्य सलिला गंगाजी के शुभाशिर्वाद ओकर परछो पवइया ला जरूर मिलथे। अनगिनत जीव ला अपन धार के पवित्रता ले उद्धार कर दिस गंगा मइया हा।

विश्वामित्र जी के यज्ञ ला सम्पन्न कराये के पाछू यज्ञपुत्र लक्ष्मण के अग्रज राम हा जनक जी के धनुष यज्ञ देखे बर मिथिला के रद्दा म मुनि के आदेश ले चल परिस। राजकुमार मन के जिज्ञासा जान के विश्वामित्र जी हा सुरसरि गंगा के कथा बतावत किहिस के गंगा मइया हा भागीरथ के तपस्या ले धरती म उतरे हाबे-

चले राम लछिमन मुनि संगा
गए जहां जग पावनि गंगा
हिम गिरि गुहा एक अति पावनि
बह समीप सुरसरि सुहावनी
गाधिसून सब कथा सुनाई
जेहि प्रकार सुरसरि महि आई॥

महर्षि बाल्मिकी जी हा बनवासी राम ला गंगा अवतरण के कथा बतावत किहिस-अत्रि प्रिया अनुसुइया देवी हा अपन तपस्या के बल म सुरसरि के धार मंदाकिनी गंगा ला चित्रकूट तक ले आनिस। जेकर महिमा जम्मो गाथे-

नदी पुनीत पुरान बखानी
अत्रि प्रिया निज तप बल आनी
सुरसरि धार नाम मंदाकिनी
जो सब पातक पोतक डाकिनी
सब सर सिंधु नदी नद नाना
मंदाकिनी कर करहिं बखाना।

मंगलमूल जग पावनी गंगा ला धरती म अवतरण कराये बर अऊ प्रकटाये बर कतको साधक मन पुण्य स्पर्धा म लगे रिहिन। देवी गिरिजा के गंगावतरण के साधना उपक्रम इही तारतम्य म जाने लइक हे। महासती गिरिजा के विशेष आराधना ले जे गंगा प्रकट होइस तेकर नाव रामकथा जग पावनि गंगा हे। जेहा भगवान शंकर के मानस म रचे बसे रिहिस। श्रद्धा विश्वास संग तुलसीदास के उपासना सफल होइस अऊ राम कथा जग पावनि मानस गंगा के नाव ले धरती म आजो बोहावत हे। ये गंगा सबो के हितवा पिरितवा आय-

रचि महेश निज मानस राखा
पाइ सुखमय शिवा सम भाखा
पूछेउ रघुपति कथा प्रसंगा
सकल लोक जग पावनि गंगा
सोइ वसुधा तल सुधा तरंगिणी
साधु बिबुध कुल हित गिरिनंदिनी

तुलसीदास जी के विश्वास रिहिस। राम के कथा जेहा शिव मनमानस गंगा आय तेकर ले सबो के भला होही- सुरसरि सम सब कर हित होई। ये गंगा क` बड़का मोटहा धार भकित आय - राम भक्ति जहं सुरसरि धार। ये गंगा के लहर म साधक के मन हंस कस किलोल करत सुख पाथें-

> कर्म ज्ञान भक्ति अऊ प्रेम के अनूठा उदाहरण ला राम कथा के संग लाने हे तुलसी दास जी हा। आज ओकरे सेती समाज म विद्वेष द्रोह ले मुक्त होय के सोंच काम करत हे। आध्यात्मिक ज्ञान अऊ भौतिक विज्ञान के उपयोग करइया समाज हमेशा सुखी अऊ समुन्नत रहिथे। विकासशील भारत ला इही ध्येय के तिर म अमराये के श्रेय मानस गंगा के भागीरथ तुलसीदास ला जाथे।

सेवक मन मानस मराल से,
पावन गंग तरंग माल से।

मनखे के मन के कलुष मेटा के ओकर हिरदे ला पवित्र करे के अद्भुत शक्ति हे महिमामयी लोकहितकारी श्रीराम कथा गंगा म। येहा जम्मो किसिम के आनंद मंगल देवइया घला आय। तुलसीदास जी कहिथे-मोर राम के कथा मंगल करनि कलिमल हरनि। आय संगे संग राम कथा हा कलुष निकंदिनी घला आय-

नदी पुनीत सुमानस नंदिनी
कलिमल तृन तरू मूल निकंदिनी
कथा सो सकल लोक हितकारी
जन मंगल गुन ग्राम राम के
सुनत सकल मुद मंगल देनी।।

विष्णु पदी भगीरथ गंगा तो मज्जन पान करे के पाछू पाप ला धोथे,लेकिन तुलसी के राम कथा गंगा हा कहे सुने अऊ मनन करे म मन के कसाय कलुष ला धो देथे। साधक ला उंकर अविवेक रूपी पाप ले मुक्त करा देथे-

देव दनुज किन्नर नर श्रेणी।
सादर मज्जहि सकल त्रिवेणी।।
मज्जन पान पाप हर एका कहत सुनत एक हर अविवेका।।

राजा सगर के भागीरथ के गंगा के दर्शन, मज्जन पान के पुण्य लाभ समय, धन शक्ति संग सामर्थ के योग बने म सम्भव होथे फेर हुलसी के भागीरथ तुलसी के मानस गंगा तो- सबहिं सुलभ सब दिन सब देसा आय। पुण्यभूमि भारत के एक निश्चित भुंइयां म बोहावत हे भागीरथ के गंगा हा फेर तुलसी के मानस गंगा हा दुनिया के चारों मुड़ा म प्रवाहित होवत हे।

भगवान शिव हा माता पार्वती ला देवभाखा म रामकथा ला सुनइन। संस्कृत वांगमय हा ज्ञानी अऊ परम विवेकी याज्ञवल्क अऊ भारद्वाज के बीच राम कथा कहे सुने के माध्यम रिहिस। महर्षि कागभुसुंड अऊ पक्षीराज गरूड़ के राम कथा गायन के अपन भाखा रिहिस। खग जाने खग की ही भाषा। मतलब ये के देवता मुनि चिरई चिरगुन के भाखा हा जनोपयोगी सुगम बोध नइ रिहिस। फेर तुलसी दास हा भारत भुंइया के गांव म प्रचलित व्यवहरित ग्राम्य गिरा माने गांव के बोली-भाखा म राम कथा लेखन अऊ गायन करिन। तेकर सेती तुलसी के राम कथा गंगा हा झोपड़ी ले महल तक अपढ़ ले पढ़े-लिखे तक गांव ले शहर तक जंगल ले मैदान तक सबो ला पावन करत हे।

तइहा तइहा ले चले आवत वर्ग, वर्ण, जात - पात सम्प्रदाय के बीच म सामंजस्य के अभाव आजो दिखथे। मतभेद के सेती सबो आपस म झगरत रहिथन। फेर वर्तमान जुग के दुरभि संधि म निर्विघ्न अऊ सकुशल निभे निभाये बर सरलतम संकेत दे हाबे तुलसी दास जी हा। कर्म ज्ञान भक्ति अऊ प्रेम के अनूठा उदाहरण ला राम कथा के संग लाने हे तुलसी दास जी हा। आज ओकरे सेती समाज म विद्वेष द्रोह ले मुक्त होय के सोंच काम करत हे। आध्यात्मिक ज्ञान अऊ भौतिक विज्ञान के उपयोग करइया समाज हमेशा सुखी अऊ समुन्नत रहिथे। विकासशील भारत ला इही ध्येय के तिर म अमराये के श्रेय मानस गंगा के भागीरथ तुलसीदास ला जाथे।

**गजानंद प्रसाद देवांगन , छुरा .**

# छत्तीसगढ़ म पत्रकारिता के पुरोधा स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी

पुरखा के सुरता

आज के नवा छत्तीसगढ़ म पत्रकारिता के भीष्म पितामह के रूप म चिन्हारी रखइया पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी जब बाइस बछर के रहिन हे तभे बछर 1942 म केशव प्रसाद वर्मा जी संग मिल के समाचार पत्र के संपादन शुरू करे रिहिन हे।

मोर जिनगी म जे मन लेखन के रद्दा म अंजोर बगरावत डहर देखाय के बड़का उदिम करीन वोमा त्रिवेदी जी के घलो बड़का सहयोग हे। वइसे तो मैं अपन लेखक अउ शिक्षक सियान रामचंद्र वर्मा ल घर म लिखत-पढ़त देख के कागज-कलम डहार चेत करेंव, फेर एमा ठोसहा बुता एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय म जाए के बाद ही होइस।

एक दिन मैं एक लेख लिखेंव जेला आदरणीय स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी ल देखाएंव। वोला देख के उन खुश होगे, अउ वोमा कुछ काट-छांट कर के दैनिक समाचार के संपादकीय वाले पृष्ठ म छाप दे रिहिन हें. ए ह मोर जीवन के पहला प्रकाशन रिहिसे।

फेर मैं कविता कहानी तो पहिलीच के लिखत रेहेंव, भले वो मन कभू छपे नइ रिहिसे। आदरणीय त्रिवेदी के द्वारा मोर लेख ल छापे के बाद थोरिक हिम्मत बाढ़ीस, त फेर वो बखत दैनिक समाचार म साहित्य संपादक के रूप म काम करत हमर अंचल के प्रसिद्ध व्यंग्यकार रहे विनोद शंकर शुक्ल जी ल अपन कविता अउ कहानी मनला देखाय लगेंव। आदरणीय शुक्ल जी घलो वोमन ल सुधार-सुधार के दैनिक समाचार के साहित्यिक अंक मन म छाप देवत रिहिन हें।

तब तक मैं हिंदी म ही लिखत रेहेंव। ए ह संयोग के संगे-संग मोर बर सौभाग्य के बात आय के वो बखत अखबार म स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी अउ विनोद शंकर शुक्ल जी के संगे-संग टिकेन्द्रनाथ टिकरिहा जी घलो संपादकीय विभाग म रिहिन हें। पत्रकारिता के क्षेत्र म मोला त्रिवेदी जी प्रोत्साहित करीन अउ साहित्य लेखन डहार शुक्ल जी त छत्तीसगढ़ी लेखन खातिर टिकरिहा जी। एकरे मन के संगत ह मोर जीवन म गुरुकुल के बुता करीस।

स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी के जनम 1 जुलाई बछर 1920 म होए रिहिसे। उंकर सियान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. गया चरण त्रिवेदी जी रिहिन। त्रिवेदी जी के प्राथमिक शिक्षा रायपुर के नयापारा स्कूल म होए रिहिसे। जेला हमन सप्रे स्कूल के नॉव ले जानथन, वो ह तब लारी स्कूल के नाव ले जाने जाय, जिहां त्रिवेदी जी हाईस्कूल के शिक्षा पाइन।

त्रिवेदी जी अपन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सियान ले प्रभावित होके नान्हे उमर ले ही देश के आजादी खातिर रेंगइया मन के रद्दा धर लिए रिहिन हें। बछर 1935 ले उन साहित्य अउ पत्रकारिता म सक्रिय होगे रिहिन हें। हिन्दी साहित्य मंडल रायपुर के साहित्यिक पत्रिका 'आलोक' के उन संपादक बनीन। एकर आगू बछर उनला कांग्रेस के पत्रिका के संपादक चुन लेय गे रिहिस। बछर 1942 म केशव प्रसाद वर्मा जी के संग मिल के अग्रदूत के संपादन करे लगिन।

बछर 1954 ले त्रिवेदी जी मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग म चल दिए रिहिन, जिहां 1978 तक उच्चाधिकारी के रूप म बुता करत रिहिन। 1987 म शासकीय सेवा ले सेवानिवृत्त होए के पाछू फेर दैनिक समाचार म संपादक बनगे रिहिन अउ फेर अइसे किसम देखे जाय त त्रिवेदी जी अपन पूरा जिनगी कलम के साधना म मगन रिहिन। ए बखत उन पत्रकारिता के संगे-संग साहित्य सृजन घलो करत रिहिन। मैं उंकर कतकों कहानी अउ कविता मनला म पढ़त रेहेंव।

आदरणीय त्रिवेदी जी मोला गजब मया करंय। वइसे तो अखबार के कार्यालय म अबड़ झन कर्मचारी रेहेन। फेर उन सब मा मैं अकेल्ला रेहेंव जेकर संग उन छत्तीसगढ़ी भाखा म गोठियावंय। अइसने जब कभू अपन घर ले कोनो पत्र-पत्रिका आदि मंगवाना या पहुंचाना होवय, त मुहिच ल जोंगय। उंकर घर तब प्रेस ले पांच मिनट के रद्दा म ही रिहिस। बाद म मैं जानेंव, के उंकर बेटा के घलो नॉव मोरे असन 'सुशील' हावय। त मोला समझ आइस उंकर अतेक दुलार के कारण ह। आदरणीय त्रिवेदी जी के बेटा आज हमर छत्तीसगढ़ म वरिष्ठ साहित्यकार के रूप म प्रतिष्ठित हावंय- डॉ. सुशील त्रिवेदी जी, जे मन छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद ले सेवानिवृत्त होए हावंय। डॉ. त्रिवेदी जी संग घलो मोर मयारुक संबंध हे। उंकर संग जब कभू भेंट होथे त उन मोला नॉव ले के संबोधित नइ करंय, भलुक हमर छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार 'सहिनॉव' कहिथें।

स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी बछर 1935 ले ही साहित्य अउ पत्रकारिता के रद्दा म रेंगे लगे रहिन हें। 1935 म उन हिंदी साहित्य मंडल के गठन करे रिहिन हें। 1940 के दशक म हिंदी साहित्य सम्मेलन के साहित्य मंत्री रिहिन। वोमन हमर मन असन नवा पीढ़ी ल सरलग आगू बढ़े खातिर प्रोत्साहित करत रिहिन। बछर 1951 म हिंदी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन जबलपुर म होए रिहिसे, तब पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी ल अध्यक्ष अउ स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी ल प्रधानमंत्री चुने गे रिहिस।

स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी सरलग लिखत तो रिहिन हें, संग म छपत घलो रिहिन हें। कविता संग्रह के भूख, बरसों बाद भाषण के पौधे हरियाये, स्वराज गान अउ आदमी रहे न रहे बात रह जाती है, तीसरा किनारा आदि साहित्यिक कृति मन के प्रकाशन होय रिहिसे।

साहित्य अउ पत्रकारिता दूनों के रद्दा म त्रिवेदी जी के कलम जिनगी के अंतिम बेरा तक सरलग चलत रिहिसे। उन 11 जुलाई 2009 के ए नश्वर दुनिया ले बिदागरी ले के परमधाम के रद्दा धर लिए रिहिन हें। उंकर सुरता ल पैलगी जोहार।

**-सुशील भोले**
**संजय नगर रायपुर**

# धनिया बोना मुहावरा

सामान्य अर्थ के बोध नइ करा के विशेष अथवा विलक्षण अर्थ के बोध कराने वाला पदबन्ध ला मुहावरा कहिथे। मुहावरा भाषा में चमत्कार उत्पन्न करथे। देश,काल अउ वातावरण के अनुसार मुहावरा बनत रहिथे। अभी एक नवा मुहावरा प्रचलन म हवय- 'धनिया बोना'। सामान्य अर्थ मा धनिया बोये के मतलब धनिया के खेती करे ले हवय फेर मुहावरा के रूप मे प्रयोग करे ले धनिया बोये के कई अर्थ निकलथे। मुहावरा के रुप म येकर प्रयोग देखव -

रा ह लेले आवत हवं वोकर धनिया बोहूं ना तब समझ म आही (ऐसी तैसी करना)। सत्ता म आके 5 बछर ले इन खूब इतराय हे। ये दारी इंकर 'धनिया बोना' हावय (सबक सिखाना) अतका सुग्घर क्यारी बनाय रहेंव टूरा मन पूरा धनिया बो के धर दिस (तहस नहस करना)।

फसल कटने वाला रहिस फेर पानी गिरगे, गय गा धनिया बोवागे (खराब होगे) रेलवे वाले मन तो ट्रेन के धनिया बो दे हे (ट्रेन के कोई समय नइ हे) तोर कहूं धनिया नइ बोहूं ना ता तैं मोर नाम बदल लेबे।

**अजय अमृतांशु, भाटापारा**

# राजनीतिज्ञ के आत्मकथा

बियंग

मेंहा कुछु भी करथंव या कुछु भी गोठियाथंव। जम्मो झन मोला राजनीति करत हस कहिथे। मैं ह राजनेता अंव राजनीति नइ करिहंव त काय करहूं। न मोला कुदारी धरे ला आय न रापा कलम ह मोर हाथ म फबय निही। पढ़े-लिखे हंव फेर नौकरी लाइक योग्यता नइहे। अतके पढ़े हंव के दादागिरि,चमचागिरि, बईमानी अऊ धोखाधड़ी बहुत आसानी से कर लेथंव। चाहे जनता रोज कतको गारी बखाना करय। उंकर ले लुकाय अऊ तोपे बर जे करथंव तिहि ला लोगन राजनीति के नाव दे देथे। जनता अऊ पुलुस ले बांचे बर अऊ काय करवं? इंकर चक्कर ले निजात पाय बर तो राजनीति म खुसरेच ला परथे। अब तुंही मन बतावव अइसन बुता के पाछू राजनीति म नि रइहूं त पुलुस मोला धांध नइ दिही का? जनता मोला जियन दिही? सरी दुनिया हा अपन पेट बिगारी बर कुछ न कुछ करथे। महू ओकरे बर करथंव। नइ करहूं त कोन फोकट म खाय बर दिही? एक बात अऊ ... ये जम्मो बुता काम कके के पाछू दूसर जगा म सुरक्षित रहि सकतेंव त एमा काबर आतेंव? गऊकिन! मोला समझ नइ आय लोगन काबर मोर आलोचना करत फिरत रहिथे? जनता के आलोचना समझ आथे फेर जे खुदे उही हमाम म बुड़े नंगरा खुसर के पगुरात हे तहूमन मोला राजनीति करत हे कहिके घेरी बेरी हुदेलत कोचकत बखानत रहिथे। राजनीति करना ह बुरा काम आय का तेमा अऊ यदि बुरा काम आय त मोला राजनीति करत हे कहवइया मन काबर खुदे उही म निंगे तऊरत डफोरत हे?

कोन्हो भूख म मरगे तभो हम कुछ कहि नइ सकन। कुछ भी कहिबो तहन राजनीति करत हे कहिके झंझेटथें। जे मरगे तेकर घर के मन ला न्याव देवाना हमर कर्तव्य नोहे का? जे मारिस तेला बचाना घला हमरे धरम आय। येमा कति मेर राजनीति हे तेमा? कोन्हो अपमान पाके जियत हे, कोन्हो सम्मान पाके मरत हे, येहू ला कहि देथन तहन त राजनीति करत हे कहिके हमर सातों पुरखा म पानी रितोय ला धरथे। काकरो समस्या उचा नइ सकन, कोन्हो ला का उचाबो? हम ननपन ले बबा-ददा ला राजनीति के सागर म डुबकी लगावत डफोरत देखे हन हमू ओकरे सेती राजनीति म आय रेहेन फेर ओमा बात बात म राजनीति करत हे कहिके हमर दिल ला अतका दुखा देथे के हम राजनीति म राजनीति करे बर मजबूर हो जाथन। हम जानत हन येमा कतका का हे। अपन जिनगी संवारे बर अऊ अपन लइका लोग के भविष्य बनाय बर हम राजनीति म खुसरे हन। त काबर राजनीति नइ करबोन? पांच बछर म पचास बछर बर सरग बनाय के ताकत केवल अऊ केवल इही धंधा म हे त हम काबर छोंड़बो? हम योग्य रहितेन त दूसर बुता नइ करतेन गो काबर येमा आतेन अऊ सुनतेन?

राजनीति ले जादा पबरित बुता काय आय तुंही मन बोलव भलुक? काकर घर काय होवइया हे, कोन कतका दुख म परे हे? कोन गांव शहर म काय समस्या हे? इही सबो के जानकारी राखना अऊ ओला उजागर करके ओकर समाधान बर पहल करना हा बने बुता नोहे का? कोन-कोन हमर रहत ले सुख म जियत हे, कति गांव काकर सेती समस्याविहीन बनिस ते बात मन ठीक थोरेन आय तेमा? सत्ताधारी हा लोगन ला मुसेट के अकेल्ला अपन थोंध ल भरत हे तिही ला जनता ला बताना मोर हिसाब ले बने बुता आय फेर यहू ला कहि दे मा राजनीति के महक बगर जथे। कोन कतका खाइस, कोन कतका लीलिस, काकर पेट म कतेक जगा म काय काय भराये हे, येला कहि देबे ते राजनीति करत हे कहिथे। नइ कहिबे त सबो इही समझथे येकरो पेट म कुछ भाग खुसरे होही तभे कलेचुप बइठे हे।

> मैं ह राजनेता अंव राजनीति नइ करिहंव त काय करहूं। न मोला कुदारी धरे ला आय न रापा कलम ह मोर हाथ म फबय निही। पढ़े-लिखे हंव फेर नौकरी लाइक योग्यता हे। अतके पढ़े हंव के दादागिरि,चमचागिरि, बईमानी अऊ धोखाधड़ी बहुत आसानी से कर लेथंव। चाहे जनता रोज कतको गारी बखाना करय। उंकर ले लुकाय अऊ तोपे बर जे करथंव तिहि ला लोगन राजनीति के नाव दे देथे।

जम्मो मनखे मोला फोकट के खाथे समझथे मोर बारे म कतेक गलत खयाल रखथे । भगवान कसम फोकट म कभू नइ खाये हंव। एक नानुक उदाहरण बतावत हंव- गांव म सरकारी स्कूल बर भवन बनत रहय, इंजीनियर हा दिन भर खड़े होके अपन आगू म बनवावत रहय फेर ओहा अतका नइ बता सकय के - कतेक सीमेंट, रेती के मसाला डराय हाबे। मेहा बिगन देखे बता देथंव के ओमा अतका कमजोर या अतका सजोर मसाला डराय हाबे। अब तुमन ला लागत होही के येमा का मेहनत? यदि हम मेहनत नइ करतेन त कइसे जानतेन? हम जे तिर मेहनत करेन तेहा कोन्हो ला दिखिस निही, तेला हम का करबो?

बिहिनियां ले उचथन तहन इही सोंचथन के आज के दिन अच्छा बीतय। फेर जब मरे रोवइया हा हमर तिर म नइ आवय त हमर अच्छा दिन कतिहा ले आही। तब हमीं ला बाहिर निकले बर परथे। हम जइसे बाहिर निकलथन त सबो इही समझथे के काकरो टेंटवा ला मसके बर बाहिर निकले हे। जे गरीब ला राशन कार्ड नइ मिले हे तेला देवाये के उदिम करथन त ओमा काय गलत आय? अब बिहाने ले निकले हन त दू-चार पइसा तो पाबेच करबोन। नइ कमाबो त हमरो तो अबड़ अकन परिवार हे कइसे चलही? इंकर भरण-पोषण के जुम्मेवारी हमरे आय। अतका हकर-हकर के कमाथन तभो चारो मुड़ा ले बखानत फोकट म खावत हे कहिके हमर छाती म मूंग दरे ला धर लेथे।

कोन हिंसा बगराथे कोन अहिंसा? कोन लोगन ला रोजगार दे सकत हे कोन बेरोजगार बनावत हे? कोन लोगन ला बइठे-बइठे खवा सकत हे कोन बिगन मेहनत हाथ नी लगावन देवत हे? कोन अमीर तनि हे कोन गरीब तनि कोन कर्मचारी ला मुसेटत हे कोन सहलावत हे? कोन साव आय कोन चोर? कोन हमर बर उपयोगी हे अऊ कोन अनुपयोगी? समे देख हम सबो ला आजमा लेथन। आज जे हमर संग हे काली दूसर संग चल देथे। परन दिन फेर हमरे तिर म लुहुर-टुपुर करे ला धरलेथे। कोन कतका खावत हे? कोन पचोवत हे? कोन बिगन खाय हल्ला करत हे, कोन सरी चाट के खाय के पाछू। सब हिसाब लगाके कुर्सी म विराजमान होके जनता के सेवा करे बर हम जे बुता म हाथ अऊ मुंह लगाथन कुर्सी ले वंचित हमर संगवारी मन बर इही सब राजनीति बन जथे। हम कोन्हो ला नमस्ते घला नइ कर सकन। जब करथन त सबो ला इही लागथे के चुनाव आगे हे का? बीच म कर देथन त सबो ला राजनीति करे के भ्रम हो जथे।

हम राजनीति करे बर राजनीति म नइ आय रेहेन। हम खावव अऊ खावन दव म विश्वास करइया मनखे आन फेर कुछ समे ले न खांव न खावन दंव कहत-कहत कुछ मन घरोघर टायलेट ला खा डरिन। हम इही ला कहि पारेन। तहन हमू राजनीति करइया बन गेन। गांव के सेवा करबो, गांव के विकास करबो सोंच हम येमा उतरे रेहेन ...विकास करेन घला। गड्ढा म खचकेदार चिखला मतइया शानदार सड़क बना देन, कागज म तरिया मुंह म कुआं, स्कूल भवन के भीतर म पानी के भंडारन क्षमता बढ़वा देन, गरीब ला राशन बर लाइन झन लगे ला परय कहिके ओकर राशन ला हम अपन घर ले आनेन अऊ कतेक विकास करतेन गा तेमा? गऊकिन अतका के करत ले हमर कनिहा सोझियागे अऊ विकास हा हमर तिर ले झन भागय कहिके तोलगी म लुकाके राखेन। रोगही महंगाई कस हमू ला बढ़ो दिस। हमर हाथ हा सइकिल ले स्कूटर तक पहुंच गिस। अतेक ईमानदारी के पाछू पांच बछर म केवल बीस एकड़ भुंइयां बना पायेन। हमर मेहनत ले अइसन फसल हा केऊ गुना बाढ़ गिस। हमर मन हा अब उन्नत फसल कोति दऊंड़े लगिस। हम जनपद अध्यक्ष के कुर्सी तक पहुंच गेन। पांच बछर म उत्पादन क्षमता म बहुतेच बढ़ोतरी होइस ..हमर घर म एक ठिन कार जामगे। उपर डहर विराजित मनखे मन ला पता चलिस। ओमन हमला चिन्ह डरिन अऊ अपन संग संघेरे बर उपर लेगिन। हम विधायक बन गेन अऊ ओकरो ले जादा उन्नत फसल लगा डरेन। हमर मेहनत के फसल के एक-एक दाना बेंचाय लगिस हमर घर के बेड रूम म एक ठिन पइसा के पेंड़ धर लिस? हम मंत्री, सांसद बन गेन। फेर जब तक केवल खाय बर मुंह उलत रिहिस अऊ कलेचुप सबो के धोंध भरत रिहिस तब तक सब खुश रिहिन। कुछ कारण से मुंह खजवाय ला धर लिस अऊ लोगन के धोंध हा कोटना के रूप धरलिस तहन हमर खुशी ला गरहन तिरना शुरू कर दिस। हम सोज-सोज जीतत रेहेन तेकर सेती हमला अऊ दूसर बुता के आवसकता नइ परिस केवल खात रेहेन अऊ खवात रेहेन। फेर कुछ लोगन मन हमर से जनता ला नाखुश रेहे बर मजबूर करिन तहन हमला दूसर उदिम करे ला परिस। तब लोगन हमला राजनीति करत हे कहिके जगा जगा बदनाम करे ला धरिन। हम इंकर आरोप ला झेलत भर ले झेलेन तहन जवाब देना शुरू करेन। कोई जगा हाथ ले जवाब निकलिस कोई जगा मुंहु ले। हम अतेक दिन ले केवल नेता रेहेन अब राजनीति करइया राजनेता बनगेन।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

# खेल जगत

## आग पर चले बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के स्टार सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम शेख का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एशिया कप की तैयारी में अपने दिमागी प्रशिक्षण के तहत निडर होकर आग पर चल रहे हैं। वीडियो को ट्विटर पर पोस्ट किया गया था और इसे नेटिज़न्स से मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। एक यूजर ने लिखा, बांग्लादेश के क्रिकेटर मोहम्मद नईम एशिया कप 2023 की तैयारी के लिए माइंड ट्रेनिंग और फायरवॉकिंग में लगे हुए हैं। यह बहुत बेवकूफी है। क्या होगा अगर वह बड़े टूर्नामेंट से पहले चोटिल हो जाए। हालांकि, इस संबंध में शेख की ओर से कोई पुष्टि नहीं आई है। एशिया कप टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान और श्रीलंका मेजबानी की जिम्मेदारी साझा करेंगे। रोमांच 30 अगस्त को शुरू होगा, जब पाकिस्तान मुल्तान में शुरुआती मैच में नेपाल से भिड़ेगा।



# आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी दौरे ने कुवैत और बहरीन को रोशन किया

**कुवैत सिटी/मनामा,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ट्रॉफी दौरे ने अपनी उल्लेखनीय यात्रा जारी रखी, क्रिकेट का रोमांच फैलाया और कुवैत और बहरीन में क्रिकेट प्रेमियों को एकजुट किया। इन मध्य पूर्वी देशों में दौरे के हालिया पड़ावों को भव्य अनावरण, प्रतिष्ठित स्थानों और अत्यधिक प्रशंसक गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया गया था, जो क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। दौरे के पहले दिन अल-हाशमी-द्वितीय में एक विशेष आमंत्रण कार्यक्रम देखा गया, जो अब तक का सबसे बड़ा सेलिंग शिप है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण कुवैत क्रिकेट क्लब (केसीसी) के अध्यक्ष हैदर फरमान और आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा की उपस्थिति में किया गया।

अनावरण के बाद मनोरम फोटो का अवसर दिया गया, जो एक मनमोहक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था। यह दौरा कुवैत के प्रतिष्ठित स्थानों पर शानदार कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ जारी रहा, जिसमें कुवैत टावर्स, संसद, अल हमरा टावर और मॉल - कुवैत की सबसे ऊंची इमारत शामिल है। इन स्थलों ने क्रिकेट की विशाल उपस्थिति और वैश्विक पहुंच का जश्न मनाते हुए दौरे के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि प्रदान की। कुवैत चरण का समापन सुलैबिया क्रिकेट ग्राउंड में एक रोमांचक प्रशंसक सक्रियण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें लगभग 10,000 प्रशंसक शामिल हुए। ढेर सारी व्यस्तताओं ने क्रिकेट की एकीकृत भावना के बैनर तले प्रशंसकों को एकजुट करते हुए एक कार्निवल जैसा माहौल बनाया।

दौरे की यात्रा बहरीन तक जारी रही, जहां ट्रॉफी ने बहरीन खाड़ी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और किंग फहद कॉजवे का दौरा किया - जो आकांक्षाओं को पूरा करने वाली एक प्रतीकात्मक कड़ी है। शाम को एक प्रतिष्ठित अनावरण कार्यक्रम देखा गया, जिसमें शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा के साथ-साथ आईसीसी के इमरान ख्वाजा और इकबाल सिकंदर जैसे क्रिकेट दिग्गज और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रॉफी ने बहरीन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र का भी दौरा किया, जिससे बहरीन के सांस्कृतिक परिदृश्य में क्रिकेट की जगह पक्की हो गई।




दौरे की शुरुआत दाना मॉल में ट्रॉफी प्रदर्शन के साथ हुई, जिससे क्रिकेट का उत्साह और बढ़ गया। शाम को शहर से बहरीन इंटरनेशनल सर्किट तक एक खुली बस की सवारी देखी गई, जिससे प्रशंसकों को एक आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि में क्रिकेट के प्रति अपने प्यार का जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर मिला। ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते समय प्रशंसकों का उत्साह स्पष्ट था, जो इस दौरे की खुशी और सौहार्द्र को जगाने की क्षमता को रेखांकित करता है।

कुवैत और बहरीन में दौरे की सफलता क्रिकेट की सार्वभौमिक प्रतिध्वनि का प्रतीक है, क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के भव्य आयोजन का इंतजार कर रहे हैं, जहां देश क्रिकेट के सर्वोच्च गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## आईसीसी ने विश्व कप से पहले लांच की शुभंकर जोड़ी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आगामी विश्व कप के लिए करिश्माई जोड़ी ब्रांड शुभंकर की शुरूआत की घोषणा करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रशंसकों की अगली पीढ़ी को यह उत्साहित करेगा। गुरुग्राम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सदाबहार शुभंकर जोड़ी का अनावरण किया गया। इस मौके पर आईसीसी अंडर-19 महिला और पुरुष विजेता कप्तान शैफाली वर्मा और यश ढुल ने मौजूद थे। आईसीसी का कहना है कि ये पात्र विशिष्ट गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लैंगिक समानता और विविधता के प्रतीक के रूप में उभरते हैं। प्रशंसकों के पास 27 अगस्त से पहले प्रतिष्ठित पात्रों के नामकरण में योगदान के महत्वपूर्ण चरण में भाग लेने का अनूठा अवसर होगा। लॉन्च इवेंट में एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला 3डी एनामॉर्फिक वीडियो डिस्प्ले दिखाया गया, जिसमें शुभंकरों की उत्पत्ति और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल होने की उनकी यात्रा का अनावरण किया गया। आईसीसी के इवेंट प्रमुख, क्रिस टेटली ने कहा  हमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले आईसीसी की शुभंकर जोड़ी को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। शाश्वत पात्र संस्कृतियों और सीमाओं से परे क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील का संकेत देते हैं, जिसमें शुभंकर एकता और जुनून के प्रतीक के रूप में खड़े हैं। दोनों लिंगों के प्रतिनिधित्व के साथ, वे हमारी गतिशील दुनिया में लैंगिक समानता की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक हैं। अगली पीढ़ी के क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने की आईसीसी और क्रिकेट की प्राथमिकता के अनुरूप, ये शुभंकर बच्चों को शामिल करने और उनका मनोरंजन करने की शक्ति रखते हैं, जिससे आईसीसी आयोजनों से परे खेल के प्रति जीवन भर प्यार बढ़ता है।

# दो स्वर्ण और तीन कांस्य के साथ भारत ने किया विश्व कप अभियान का समापन

**नई दिल्ली** 19 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 स्टेज 4 में भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड की आर्चरी टीम ने पेरिस में शनिवार को स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक समेत पांच पदकों के साथ अपने विश्व कप अभियान का समापन किया।

भारत की पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम जिसमें ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल थे, उन्होंने फाइनल मुक़ाबले में यूएसए को 236-232 से हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फ्रांस के पेरिस में 15 से 20 अगस्त तक जारी इस प्रतियोगिता में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद और स्वामी परनीत कौर की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता और यह भारत का इस विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक है। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड आर्चरी टीम ने करीबी मुकाबले में मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना सोफिया हर्नांडेज़ जीन और डैफ्न क्विंटरो की तिकड़ी को चार राउंड तक चले मैच में 234-233 से हराकर पोडियम के शीर्ष पर जगह बनाई। दूसरी तरफ ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश समाधान जावकर और अभिषेक वर्मा की पुरुष कंपाउंड आर्चरी टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

गौरतलब है कि भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने क्वालीफाइंग राउंड में 2113 के स्कोर के साथ शुरुआत से ही प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा था। पहले राउंड में बाई प्राप्त करने के बाद, भारतीय तिकड़ी ने क्रमशः क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में एस्टोनिया और ग्रेट ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस बीच ज्योति सुरेखा वेन्नम ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य पदक अपने नाम किया। ज्योति ने कोलंबिया की सारा लोपेज को शूटऑफ में हराकर कांस्य पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने मिलकर इस महीने की शुरुआत में जर्मनी के बर्लिन में आयोजित तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत की पहली महिला कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक जीता था।



इससे पहले टोक्यो ओलंपियन अतानु दास, धीरज बोम्मदेवरा और तुषार प्रभाकर शेलके की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने स्पेन को 6-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था जबकि भजन कौर, सिमरनजीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने भी कांस्य पदक जीता था।

पेरिस तीरंदाजी विश्व कप पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अप्रत्यक्ष क्वालीफायर है। इसमें कोई प्रत्यक्ष कोटा स्थान नहीं है, लेकिन पेरिस मीट रिकर्व तीरंदाजों को रैंकिंग अंक प्रदान करेगी। इसकी मदद से पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए दो ओलंपिक खेलों का टीम कोटा निर्धारित किया जाएगा।

पेरिस में व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने वाले तीरंदाज सितंबर में मेक्सिको के हर्मोसिलो में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।

## भारत में फुटबॉल की केंद्रीय अकादमी को आकार देंगे आर्सेन वेंगर



**नई दिल्ली** 19 अगस्त (एजेंसियां)। महान कोच और वर्तमान में फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ संयुक्त रूप से भारत में एक केंद्रीय अकादमी की स्थापना को अंतिम रूप देने के लिए अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यहां आयेंगे।

फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को सिडनी में वेंगर समेत फीफा के अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद चौबे ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम फीफा के साथ मिलकर भारत में एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत अकादमी स्थापित करने की कगार पर हैं, जिसमें आर्सेन वेंगर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनके अनुभव और हमारी मेहनत के साथ हम भारत के लिए भविष्य के सितारे तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उम्मीद है कि वेंगर सितंबर में एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। डॉ. प्रभाकरन ने कहा,  हम इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए आर्सेन वेंगर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में विशिष्ट खिलाड़ियों के विकास पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

वह एक प्रेरक व्यक्ति हैं, और उनकी भागीदारी के साथ हम लाखों युवाओं को उत्साहित कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

# दीपक पुनिया नहीं लेंगे विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा

**नई दिल्ली** 19 अगस्त (वार्ता) टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन दीपक पूनिया ने सर्बिया के बेलग्रेड में आगामी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023, 16 से 24 सितंबर तक आयोजित की जाएगी और यह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहली क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

बजरंग पुनिया (65 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) 25 और 26 अगस्त को एनआईएस पटियाला में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। कैंप की तारीखें और टूर्नामेंट की तारीखें एक साथ होने के कारण दोनों भारतीय पहलवानों ने प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग पुनिया ने एशियाई खेल 2023 की तैयारियों को लेकर 21 अगस्त से 28 सितंबर तक किर्गिस्तान के इज़िक-कुल में 39 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, दीपक पूनिया 23 अगस्त से 28 सितंबर तक 35 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रूस के खासाव्युर्ट जाएंगे।



इस प्रस्ताव के अनुसार, 29 वर्षीय बजरंग पुनिया के साथ उनके कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्पेशलिस्ट काज़ी हसन होंगे, जबकि दीपक पूनिया अपने कोच कमल मलिकोव और फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ यात्रा करेंगे।

बजरंग पुनिया और दीपक पूनिया ने सितंबर-अक्टूबर में पिपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय कुश्ती दल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। अपने भार वर्ग के मैजूदा एशियाई खेल चैंपियन बजरंग पुनिया ने हांगझोऊ गेम्स के चयन ट्रायल में भी हिस्सा नहीं लिया था इसके बावजूद उन्हें भारतीय टीम में सीधे एंट्री मिल गई थी, लेकिन चार बार के विश्व चैंपियन को बेलग्रेड मीट के लिए डारेक्ट एंट्री नहीं मिली। इस बीच दीपक पूनिया ने नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी जगह सुनिश्चित की। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में 90 ओलंपिक कोटा उपलब्ध होंगे।

# स्वीडन ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल किया

**ब्रिस्बेन** (ऑस्ट्रेलिया), 19 अगस्त (एजेंसियां)। स्टार फॉरवर्ड फ्रिडोलिना रॉल्फो ने ऑस्ट्रेलिया को परेशान करना जारी रखा, उन्होंने एक स्कोर किया और दूसरा सेट किया, जिससे स्वीडन ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 से अच्छी जीत के साथ फीफा महिला विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल किया। रोल्फ़ो ने 30वें मिनट में पेनल्टी के ज़रिए गोल किया और फिर कोसोवरे असलानी ने गोल किया जिससे स्वीडन ने तीसरे स्थान का प्ले-ऑफ़ जीत लिया। रॉल्फो ने 2020 महिला ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में दो बार और एक बार फिर उस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्कोर किया। वह शनिवार को एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी का सबब बनीं।



असलानी की दूसरे हाफ में की गई शानदार स्ट्राइक से मिली जीत ने स्कैंडिनेवियाई लोगों के चार फीफा महिला विश्व कप कांस्य-पदक प्लेऑफ़ में उल्लेखनीय 100 प्रतिशत रिकॉर्ड को बरकरार रखा और उन्हें पांचवां पोडियम फिनिश दिलाया - केवल संयुक्त राज्य अमेरिका (8) के बाद दूसरा। यह मटिल्डा के लिए एक यादगार अभियान का दुखद अंत भी प्रदान करता है, जो वैश्विक फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बढ़ाने और ब्रिस्बेन में उच्च स्थान पर रहने की उम्मीद कर रहे थे। हालाँकि, मैच का रुख शुरुआती मिनट में ही तय हो गया था, जब स्वीडन ने लीड-फुटेड ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदते हुए स्टिना ब्लैकस्टेनियस को दाहिने पैर से शॉट लगाने के लिए उकसाया, जिससे मैकेंज़ी अर्नोल्ड को एक बेहतरीन बचाव करना पड़ा। यह उस टीम के लिए कई अवसरों में से पहला था जो पूरी तरह से तरोताजा और तेज दिख रही थी, और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं थी जब स्वीडन आधे घंटे के निशान पर आगे बढ़ गया। क्लेयर हंट ने बॉक्स के अंदर स्टिना ब्लैकस्टेनियस की एड़ी को चोट पहुंचाई - इसकी पहचान वीएआर समीक्षा के बाद की गई - जिससे स्वीडन को पेनल्टी मिली और, गेममैनशिप में ऑस्ट्रेलिया के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, रॉल्फो ने बाएं पैर से पेनल्टी को नीचे और दाईं ओर जोर से भेजा। मटिल्डा के पास कुछ पल थे, और ज़ेसीरा मुसोविक को हेले रासो और बाद में, सैम केर के शक्तिशाली प्रयासों को रोकने के लिए दो बार बुलाया गया था।

## वॉलीबॉल वैगनर मेमोरियल में स्लोवेनिया ने पोलैंड को हराया

**वारसॉ,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। स्लोवेनिया की वॉलीबॉल टीम ने शुक्रवार को ह्यूबर्ट वैगनर मेमोरियल के उद्घाटन मैच में पोलैंड पर सीधे सेटों में 25-21, 25-18, 25-21 से जीत हासिल की। पोलैंड के क्राको में खेली जा रही प्रतियोगिता में स्लोवेनिया के क्लेमेन सेबुलज और रोक मोज़िक ने अपनी टीम के लिये 17-17 अंक जुटाये जबकि लुकाज़ कैक्ज़मरेक ने पोलैंड के लिए 10 अंक हासिल किये।

मेहमान टीम ने खेल में बेहतरीन शुरुआत की और स्कोरबोर्ड पर 9-5 की बढ़त बना ली। निकोला ग्रबिक के नेतृत्व वाली टीम ने अंतर को कम करके 17-16 कर दिया, लेकिन सेबुलज ने प्रभावी ढंग से स्पाइक किया और मोज़िक ने एक ऐस देकर स्कोर 25-21 कर दिया। थोड़े से ब्रेक के बाद भी स्लोवेनिया ने खेल पर नियंत्रण कर लिया और तेज़ पलटवार को अंकों में बदल दिया। ग्रेगर रोप्रेट ने 25-18 के साथ दूसरा सेट समाप्त किया। तीसरे सेट में पोलैंड अच्छा जवाब नहीं दे सका. हालाँकि उन्होंने दो मैच पॉइंट बचाए, लेकिन टाइन उरनॉट ने स्लोवेनिया की जीत पक्की कर दी।

शनिवार को पोलैंड का सामना फ्रांस से होगा वहीं स्लोवेनिया का मुकाबला इटली से होगा। वैगनर मेमोरियल को दुनिया का सबसे बड़ा वॉलीबॉल मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट माना जाता है।

# भारत के भावी शतरंज खिलाड़ियों पर मंडरा रहा है सवालिया निशान

**चेन्नई,** 19 अगस्त (एजेंसियां) भले ही आर. प्रगनानंद (ईएलओ रेटिंग 2,707), डी. गुकेश (2,751), अर्जुन एरिगैसी (2,704) और निहाल सरीन (2,684) जैसे युवा भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैश्विक स्तर पर हैं, क्या वे आगे बढ़ रहे हैं? आने वाले दशकों में क्या वे भारत के शतरंज का बोझ उठा पाएंगे। भारत के युवा खिलाड़ियों के अगले समूह के बारे में क्या? और वे कहाँ हैं? नीदरलैंड में हाल ही में संपन्न फिडे वर्ल्ड यूथ अंडर-16 ओलंपियाड के नतीजों ने इन सवालों को खोल दिया क्योंकि भारतीय टीम शीर्ष 10 में शामिल नहीं थी। 16वीं वरीयता प्राप्त भारत अंत में 15वें स्थान पर आया। दूसरी ओर, दूसरी वरीयता प्राप्त चीन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि तुर्की और आर्मेनिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

मजे की बात यह है कि विश्व जूनियर्स की शीर्ष 10 सूची में कोई भी युवा चीनी खिलाड़ी शामिल नहीं है, जबकि भारत के गुकेश, प्रगनानंद, एरिगैसी और सरीन क्रमशः दूसरे, चौथे, पांचवें और सातवें स्थान पर हैं। तो तार्किक परिणाम यह है कि भारत के पास मजबूत युवा उभरते शतरंज खिलाड़ियों की एक श्रृंखला होनी चाहिए। जीएम प्रवीण थिप्से ने बताया, दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि अधिकांश प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के माता-पिता राष्ट्रीय चैंपियनशिप, एफआईडीई कार्यक्रमों और एफआईडीई कैलेंडर पर होने वाले अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के महत्व के मामले में अनपढ़ हैं।

थिप्से के अनुसार, माता-पिता और कोच ऐसे टूर्नामेंटों का चयन करके अपने बच्चों के करियर की कब्र खोदते हैं जिनका कोई वास्तविक महत्व नहीं है। थिप्से ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि क्या सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ियों ने यूथ ओलंपियाड में भाग लिया था क्योंकि टीम को 16वीं वरीयता दी गई थी।



यह पूछे जाने पर कि क्या उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी केवल अपनी रेटिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, थिप्से ने कहा कि उनका ध्यान आसानी से जीएम खिताब हासिल करने पर है। इसके बाद, यह बिना किसी विशिष्ट योजना या लक्ष्य के बस एक औचक मार्ग है। थिप्से ने कहा, सिर्फ यह कहना कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं काफी नहीं है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), राज्य और जिला शतरंज संघों को केवल आधिकारिक आयोजनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, आधिकारिक श्रेणियों जैसे अंडर-7 से अंडर-25 ओपन टूर्नामेंट का उचित संचालन करना चाहिए।

इसके बजाय, जमीनी स्तर से भी आधिकारिक आयोजनों और चयनों की संख्या कम होती जा रही है। तमिलनाडु में इवांस शतरंज क्लब, नागरकोइल के सचिव जे. जीवन कुमार ने आईएएनएस को बताया, जिला संघ चयन छोड़ रहे हैं और अधिक लाभ कमाने वाले गैर-आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और निजी टूर्नामेंट आयोजकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

कुमार ने आगे कहा कि आयु-समूह टूर्नामेंट अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग आयोजित किए जाने चाहिए ताकि एक अंडर-7 खिलाड़ी उच्च आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर सके और अनुभव प्राप्त कर सके।

## सार संक्षेप

### ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया : बुमराह

**डबलिन।** आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को अपने वापसी मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने बहुत कुछ मिस किया है या वह पूरी तरह से कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी पर युवा भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए, बुमराह ने बेहतरीन शुरुआत की और पारी के पहले ही ओवर में विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच के बाद बुमराह ने कहा, बहुत अच्छा लगा, मैंने एनसीए में इतने सारे सत्र किए, ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया या कुछ नया कर रहा हूं। स्टाफ को क्रेडिट दूंगा, उन्होंने मुझे अच्छे तरीके से रखा। नर्वस नहीं हूं लेकिन बहुत खुश हूं। बुमराह के अलावा, नवोदित प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी 2-2 विकेट लिए, जिससे भारत ने आयरलैंड को 139/7 पर रोक दिया। जवाब में, यशस्वी जयसवाल और रुतुराज गायकवाड़ ने ठोस शुरुआत की। लेकिन आयरलैंड ने वापसी की और क्रेग यंग ने जयसवाल और तिलक वर्मा को आउट कर दिया। फिर, 6.5 ओवर के बाद बारिश शुरू हो गई। उस समय भारत का स्कोर 47/2 था, जो डीएलएस स्कोर से दो रन आगे था।

### धोनी और युवराज की तरह एक शानदार फिनिशर बन सकते हैं रिंकू सिंह : किरण मोरे

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज किरण मोरे का मानना है कि अनकैप्ड बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह में महान बल्लेबाजों एमएस धोनी और युवराज सिंह की तरह एक शानदार फिनिशर बनने की क्षमता है। रिंकू ने आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए फिनिशर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें सबसे उल्लेखनीय क्षण था जब उन्होंने अहमदाबाद में मैच की आखिरी पांच गेंदों पर गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज यश दयाल को पांच छक्के लगाकर एक असंभव जीत हासिल की। कुल मिलाकर, रिंकू ने टूर्नामेंट में 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जहां वह केकेआर के लिए नामित फिनिशर थे। टूर्नामेंट के आखिरी पांच ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए उनका स्ट्राइक-रेट 186.66 तक पहुंच गया, जो प्रतियोगिता में किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए सबसे अच्छा है। मोरे ने जियो सिनेमा से बातचीत में कहा, मैं भारतीय टीम में उनके मौके का इंतजार कर रहा हूं। और वह बल्लेबाजी की स्थिति, नंबर 5 और 6 की, वह उस स्थान पर अच्छा प्रदर्शन करेगा और एक शानदार फिनिशर बन सकता है। हम सभी ने एमएस धोनी और युवराज सिंह को देखा है।

दैनिक भास्कर
बलौदाबाजार भाटापारा के गौरव
2023

# नि:स्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए प्रतिबद्ध- अदिति बघमार

## अंतिम पंक्ति के जनमानस तक हर सुविधा का लाभ पहुँचाना ही मेरा लक्ष्य

| | | |
|---|---|---|
| **नाम** | : | **अदिति बघमार** |
| जन्मतिथि | : | 09.09.1968 |
| पति का नाम | : | श्री नेमसिंह बघमार |
| शिक्षा | : | स्नातक |
| व्यवसाय | : | कृषि |
| स्थायी निवास | : | ग्राम- खपराडीह, पो.- ग्रासीम विहार रावन, जिला- बलौदाबाजार (छ.ग.) |



## अदिति बघमार

सदस्य - जिला पंचायत, बलौदाबाज़ार
जिला संयोजक - पंचायत प्रकोष्ठ, जिला बलौदाबाज़ार
उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत सिमगा, बलौदाबाज़ार



### राजनैतिक पृष्ठभूमि

- 2005-2010 सरपंच ग्राम पंचायत खपराडीह, विकासखंड सिमगा, बलौदाबाजार
- 2005-2010 मनोनीत सदस्य जनपद पंचायत सिमगा बलौदाबाजार
- 2006-2011 उपाध्यक्ष ग्रामीण सेवा सहकारी संस्था सुहेला बलौदाबाजार
- 2011-2015 भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण विशेष आमंत्रित सदस्य
- 2010-2015 अध्यक्ष जनपद पंचायत सिमगा बलौदाबाजार
- 2013-2017 प्रतिनिधि जिला विपणन संघ रायपुर बलौदाबाजार
- 2015-2017 जिला महिला कोषाध्यक्ष भाजपा बलौदाबाजार
- 2013-2015 सदस्य राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान समिति, रायपुर बलौदाबाजार
- 2016-2019 अध्यक्ष भाजपा मंडल सुहेला
- 2017-2020 अध्यक्ष किसान संगठन विकासखंड सिमगा बलौदाबाजार
- 2015 से आज पर्यन्त उपाध्यक्ष एवं आजीवन सदस्य भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ सिमगा बलौदाबाजार
- 2017 से आज पर्यन्त प्रतिनिधि जिला सहकारी संघ रायपुर बलौदाबाजार
- 2020 से आज पर्यन्त सदस्य जिला पंचायत बलौदाबाजार
- 2020 से आज पर्यन्त सदस्य जिला योजना समिति जिला बलौदाबाजार
- 2021 से आज पर्यन्त सदस्य ओलम्पिक संघ जिला बलौदाबाजार
- 2022 से आज पर्यन्त संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ भाजपा बलौदाबाजार
- 2022 से आज पर्यन्त जिला संरक्षक छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ बलौदाबाजार

### संगठन के प्रति समर्पित

अदिति अद्भुत व्यक्तित्व की धनी है। इनका कुशल नेतृत्व हमेशा लोगों के लिए प्रेरणा रहा है। इन्होंने समाज हित में अनेकों महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं जिससे बलौदाबाजार को एक नई पहचान मिली है। समाज में एकजुटता लाना ही इनका मुख्य उद्देश्य रहा है। समाज 1में रचनात्मक और विकासात्मक एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं को संगठित करके तथा समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी ऊर्जा, संकल्पना और सामर्थ्य सभी के मनोबल को बढ़ाती रही हैं, जो किसी भी कठिनाई को पार करने के लिए पर्याप्त है।

### भाजपा के सेवाभाव वाली राजनीति से प्रभावित

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सेवाभाव वाली राजनीति ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को परिवर्तित किया है और उसने अपने संघटनात्मक आदर्शों और सेवाभाव के माध्यम से समाज में प्रभाव डाला है। जिससे प्रभावित होकर अदिति ने समाज के विकास में कार्य करने ठानी। आज भाजपा की सेवाभाव वाली राजनीति को अपनाकर अदिति अनेकों बदलाव क्षेत्र में कर रही हैं और समाज को आगे लेना की दिशा में नए नए आयाम हासिल कर रही है।

### धार्मिक क्षेत्र में सहभागिता

- श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पाटेश्वर धाम छत्तीसगढ़ में आजीवन मंदिर आधार मंडल की सदस्य
- श्री सद्गुरू गौरखेड़ा (तिल्दा) की सदस्य
- संरक्षक - जय माँ बंजारीधाम खपरीमढ़ी (तिल्दा)
- भारत स्वाभिमान मंच पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की सदस्य
- राष्ट्रीय संत श्री असंग साहिब जी समिति की सदस्य
- गायत्री विद्यापीठ सुहेला बलौदाबाजार की आजीवन सदस्य

### कुशल गृहणी से लेकर सफल नेत्री तक का सफर

अदिति एक शक्तिशाली और प्रेरणादायक कहानी की किरदार हैं जिसे उन्होंने अपने सामर्थ्य, संघर्ष और संकल्प के साथ उच्चांकचल तक पहुंचने के लिए अपने जीवन में अपनाया। यह सफर महिलाओं की सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को प्रकट करने का उदाहरण है। अदिति अपने घर का प्रबंधन करने में माहिर होने के साथ-साथ समाज में भी उपयोगी योग्यताओं का ध्यान रखती हैं। वह समाज के हित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहती हैं इन्होंने अपनी नेतृत्व की कला से लोगों के दिलों में लंबे समय से जगह बनाई हुई है। वह अपनी मेहनत, साहस और समर्पण के साथ एक सफल नेत्री बनी, जो लोगों के लिए किसी प्रेरणास्रोत से कम नहीं हैं। वह सदैव समाज में उन्नति और सुधार की दिशा में काम करती है।

### पति का मिला साथ और परिवार ने हमेशा हिम्मत दी

पति का साथ और परिवार का समर्थन सभी के लिए बेहद जरूरी है। ऐसा ही अदिति के परिवार ने किया जब उन्होंने बताया की वो समाज हित में काम करना चाहती हैं तो उनके पति और परिवार ने उनका साथ दिया और हर मुश्किल घड़ी में अदिति के साथ बने रहे। इनका परिवार इनकी जड़ है जो हमेशा सहारा बनकर अदिति के समक्ष रहे। आज अपनी सफलताओं का श्रेय अदिति अपने परिवार और पति को देती हैं, जिन्होंने हर कठिन मोड़ पर अदिति का साथ दिया।

### बलौदाबाजार विधानसभा को लेकर विजन

जब क्षेत्र का दौरा करती हूं तो मैं देखती हूं कि यहां पर अपार संभावनाएं है जिससे लोगों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है, लेकिन यहां जितनी संभावनाएं हैं उससे सीमित कार्य हो रहे हैं। जन समुदाय, किसान, बच्चे मजदूर सभी को सशक्त करते हुए क्षेत्र में विकास की संरचना को बढ़ाना ही एकमात्र उद्देश्य है। छोटे- छोटे गांव में रहने वाले लोगों को अच्छी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ रहा है जो की दुखद है। बलौदाबाजार विधानसभा को समृद्ध और यहां की जनता को समृद्ध बनाने का संकल्प ही मेरी इस मेहनत की प्रेरणा है जिसे मैं अनवरत जारी रखना चाहूंती हूं।





## || संकल्प, संघर्ष, निष्ठावान, विकास, जनसेवा ||




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

प्लेटफॉर्म पर टीटी ने पप्पू से टिकट मांगा
**पप्पू**- लेकिन मैं तो ट्रेन से आया ही नहीं
**टीटी**- अच्छा क्या सबूत है?
**पप्पू**-सबूत ये है की मेरे पास टिकिट नहीं है!!!

## अमृत भारत स्टेशन का भूमिपूजन गुपचुप तरीके से, जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों में असंतोष

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल जगदलपुर रेलवे स्टेशन में रेलवे के अधिकारियों ने इस्ट कोस्ट रेलवे मंडल विशाखापटनम के मंडल अभियंता, अविनाश कुमार सहायक अभियंता, मुकुंद सिंग सेक्शन इंजीनियर वर्क मनोज कुमार द्वारा ठेकेदार के साथ मिलकर गुपचुप तरीके से भूमिपूजन किया। जबकि इसका भूमिपूजन प्रधानमंत्री के हाथों होने की चर्चा लगातार चल रही थी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने अमृत भारत स्टेशन में केके रेललाईन के तीन स्टेशन को शामिल किया है, जिसमें जगदलपुर रेलवे स्टेशन भी शामिल है। अमृत भारत स्टेशन का भूमिपूजन प्रधानमंत्री के हाथों करने की चर्चा चल रही थी। इसी बीच इस्ट कोस्ट रेलवे मंडल विशाखापटनम अधिकारियों ने गुपचुप तरीके से भूमिपूजन कर दिया। इससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभाग के अधिकारियों में भी नाराजगी है। यही नहीं आरपीएफ के बैरक का भी उद्घाटन कर दिया गया, जबकि तत्कालीन डीआरएम अनूप सतपथी ने इसे



गुणवत्ताहीन होने की बात कहते हुए उद्घाटन करने से इंकार कर दिया था।

### सांसद–विधायकों को भी नहीं दी जानकारी

जगदलपुर रेलवे स्टेशन में इतने बड़े कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण की जानकारी रेलवे ने स्थानीय सांसद व विधायक को भी जानकारी देना उचित नहीं समझा, जबकि इतने बड़े कार्यों के भूमिपूजन के अवसर पर आमजनों को भी शामिल किया जाना था। हालांकि रेलवे के अधिकारियों ने पहले की तरह ही मनमानी करते हुए भूमिपूजन व उद्घाटन कर दिया।

आरपीएफ के आईजी के द्वारा आरपीएफ बैरक का उद्घाटन किया गया। जगदलपुर स्टेशन के प्रभारी सुमेर सिंह से इस बारे में चर्चा किया तो उन्होंने कहा आरपीएफ के आईजी के द्वारा भूमि पूजन एवं उद्घाटन नहीं किया गया बल्कि आरपीएफ के स्टाफ के द्वारा भूमि पूजन और आरपीएफ बैटक का उद्घाटन किया गया। उन्होंने आगे कहा कि हमारे आरपीएफ के आईजी ने जो वहां पर उपस्थित थे उनसे भूमि पूजन एवं उद्घाटन करवाया। उद्घाटन एवं भूमि पूजन को लेकर सत्ता पक्ष कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उद्घाटन एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में ना ही वर्तमान सांसद दीपक बैज को आमंत्रण किया गया और ना ही पूर्व सांसद दिनेश कश्यप को आमंत्रण दिया गया। इसे लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने काफी नाराजगी देखी गई। रेलवे स्टेशन आरपीएफ बैरक उद्घाटन भूमि पूजन के को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस विषय में रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव से बात करने की बात कही है। इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता क लेकर सवाल उठ रहे है।

## पहली बैठक में ही एक्शन मोड में नजर आए आयुक्त मंडावी



- यूपा योजना के कार्य प्रारंभ ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते सहायक नोडल को नोटिस जारी
- कंगोली स्थित डंपयार्ड में लिगसी वेस्ट रिमेडिएशन कार्य बंद करने पर संबधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के नव पदस्थ आयुक्त हरेश मंडावी ने शनिवार को निगम कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक रखा। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के पूर्व आयुक्त श्री मंडावी ने नगर में चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक में आयुक्त में शासन की महत्ती योजना यूपा के कार्यों की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किया यूपा के कार्य में लापरवाही करने के कारण संबंधित सहायक नोडल अधिकारी को नोटिस देने का निर्देश दिया। यूपा योजना शहर के शिव मंदिर वार्ड के डोंगाघाट में योजना के संबंध में कार्य किया जा रहा है, यूपा योजना के संबंध में कार्यसमिति की बैठक नहीं कराए जाने पर आयुक्त के द्वारा नाराजगी व्यक्त करते सहायक नोडल अधिकारी पर कारवाई किया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को यूपा योजना पर प्रगति लाने का निर्देश दिया। वही समीक्षा बैठक में लिगेसी वेस्ट डिस्पोजल मे संबंधित एजेंसी के द्वारा कार्य में तेजी नहीं लाने के कारण संबंधित नोडल एजेंसी को नोटिस जारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही आयुक्त ने नगर निगम के राजस्व विभाग, सफाई विभाग, पीएचई विभाग, धन्वंतरी योजना, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, पीडब्ल्यूडी विभाग, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## लखेश्वर बघेल ने किया लामकेर से चुनाव प्रचार का शंखनाद

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान शनिवार को लामकेर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गंगादई मातागुड़ी का भूमिपूजन किया एवं साथ ही विधायक के समक्ष लामकेर से एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल के सरल सौम्य सदभाव एवं निर्गुण व्यक्तित्व के धनी के रीती नीति एवं पार्टी की महत्वपूर्ण योजनाओं कों लोगों तक पहुंचाने के कार्य एवं लोगों से सीधा संपर्क कर हर सुख एवं दु:ख में काम आने वाले क्षेत्र के मुखिया से प्रभावित होकर उनके समक्ष आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कांग्रेस प्रवेश करने वाले



कार्यकर्ताओं को बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गमछा पहनाकर सम्मान किया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा लाख कोशिश करें लेकिन कांग्रेस पार्टी की जड़ देश में कभी कमजोर नहीं हो सकती। हमारे पास तीन चीजे हैं हमारा नेतृत्व, कांग्रेस की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की फौज। आज कांग्रेस की विचारधारा की कोई तोड़ नहीं है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की सेना ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत रखा है। श्री बघेल ने कहा कि सामने की सेना कितनी भी बड़ी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## एर्राकोट में 60 ग्रामीणों ने थामा भाजपा का दामन

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी चुनाव की दृष्टि से ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर बैठकें व सम्मेलन कर ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर रही है। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में तोकापाल मण्डल के एर्राकोट शक्ति केन्द्र में शनिवार को भाजपा ने केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों का लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया। जहाँ तीन ग्राम पंचायत भेजरीपदर, पखनारचा, एर्राकोट के 60 ग्रामीणों ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर पार्टी में प्रवेश किया। भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी व बैदूराम कश्यप ने भगवा गमछा पहना कर नव प्रवेशी ग्रामीणों का अभिनंदन किया। ग्राम पंचायत एर्राकोट के जलनी माता गुड़ी में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मण्डावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की अनेक जन उपयोगी योजनाओं



का लाभ घर-घर पहुँचा है। दूरस्थ ग्रामीणों अंचलों में बसे लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। भाजपा का मुख्य उद्देश्य राष्ट सेवा व जन सेवा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ की जनता से किये वादों को भूल गयी। कांग्रेस के कुशासन से सभी पीड़ित है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता के

### जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में बनेगी भाजपा सरकार : रुप सिंह

आशीर्वाद से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार को उखाड़ने संकल्पित है।

सम्मेलन को बैदूराम कश्यप, समुन्दसाय कच्छ, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, सौतोष बघेल, रामाश्रय सिंह, बलदेव मण्डावी, विनायक गोयल, लच्छिन यादव, तुलुराम कश्यप, रामवती भण्डारी, देवीप्रसाद बेंजाम ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन रितेश जोशी व आभार प्रदर्शन रैतुराम बघेल ने किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से चंद्रशेखर जोशी, बाबुल नाग, रुपाराम मुचाकी, डीकेश नाग, महादेव कश्यप, अमलु, सोनमती घोष, बसंती कश्यप, पुष्पा कश्यप, संतूराम कश्यप, मिटकू राम, फगनू, मांझी आदि सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ग्रामीण शामिल रहे।

## कलेक्टर पहुँचे पहली बार अतिसंवेदनशील एवं सुदूर ग्राम कलेपाल

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के अतिसंवेदनशील और सुदूर ग्राम कलेपाल-बस्तर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमा में स्थित है। इस जगह का पहुँच मार्ग दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण ब्लॉक से होकर जाता है। संवेदनशील इस कलेपाल गाँव में नक्सल गतिविधियों के कारण विकास कार्यों की गति बहुत धीमी है। लगभग 5 किलोमीटर सड़क मार्ग के पुल-पुलिया को नक्सलियों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है। शनिवार को जिले के सुदूर ग्राम कलेपाल पहुंचने वाले पहले कलेक्टर विजय दयाराम के. है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय ने कलेपाल मतदान केंद्र की व्यवस्था का अवलोकन कर ग्राम के मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव के विकास के लिए मतदान करना जरूरी है। अगर मतदाता अपने मतों का उपयोग करेंगे तो जनप्रतिनिधि भी विकास कार्यों को गाँव तक पहुंचाने के तत्पर होंगे। मतदान केंद्र में आयोजित विशेष शिविर में कलेक्टर के निर्देशानुसार मतदाता सूची का वाचन किया गया और जिनका मतदाता का नाम छूटा है उनको जोड़ने के निर्देश बीएलओ



### कम मतदान प्रतिशत वाला कलेपाल मतदान केंद्र के मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए किए प्रेरित

को दिए। विदित हो कि कलेपाल में 400 से अधिक मतदाता है किंतु गत विधानसभा चुनाव में इस मतदान केंद्र से लगभग 5 फीसदी ही मतदान किया गया था। कलेक्टर ने उपस्थित मतदाताओं अधिक-अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा मतदान के संकल्प भी लिया गया। कलेक्टर विजय ने ग्रामीणों से कहा कि कलेपाल ग्राम के पहुंचने के लिए सड़क बनाना प्रशासन की प्राथमिकता में है। सड़क के विकास के साथ ही अन्य विकास कार्यों को गति दी जाएगी। ग्रामीणों से स्थानीय बोली में संवाद करते हुए ग्रामीणों की अन्य मांगों पर भी चर्चा किए।

**कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नक्सल क्षेत्र में पैदल और बाइक से की यात्राः** गांव कलेपाल पहुँचने हेतु लगभग 5 किलोमीटर सड़क का विकास नक्सलियों ने नहीं होने दिया है, साथ ही बारिश की वजह से सड़क में चलने में दिक्कत भी हो रही थी फिर भी शनिवार को कलेक्टर श्री विजय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा को कुछ दूर मोटरसाइकिल से चलने के बाद पैदल यात्रा कर ग्राम कलेपाल पहुंचे। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को सड़क और पुल-पुलिया का विकास हेतु प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कलेपाल के प्राथमिक और माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों से भी चर्चा किए और बिस्किट व चॉकलेट का वितरण किए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की दर्ज संख्या की भी जानकारी ली। ग्रामीणों से संवाद के उपरांत कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जलनीन मातागुड़ी का दर्शन कर देवगुड़ी के विकास कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भरत कौशिक, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दिलीप कोशले, डीएसपी मरावी, नायब तहसीलदार चित्रसेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने भूपेश सरकार कृत संकल्पित : रेखचंद जैन

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान शनिवार को लामकेर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गंगादई मातागुड़ी का भूमिपूजन किया एवं साथ ही विधायक के समक्ष लामकेर से एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने श्री बघेल के सरल सौम्य सदभाव एवं निर्गुण व्यक्तित्व के धनी के रीती नीति एवं पार्टी की महत्वपूर्ण योजनाओं कों लोगों तक पहुंचाने के कार्य एवं लोगों से सीधा संपर्क कर हर सुख एवं दु:ख में काम आने वाले क्षेत्र के मुखिया से प्रभावित होकर उनके समक्ष आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। कांग्रेस प्रवेश करने वाले कार्यकर्ताओं को बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गमछा पहनाकर सम्मान किया।



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा लाख कोशिश करें लेकिन कांग्रेस पार्टी की जड़ देश में कभी कमजोर नहीं हो सकती। हमारे पास तीन चीजे हैं हमारा नेतृत्व, कांग्रेस की विचारधारा और कार्यकर्ताओं की फौज। आज कांग्रेस की विचारधारा की कोई तोड़ नहीं है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की सेना ने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत रखा है। श्री बघेल ने कहा कि सामने की सेना कितनी भी बड़ी क्यों न हो आज आपके पास जोश है, समर्पण है, आपको कोई पराजित नहीं कर सकता। एक कहावत याद दिला दूं रामकृष्ण परमहंस ने कहा कि आप आराधना करें, पूजा करें, किसी भी रास्ते में चलें कोई भी मार्ग हो सकता है सब पहुंचता एक ही जगह है। इसका प्रतिनिधि किसी ने किया तो महात्मा गांधी ने किया जो सबको साथ लेकर चलने की बात >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## नर्मदेश्वर हवनात्मक महारूद्राभिषेक शुरू



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के सिरहासार भवन में सनातन क्षेत्रीय मंच का नर्मदेश्वर हवनात्मक महारूद्राभिषेक शुरू हुआ। सुबह से शुरू हुए महारूद्राभिषेक में दोपहर बाद तक 5 चरणों में 500 से ज्यादा लोगों ने भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। पंडितों द्वारा पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक पूरा कराया गया। बताया जाता है कि महारूद्राभिषेक में 1 हजार से ज्यादा लोग एक साथ भगवान शिव की विशेष पूजा करेंगे। इसके लिए उज्जैन से वेदाचार्यों का दल जगदलपुर पहुंचा है। रविवार को दूसरे दिन भी महारूद्राभिषेक का अनुष्ठान जारी रहेगा। सुबह से लेकर देर शाम तक अलग-अलग चरणों में सैकड़ों लोगों ने भगवान शिव का अभिषेक किया।

### काफी संख्या में शामिल हो रहे श्रद्धालु

**महारूद्राभिषेक के लिए लाए गए 51 नर्मदेश्वर शिवलिंग:** बताया जाता है कि सक्षम द्वारा महारूद्राभिषेक के अनुष्ठान के लिए बीते लंबे समय से तैयारियां की जा रही थीं। इस बीच विभिन्न आयोजनों के बाद सिरहासार भवन में महारूद्राभिषेक का अनुष्ठान शुरू हुआ। इसके लिए 51 नर्मदेश्वर शिवलिंगों का रूद्राभिषेक किया जा रहा है। सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम व महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर ने बताया कि महारूद्राभिषेक के बाद नर्मदेश्वर शिवलिंगों की स्थापना अलग-अलग गांवों व जगहों पर की जाएगी, जहां भक्त शिव की पूजा-अर्चना करेंगे। पहली बार शहर में महारूद्राभिषेक का भव्य अनुष्ठान, लोगों में दिख रहा उत्साह पहली बार महारूद्राभिषेक का भव्य अनुष्ठान शहर में किया गया है। इसे लेकर लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भक्तों की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। अध्यात्म हमारे जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता है। इसके द्वारा हमारे जीवन का संपूर्ण विकास होता है। हम इस शरीर में हैं, संसार में है, जिंदगी बीत रही है हमारी, और जिंदगी जीने में ही सारी जिंदगी बीत जाती है और जिंदगी है क्या, जीवन क्यों मिला है, इसका कितना, कहाँ, हमें बोध हो पाता है। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल जगदलपुर में आयोजित एक दिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये।

महाराज श्री ने बताया कि हमारे मन में असीम शक्ति है। ईश्वर ने हमें बड़ी शक्तियों वाला अन्त:करण दिया है। मानव के मन में अशांति है और जब तक यह अशांति है तब तक विश्व में शांति की कल्पना नहीं की जा सकती। मन की अशांति को विहंगम योग की ध्यान साधना के द्वारा दूर किया जा सकता है। सन्त प्रवर जी ने दिव्यवाणी के क्रम में बताया कि श्रद्धा का अर्थ है – सत्य पर विश्वास। जिन महापुरुषों ने, जिस महान सत्ता ने उस परम सत्य का अन्वेषण किया, जिन्होंने अपने आत्मा के अंदर उस परम ज्ञान को धारण किया, साधना की अतल गहराई में पहुंचकर





अध्यात्म के सर्वोच्च शिखर को प्राप्त कर लिया, उसके बताये पथ पर, सेवा, सत्संग और साधना के पथ पर हम चल पड़े तो चल पड़े। उन्होने कहा कि जब एक साधक अपने अहंकार का शमन कर देता है, जब उनके अंदर पूर्ण सत्य पर विश्वास, श्रद्धा का भाव परिपूर्ण हो जाता है, तब अन्तर्रात्मा में प्रेमरस की धारा बहने लगती है। महाराज ने भक्तों की सेवा भावना को सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया सबसे बढियां।उससे बढ़िया, बस्तरहिया। संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है। श्री विज्ञानदेव महाराज की दिव्यवाणी जय स्वर्वेद कथा के रूप में लगभग 2 घंटे तक प्रवाहित हुई। स्वर्वेद के दोहों की संगीतमय प्रस्तुति से सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे।दिव्यवाणी के पश्चात मुख्य आगंतुकों को संत प्रवर जी के हाथों विहंगम योग का प्रधान सद्ग्रन्थ स्वर्वेद भेंट किया गया। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग सन्त समाज के शताब्दी समारम्भ महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज 17 जुलाई को संकल्प यात्रा का शुभारंभ कश्मीर की धरती से हो चुका है। संकल्प यात्रा कश्मीर, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उड़ीसा के पश्चात छत्तीसगढ़ में विगत ग्यारह दिनों में 12 स्थानों पर संकल्प यात्रा कार्यक्रम होते हुए आज जगदलपुर में पहुँच चुकी है।

**17 एवं 18 दिसंबर 2023 को विशालतम ध्यान:** साधना केंद्र स्वर्वेद महामंदिर, वाराणसी के पावन परिसर में 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होना है। उसी क्रम में यह संकल्प यात्रा हो रही है जिससे अधिक से अधिक लोगों को पूरे भारत वर्ष में लाभ मिले। इस शताब्दी समारम्भ महोत्सव में विहंगम योग के प्रणेता अनंत श्री सदगुरू सदाफल देव जी महाराज की 135 फिट से भी ऊंची प्रतिमा का भी शिलान्यास होगा। इस अवसर पर बबन सिंह (निदेशक), कोटेश्वर चापड़ी उपाध्यक्ष, महेश चापड़ी, दिनेश सिंह, दिनेश राव, सत्येंद्र स्वर्वेदी, उमेश पांडेय, प्रशांत यदु, कंवल नायक, जंगम कन्ना, सुनील पिल्ले, वीरेंद्र निषाद, हरेश साहू, एस एस जैन आदि उपस्थित रहे।

# पालतू मवेशियों का राष्ट्रीय राजमार्ग पर विचरण रोकने भानपुरी में ग्रामीणों की बैठक

## पालतु पशुओं की समुचित देखरेख करने ग्रामीणों ने जताई सहमति



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग में पालतू पशुओं के विचरण को रोकने सहित सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने की दिशा में पशुधन विकास विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सडकों में विचरण करने वाले पालतू पशुओं पर रेडियम बेल्ट लगाने सहित टैगिंग कर उन्हें गौठान एवं कांजी हाउस में विस्थापन किया जा रहा है

। सयुंक्त संचालक पशुधन विकास विभाग जगदलपुर डॉ डीके नेताम ने बताया कि इसी कड़ी में 19 अगस्त को पशु चिकित्सालय फरसागुड़ा भानपुरी क्षेत्र के नेशनल हाईवे क्रमांक 30 एवं हाईवे से लगे गौठान ग्राम पंचायत भानपुरी में पंचायत पदाधिकारियों,पशुपालकों, किसानों, गौठान समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर नेशनल हाईवे 30 पर आने वाले पशुओं के विचरण पर रोकथाम करने एवं उनसे होने वाले कठिनाईयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सड़कों पर पालतू पशुओं के विचरण रोकने हेतु मवेशियों की देखरेख किये जाने तथा मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की समझाईश दी गयी। बैठक के दौरान गौठान ग्राम के संरपंच,गौठान समिति अध्यक्ष एवं सदस्य, पंच, कोटवार तथा उपस्थित ग्रामवासियों को चारा उत्पादन, पैरा का यूरिया उपचार और पालतू मवेशियों को मौसमी बीमारियों से बचाव करने सहित उपचार सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही हाईवे पर विचरण करने वाले पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया जिससे पशुओं को भारी वाहनों एवं अन्य कारणों से होने वाले दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस बारे में समस्त पंचायत प्रतिनिधियों, पशुपालकों, किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा अपने पालतू पशुओं का भविष्य में उन्मुक्त विचरण पर पाबंदी लगाने के साथ ही पालतू मवेशियों की समुचित देखरेख किये जाने सहमति व्यक्त की गई। वहीं उक्त सम्बंध में निकटतम ग्राम पंचायतों में भी जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए ग्रामीणों द्वारा सहमति जतायी गयी।

# सीआरपीएफ ने सद्भावना दिवस पर देश में शांति व सद्भावना बढ़ाने में योगदान देने के लिए लिया शपथ

**सुकमा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी मुख्यालय में 4 अधिकारी, 56 अधिनिस्थ अधिकारी एवं 138 कार्मिकों के द्वारा च्सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में देश में शांति एवं सद्भावना बढ़ाने में योगदान देने के लिए शपथ ग्रहण लिया गया। यह दिवस भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी जन्म जयंती 20 अगस्त को हर साल सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 20 अगस्त को सरकारी अवकाश होने की वजह से सरकार के निर्देशानुसार यह च्सद्भावना दिवसज 19 अगस्त को मनाया गया।



इस दिवस का आयोजन सभी धर्मों के बीच सामुदायिक समरसता राष्ट्रीय एकता, शांति, प्यार और लगाव को लोगों में बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, उप कमाण्डेन्ट टी. सैमसन राजू उप कमाण्डेन्ट भास्कर भट्टाचार्य, डॉ अनील कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट राकेश कुमार ठाकुर, द्वितीय वाहिनी एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी, जवान आदि उपस्थित थे। वहीं सेकेंड बटालियन के कंपनी बी समवाय फुलबगड़ी में सहायक कमाण्डेन्ट राकेश कुमार ठाकुर , सी सवमाय गादीरास में प्रज्वल एन. पी., ई समवाय कोर्रा में निरीक्षक श्रीरंजन एस, एफ समवाय रामाराम में निरीक्षक डी भीमसिंह व जी समवाय गोरगुण्डा में सहा. कमाण्डेन्ट अश्वनी कुमार सिंह के द्वारा सद्भावना दिवस मनाया गया। कमाण्डेन्ट रतिकान्त बेहेरा ने जवानों को संबोधित करते हुए भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के द्वारा देश में एकता, आपसी सौहार्द्र स्थापित करने और हिंसा तथा आतंकवाद को रोकने के लिए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताया गया। साथ ही सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व जवानों को सुझाव दिया की अपनी-अपनी ड्यूटि के दौरान सामुदायिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं शांति को ध्यान रखते हुए ईमानदारीपूर्वक, ड्यूटी करें। उन्होंने कहां कि सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के वीर सपूतो ने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना को और 09 अप्रैल 1965 को पाकिस्तानी ब्रिगेड को बहादुरी और जाबाजी से लोहा लेते हुए पिछे हटने पर मजबूर कर दिया था। द्वितीय वाहिनी ने देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाये रखने में इसी प्रकार हमेशा योगदान दिया है और भविष्य में भी बिना भेद-भाव के अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

# कलेक्टोरेट में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु अनुमोदित सूची जारी

## 31 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देश के परिपालन में कलेक्टोरेट में जिला स्थापना अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रेस विज्ञाप्ति 26 मई 2023 द्वारा जारी किया गया था। इस हेतु जिला स्तरीय भर्ती हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रोसेस सर्वर, फर्राश एवं अर्दली के रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की कम्प्यूटराईज्ड सूची का अवलोकन उपरांत दावा-आपत्ति आमंत्रित किये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदित सूची का प्रकाशन किया गया है। अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट ड्डड्ढह्यह्लड्डह्म्.द्दश1.द्बठ्ठ एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर उक्त सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो वे पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही 31 अगस्त 2023 को दोपहर 2 बजे तक जिला कार्यालय जगदलपुर में अपना अभ्यावेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। कोरियर अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये गये दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा। उक्त नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

# छग मूर्तिकार चित्रकार संघ बस्तर संभाग ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

## स्थानीय कलाकारों को शासकीय कार्य में प्राथमिकता की मांग



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत, बस्तर जिला अध्यक्ष बलदेव नागे व अन्य संघ सदस्यों ने पीसीसी अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज को ज्ञापन सौंपा जिसमें सरकारी विभागों में होने वाले कला से संबंधित कार्यों को ठेकेदारी प्रथा से अलग करने की मांग की है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा घोषित पंजीकृत कलाकारों को दिये जाने वाले चिन्हारी कार्ड आबंटित करने और चिन्हारी कार्ड के आधार पर सीधे स्थानीय अनुभवी कलाकारों को काम देने की मांग भी की है जिससे स्थानीय कलाकारों को अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त हो। मदन उपाध्यक्ष, बलदेव नागे सचिव, रघु सारथी, राजेश सोना सह सचिव,सलाहकार समिति के रमेश राव, रघु कौशल,सीताराम यादव, बच्चन यादव अभिमन्यु उपस्थित थे।

# नव विवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करने स्वीप ने चलाया अभियान



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जोर-शोर से स्वीप के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शनिवार को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में शिविर आयोजित कर नव विवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान नव दुल्हनों का स्वागत भी किया गया। इस दौरान स्वीप अभियान के प्रभारी शरद गॉड के साथ काफी संख्या में आधिकारिक कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर व पीठासीन अधिकारी ने महापौर के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन आहूत की 29 को

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 23 (क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरपालिक निगम जगदलपुर महापौर सफीरा साहू के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन आहूत किया गया है। सम्मिलन 29 अगस्त को दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में होगी।

## स्कूल-कॉलेजों के शिविर में मतदाताओं ने नाम जुड़वाया

**बिलाईगढ़,** 19 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के तीनों विकासखंड बरमकेला, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के स्कूल-कॉलेजों में नये और ग्रामीण एवं शहरी मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म 6 भरा और मतदाता शपथ लिया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलटिकरी में स्कूली बच्चे, जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है उनको नये मतदाताओं के रूप में फार्म-6 भरने के लिए कहा और वहां उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को मतदान के लिए मतदाता शपथ दिलाई। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव और शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय भटगांव में विद्यार्थियों को निर्वाचन के लिए मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और सुधार करने के लिए फार्म-6,7 और 8 के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को लोगों में मतदान जागरूकता हेतु सामाजिक जनचेतना के लिए योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# स्वामी करपात्री जी का प्राकट्य महोत्सव

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सनातन धर्म ध्वज संवाहक गौरक्षा आंदोलन के प्रेरणा स्त्रोत आध्यात्मिक क्रांतिकारी महान विभूति धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी का प्राकट्य महोत्सव गोवर्धन मठ से सम्भन्ध पीठ परिषद रायपुर प्रांतीय आवाहन पर गुरूवार को बस्तर संभाग आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के तत्वाधान में बस्तर अंचल के सनातनी जनों ने शहर के बालाजी वार्ड स्थित सीताराम शिवालय मंदिर में धार्मिक आयोजन कर स्वामी करपात्री महाराज के जीवन पर संगोष्टि किया गया। स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के उपस्थिति में इसका प्राण प्रतिष्ठा हुआ। प्राकटय महोत्सव कार्यक्रम में पंडित आचार्य रोमित राज त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम करपात्री जी के चित्र पर विधिविधान और मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना किया गया।



आचार्य पडित रोमित राज त्रिपाठी द्वारा स्वामी करपात्री जी के जीवन और भारत मे उनके सनातन धर्म के लिए किए गए महान कार्य ग्रंथ रचनाएं व्याख्यान के माध्यम से उपस्थित जनों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया आज हमे जो मंदिरों मठ में धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो जय घोष सुनने को मिलता है, उसकी रचना स्वामी श्री करपात्री महाराज ने किया। सनातन धर्म जागरण के लिए उन्होंने लंबी यात्राएं की गौ रक्षा आंदोलन, रामराज परिषद का गठन किया। गौ रक्षा के लिए उन्होंने पूरे देश में जन जागरण का कार्य किया। गौरक्षा के लिए उन्होंने 1966 में पूरे देश साधु संतों को एकजुट कर दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन किया था। जिसे आज भी लोग देश के प्रमुख आंदोलन में स्मरण करते हैं। स्वामी जी द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए अनेक कार्य किए गए। व्याख्यान के बाद उपस्थित जनों ने करपात्री जी के स्मरण कर दो मिनट का मौन धारण कर याद किया। उपस्थित सनातनियो ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्री राम जय राम जय जय राम का भजन किया। ततपश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आचार्य पंडित रोहित राज त्रिपाठी, अनिल सामंत, योगेश शुक्ला, मनोज पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर,अनिरुद्ध मिश्र,किरण शुक्ला, मृदुल मलिक, उदय दुबे, सिमरन घोष, शिव चाडक, गुड्डू तिवारी, गुप्तेश्वर सोनी, अमर झा, सूर्य भूषण सिंह, राकेश त्रिपाठी शुक्ला,गीता शुक्ला,बसंती सामंत, शतरूपा मिश्रा, शिखा घोष, बबली शुक्ला अलका सेगर, माया तिवारी हेमलता नामदेव चंद्रलेखा बाजपेई अहिल्या मिश्रा अन्नू तिवारी व अन्य मातृशक्ति उपस्थित थी।

# कल से समस्त स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**सुकमा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य फेडरेशन से जुड़े बीएमओ, डॉक्टरस, स्टाफ नर्स, ग्रामीण सवास्थ्य संयोजक, सहायक चिकित्सा अधिकारी, सहित रेगुलर अधिकारी व कर्मचारी 21 अगस्त से जिला स्तर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। वेतन विसंगति सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य फेडरेशन से जुड़े रेगुलर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक के बाद लिया गया निर्णय। जहां जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन के संबंध में चर्चा कर अगामी 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है । स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा डॉक्टर, नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों की मांगों पर आज तक ध्यान नहीं दिया। इससे नाराज होकर स्वास्थ्य विभाग के 14 संगठन ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य फेडरेशन बनाकर हड़ताल करने का एलान किए है। इससे पहले 11 अगस्त को एकदिवसीय धरना रायपुर में दिया गया था, जिसमे पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। मांग पूरी नहीं होने पर 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांग में वेतन विसंगति 2200 ग्रेड-पे से 2800 ग्रेड-पे, प्रति माह अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन, कोविड भत्ता समेत अन्य शामिल हैं।



## प्रादेशिकी का शेष...

### पहली बैठक में ही एक्शन...

प्रधानमंत्री आवास ,अमृत मिशन व अन्य विभागों की योजना के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया । समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त हरेश मंडावी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ,सभी अपना कार्य ईमानदारी से समय सीमा में पूर्ण करें । सभी विभाग अपना समन्वय स्थापित करते अपना कार्य करें । इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मिश्रा ,राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ,के अलावा निगम के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे ।

### लखेश्वर बघेल ने लामकेर...

क्यों न हो आज आपके पास जोश है, समर्पण है, आपको कोई पराजित नहीं कर सकता। एक कहावत याद दिला दूं रामकृष्ण परमहंस ने कहा कि आप आराधना करें, पूजा करें, किसी भी रास्ते में चलें कोई भी मार्ग हो सकता है सब पहुंचता एक ही जगह है। इसका प्रतिनिधि किसी ने किया तो महात्मा गांधी ने किया जो सबको साथ लेकर चलने की बात कही। कांग्रेस पार्टी ने उनका अनुसरण करते हुए सबको जोड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य और बोलने का अधिकार दिया। इस दौरान चंदर राम कश्यप, ढोलूराम, समलूराम, मनीराम बघेल, गणेश बघेल,रघुराम कश्यप, सुबस कश्यप,लुदरू कश्यप, सुबस कश्यप,देवीराम कश्यप, अध्यक्ष गणेश बघेल, बैद्यनाथ मौर्य, जगमोहन बघेल,शोभा मारकंडे,धरम गोयल, बैशाखु राम, धनुरजय, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, कृपालु सुखचंद कश्यप, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बालिका शिक्षा को ...

कही। कांग्रेस पार्टी ने उनका अनुसरण करते हुए सबको जोड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य और बोलने का अधिकार दिया। इस दौरान चंदर राम कश्यप, ढोलूराम, समलूराम, मनीराम बघेल, गणेश बघेल,रघुराम कश्यप, सुबस कश्यप,लुदरू कश्यप, सुबस कश्यप,देवीराम कश्यप, अध्यक्ष गणेश बघेल, बैद्यनाथ मौर्य, जगमोहन बघेल,शोभा मारकंडे,धरम गोयल, बैशाखु राम, धनुरजय, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, कृपालु सुखचंद कश्यप, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नर्मदेश्वर हवनात्मक ...

मानें तो श्रावण मास में हर परिवार रूद्राभिषेक नहीं कर पाता, लेकिन सक्षम की पहल पर ज्यादा से ज्यादा भक्तों को भगवान शिव का रूद्राभिषेक करने का अवसर मिल पाया है। शनिवार को देर शाम रूद्राभिषेक के बाद रविवार की सुबह से फिर महारूद्राभिषेक के अनुष्ठान को आगे बढ़ाया जाएगा।

# डेलियन्स पद्दा ने हाथों से बनाया विधायक का हूबहू तस्वीर

**भानुप्रतापपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सोलह वर्षीय डेलियन्स पद्दा बचपन से ही पेंटिंग बनाने की शौकीन है वे पेंसिल की मदद से पेंटिंग्स बनाते आ रहा है। हालहि में उनके द्वारा पूर्व विधायक स्व श्री मनोज सिंह मंडावी एवं वर्तमान विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी की हूबहू चित्र आकृति बनाकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें वह चित्र भेट की। विधायक ने चित्र देखकर सराहना किया एवं भविष्य में पेंटिंग्स कलाकृतियों में ओर भी निखार आये इसके लिए वे हर संभव मदद करने की बात कही व खैरागढ़ विश्वविद्यालय तक उनके चित्र को पहुचाने की आश्वासन दी।



आपको बताते चलते है कि डेलियन्स पद्दा पिता स्व ओम प्रकाश पद्दा संतोषी पारा भानुप्रतापपुर का निवासी है। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यायल की कक्षा 11वीं का छात्र है। पिता का साया बचपन से ही उठ गया है। जिससे घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। वे अपने चाचा जय पद्दा पेंटर के साथ रहते हुए बचपन से ही पेंटिंग्स चित्रकारी आर्ट में रूचि रही। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के बाद ज़ब भी समय मिलता है मैं खेलने कूदने के बजाय अधिक से अधिक समय पेंटिग्स का कार्य करता रहता हूं। शुरुवात से ही कार्टून व देवी देवताओं की पेंटिंग्स बनाते आ रहा हूँ ,विगत कुछ वर्षो से लोगो की मांग पर कलाकार व लोगो की पेंटिंग्स बनाई है। उन्होंने बताया कि एक पेंटिंग्स तैयार करने में लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है, एवज में 500 से 700 रुपये मिल जाते है।

डेलियन्स पद्दा ने कहा कि पेंटिंग्स के क्षेत्र में आगे जाना चाहता हूँ पर मुझे न ही कोई मदद मिल रहा है और न ही घर की आर्थिक स्थिति ठीक है। मैं भी चाहता हूँ पेंटिंग्स के क्षेत्र बहुत नाम कमाऊ पर नही कर पा रहा हूँ। शायद नेताओ से उम्मीद की आश जगी है। विगत कुछ दिनों से अन्य पेंटिंग्स के साथ राजनेताओ की पेंटिंग्स बनाने शुरू किया है,जिनमे पूर्व एवं वर्तमान विधायक है। मै अपने पेंटिंग के माध्यम से अपने क्षेत्र को पहचान दिलाना चाहता हु उन्होंने कहा कि आगे अब मैं जिला

**कलेक्टर की पेंटिंग बनाकर उन्हें भेंट करू, मैडम जी बच्चों को**

पढ़ाई के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी काफी प्रोत्साहित करती है। जिला प्रशासन के द्वारा अन्य प्रतियोगिता के साथ ही पेंटिंग्स के भी प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए ताकि आगे जाने का अवसर मिल सके। वही शासन प्रशासन से भी आर्थिक मदद के साथ ही कला को निखारने हेतु कला विद्यालय में निशुल्क एडमिशन का सहयोग करने की अपेक्षा ब्यक्त की।

# अनुज राईस मिल हल्बा कचोरा जगदलपुर में अनियमितता पाए जाने पर जप्त चावल व धान सहित एफडीआर राजसात

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मेसर्स अनुज राईस मिल हल्बा कचोरा जगदलपुर में 9 फरवरी 2023 को जांच के दौरान 3639 चि्ंटल धान कम पाये जाने एवं धान एवं चांवल के स्टाक से संबंधित पंजियों का संधारण नहीं किये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन किये जाने के संबंध में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

प्रकरण की विधिवत सुनवाई करते हुये कस्टम मिलिंग हेतु राईस मिलर्स को जो धान प्रदाय किया गया था, उक्त धान की मात्रा निरीक्षण के दौरान नहीं पाई गई तथा उस अनुपात में जो चांवल जमा कराया जाना था उक्त चांवल को भी निर्धारित समयावधि तक पूर्ण रूपेण जमा नहीं कराये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 एवं छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश 2016 की धारा 10 के तहत अनावेदक श्रीमती प्रतिभा देवागंन पति प्रदीप देवागंन मेसर्स अनुज राईस मिल निवासी हल्बा कचोरा जगदलपुर से जप्त किये गये 200 चि्ंटल धान एवं 487 चि्ंटल चावल को राजसात किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा जमा हेतु शेष चांवल 2341 चि्ंटल निर्धारित समयावधि तक जमा नहीं करने के कारण उक्त चांवल की जमा हेतु शेष राशि की राशि के बराबर राशि का समायोजन उनके द्वारा वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 को जमा बैंक गांरटी से किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# भेंट मुलाकात कार्यक्रम, मुख्यमंत्री के सामने मंच पर ही सरकार का पोल खोल रहे हैं युवा : बालसिंह बघेल

**कोण्डागांव,** 18 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल कहा कि मुख्य मंत्री के भेट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जो विचार युवा, मंच पर रख रहे हैं, उससे सरकार की योजनाओं का पोल खुल रहा है, कहां है छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी नरवा गुरुवा घुरवा बाड़ी। मुख्य मंत्री युवाओं को मंच उपलब्ध करा रहे हैं और कई घोषणा करते हैं। युवाओं को लुभाने का प्रयास कर हकीकत से कोसों दूर हैं। महाविद्यालय में कोई सुविधा नहीं है और सुविधाओं की घोषणा तो करते हैं घोषणा पर अमल नहीं करते हैं। मंच से खुद भ्रष्टाचार की बात करते हैं और सबसे बड़ी भ्रष्ट सरकार इन्हीं की है। इनको राशन कार्ड में भ्रष्टाचार दिखता है, पर कोयला घोटाला, दारू घोटाला और अब गोबर घोटाला जैसे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं। युवाओं से भेंट मुलाकात कर युवाओं को अन्याय और छल का भरोसा दे रहे हैं। भूपेश सरकार ने गोबर खाद के नाम पर मिट्टी देकर किसानों को छल किया है और कर्मचारियों को नियमितीकरण नहीं करके उनके साथ अन्याय किया है। महाविद्यालय खोलने की घोषणा तो कर रहे हैं और कहीं खुल भी गया है, पर पढ़ाने वाले टीचर नहीं हैं। शासकीय महाविद्यालय में सुविधाओं के नाम पर सिर्फ घोषणा और घोषणा है, अमल नहीं, मुख्य मंत्री भूपेश बघेल सिर्फ तालियां बटोरने के लिए कार्यक्रम कर रहे हैं तालियां बजती



रहती है। घोषणा होती रहती है। इधर से तालियां बंद, उधर से घोषणा बंद। बालसिंह बघेल ने कहा कि जितनी देर जनता मुख्य मंत्री की बातों पर तालियां बजाती है, जिंदाबाद के नारे लगाए जाते हैं, तब तक घोषणा की झड़ी लगा देते हैं, जैसे ही तालियां एवं जिंदाबाद के नारे बंद हो जाते हैं, वैसे ही घोषणा बंद और घोषणा के कागज कूड़ादान में डाल दिया जाता है। वही सिलसिला सालों भेंट मुलाकात कार्यक्रमों में चला आ रहा है, कभी महिलाओं को ऋण माफी का झुनझुना पकड़ाया जाता है, तो युवाओं को रोजगार का झुनझुना पकड़ाया जाता है।

कभी कर्मचारी को झुनझुना पकड़ाया जाता है, तो कभी किसान को झुनझुना पकड़ाया जाता है, तो कभी जनप्रतिनिधियों को झुनझुना पकड़ाया जाता है। एक तरफ मुख्य मंत्री भूपेश बघेल जनता को झुनझुना पकड़ा रहे हैं, दूसरी ओर उनके मंत्री मंडल के साथ प्रदेश भर में झुनझुना पकड़ाने का अभियान चला रहे हैं। जिला कोंडागांव के ग्राम पंचायत राजागाव में मुख्य मंत्री भूपेश बघेल ने भेट मुलाकात का कार्यक्रम किया था, उसमें कई घोषणा किए गए थे, हमें भी लगा था कि गांव के देवी देवता के मंदिर प्रांगण में बैठकर अगर घोषणा कर रहे हैं तो सही ही होगा, लेकिन घोषणा के कई माह बीत जाने के बाद सच्चाई सामने आयी और घोषणा मात्र झुनझुना साबित हुआ। घोषणा के कई माह बाद भी मुख्य मंत्री की घोषणा पर न तो कोई पहल नजर आ रहा है, न कोई अमल हो रहा है। पीछले पौने चार साल में प्रदेश की जनता इनके झुनझुना योजना का लाभ मिल रहा है, लोग छल और अन्याय का शिकार हो रहे हैं। स्व सहायता समुह की महिलाओं से किया गया वादा कब पूरा होगा ? पांच साल में एक भी पैसे का ऋण माफी नहीं हुआ। कभी कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया गया, तो कभी बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा किया गया। यहां तक कि प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ भी इन्होंने धोखा किया है, पंचायतों को 50 लाख रुपए का निर्माण कार्य, जनपद सदस्य विकास निधि, जिला पंचायत सदस्य विकास निधि के नाम पर सिर्फ झुनझुना पकड़ाया गया। पौने पांच साल में विकास कहीं दिख नहीं रहा है, सिर्फ घोषणा का शोर है, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का नारा तो दे दिया पर छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया।

# पारंपरिक गौर नृत्य के साथ मतदाता जागरूकता

**दंतेवाड़ा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप चलाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम निरंतर सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। स्वीप के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन इत्यादि के लिये लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। गली मोहल्ले में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। आज विशेष शिविर आयोजित कर जिले में दण्डामी माड़िया थीम पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा गौर नृत्य का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथ पर आने के लिए लोगो से बढ़ चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मेरा वोट मेरा अधिकार के नारे लगाते हुए लोगों से वोटिंग की अपील की गई। साथ ही वोट डालना उनका अधिकार है यह समझाइश देते हुए लोगों को जागरुक किया गया।लोगो में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, आम नागरिकों ने जागरूकता रैली निकाली।



**मानव श्रृंखला एवं रंगोली बनाकर मतदान का संदेश**

इसी तरह स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में मानव श्रृंखला बनाकर सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 18 आयु वर्ष पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए अपील की जा रही है। लोगों से वोट डालने जागरुक करने के लिए विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली के जरिए मतदाता जागरूकता अभियान पर प्रकाश डाला जा रहा है। जमीन पर बनाई गई आकर्षक रंगोली हर किसी को अपनी तरफ आकर्षित करते हुए लोगों को वोट के महत्व के बारे में बता रही थी।रंगों से सराबोर तिरंगा व नारे से लोकतंत्र में मतदाता व मतदान के महत्व से लोगों को अवगत कराने की कोशिश,कर लोगों से मतदान करने का अनुरोध किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा मतदान विषय पर एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली बनाकर लोगों को मतदान का संदेश दिया गया। आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंड में जागरूकता रथ के माध्यम से ईवीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन करते हुए मतदान करने की प्रक्रिया बताई जा रही है।

# युकां नेता जोगराज का बढ़ा कद

**दंतेवाड़ा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। इस समय छत्तीसगढ़ में चुनावी रंग चढ़ा हुआ है चुनावी माहौल में रोज नई नियुक्तियों का दौर भी कॉंग्रेस पार्टी में जारी है, इसी क्रम में छत्तीसगढ़ युवा कॉंग्रेस ने निर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों के कार्यों का पुन: विभाजन करते हुए उनको अलग अलग प्रकोष्ठ, संभाग, जिलों के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है।



इसी कड़ी में बस्तर के युवा नेता जोगराज बुरड़ को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी दी है। पूर्व में भी जोगराज, कद्दावर कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा और पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के क्षेत्र का प्रभार संभाल चुके हैं और छत्तीसगढ़ के इस अंतिम छोर में भी कई बार पहुंच कर कार्यक्रम कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। अब छत्तीसगढ़ की राजधानी का प्रभार देकर संगठन ने एक बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधो पर सौंपी है। जिससे कॉंग्रेस की राजनीति में लगातार उनका कद भी बढ़ता ही जा रहा है। कुछ माह में राज्य में चुनाव हैं और इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना अपने आप मे एक बड़ी चुनौती भी होगी। जोगराज ने बातचीत में बताया कि आने वाले चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम होगी। इसबार फिर से युवाओं के दम पर सरकार बनाएंगे और जो संगठन ने जवाबदारी दी है उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करने की कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक, प्रभारी, युकां अध्यक्ष और सभी वरिष्ठ नेताओं का उन्होंने आभार माना। उन्होंने कहा है कि इन सभी के मार्गदर्शन में युवा साथियों के साथ तालमेल बनाकर 2023 के चुनाव की रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा।

- मिशन 2023 में अब संभालेंगे राजधानी का प्रभार
- पहले मंत्री लखमा और पूर्व पीसीसी चीफ के क्षेत्र की थी जिम्मेदारी

# शा. उमावि शामपुर सेजेस हिन्दी की बालिकाओं को मिला, नि:शुल्क सरस्वती सायकल

**कोण्डागांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शा. उमावि शामपुर (सेजेस हिन्दी) में शासन की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत सायकल वितरण कार्यक्रम 19 अगस्त 2023 को आयोजित की गई। शा.उ.मा.विद्यालय शामपुर के खेल प्रांगण में आयोजित सायकल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य एवं अन्य अतिथियों के रुप में आमंत्रित जनप्रतिनिधियों के करकमलों से एवं ग्राम शामपुर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शाषकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर (सेजेस हिन्दी) में अध्ययनरत कुल 19 छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती सायकलें प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्रीमति टोकेश्वरी नेताम (सरपंच शामपुर), भुनेश्वर चौहान (पूर्व जनपद उपाध्यक्ष माकड़ी), उप सरपंच सुगन पांडे, हरेन्द्र पटेल ग्राम पटेल शामपुर, जागेश्वर मरकाम अध्यक्ष शाला विकास समिति शामपुर, श्रीमति सुकली पोयाम पुर्व सरपंच शामपुर, श्रीमति कंचन सोरी पूर्व सरपंच मारागाँव, भानु ठाकुर पंच शामपुर, मंगुराम मरकाम, दस्सुराम दीवान, भरत पांडे, पिताम्बर मानिकपुरी, पारेश्वर ठाकुर एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



वहीं सेजेस (हिन्दी/अंग्रेजी) माध्यम के लगभग सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारियों में प्राचार्य अनुप कुमार विष्वास, उपप्राचार्य श्यामलाल नेताम के अलवा, सहदेव सिदार, भरत मंडावी, सुश्री रश्मि चंद्रवंशी, सुकालूराम मरकाम, राजेश नेताम, अनिल पैंकरा, बाबूलाल दीवान, कोमल पोयाम, समदूराम कश्यप, तिलकनाथ पटेल, श्रीमती रेवती पटेल, श्रीमती दिप्ती गायधने, सुशील सिंह, प्रशांत पॉल, श्रीमती रेखा साहू, सुश्री श्वेता टोप्पो, सुश्री हिमांशी गोलछा, सुश्री अंजनी जायसवाल, चन्दन मिनोचा, दुर्ग्रेश कुमार, साहित्य पूरी गोस्वामी, मुकेश कुमार यादव, सुश्री प्रियंका सोनबेर, श्रीमती कविता कोर्राम, सुश्री साक्षी देवांगन, सुश्री दिव्या नेताम, विपिन पेगड़, रघुसिंह जीराम, श्रीमती शमीम मनु, सुश्री यामिनी कौशिक एवं सुश्री चेतना यादव आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## सार-संक्षेप

### आजादी के अमृत महोत्सव पर सीमा सुरक्षा बल ने मूल्ला कैंप में पौधारोपण किया



**भानुप्रतापपुर,** 19 अगस्त। 18 अगस्त 2023 को सीमा सुरक्षा बल के 81 वी वाहिनी मूल्ला कैंप में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया । श्री राजेश कुमार लंगेह, कार्यवाहक कमांडेंट के कर कमलों द्वारा 81 वी वाहिनी सामरिक मुख्यालय मुल्ला कैंप, भानुप्रतापपुर में वृक्षारोपण किया । इस अवसर पर, प्रशांत मिंज, द्वितीय कमान अधिकारी, पदम सिंह, उप कमान अधिकारी, डॉ. दिनेश कुमार अधीनस्थ अधिकारीगण, एवं 81वीं वाहिनी जवान भी उपस्थित थे और उन्होंने भी वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। इस दौरान 200 पौधे रोपित किए गए।

### फरसगांव पुलिस ने 15 हजार का गांजा जप्तकर आरोपी पर की कार्रवाई



**कोण्डागांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। थाना फरसगांव पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के आरोपी के कब्जे से 15 हजार रूपये का गांजा जप्त करके आरोपी पर कार्यवाही की गई। जिला कोण्डागांव के थाना फरसगांव क्षेत्रांतर्गत अवैध गांजा तस्कर की सूचना प्राप्त हो रही थी, उक्त सूचना पर एस.पी.कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के द्वारा सख्त कार्यवाही के आदेश से एडि.एस.पी. दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन में तथा एस.डी.ओ.पी. फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में लगातार नजर रखी जा रही है। 18 अगस्त 2023 को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए गांजा तस्कर आरोपी अनतराम पोयाम पिता फरसराम पोयाम 56 वर्ष जाति कलार निवासी पासंगी प्लाटपारा थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव छ.ग. को एक सफेद पीला रंग का प्लास्टिक झोला में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर रायपुर की ओर जाने के लिये बड़ेडोगर तिराहा फरसगांव में खड़े होकर बस का इंतजार कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 1.480 किलो गांजा जप्त किया गया है। गांजा तस्कर के विरूद्ध विधिवत् कार्यवाही करते हुए मामला अजमानतीय होने से आरोपी अनतराम पोयाम को गिरफ्तार कर 19 अगस्त 2022 को विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# मुरारीपारा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, बरगद, पीपल पौधों का रोपण किया

**कोण्डागांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर को अविस्मरणीय बनाने हेतु मुरारीपारा में बरगद एवं पीपल पौधों का रोपण करने के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ 77वीं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।



शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में आजादी की अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर आजादी की 77 वीं स्वतंत्रता दिवस को संयुक्त रूप से ग्रामीणजनों की उपस्थिति में तिरंगा रैली निकालकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं ग्राम सरपंच संजय उईके द्वारा भारत माता एवं अमर शहीदों की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में ध्वजारोहण किया तथा आंगन बाड़ी में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कश्यप एवं उच्च प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में पूर्व सरपंच सुखचंद कश्यप ने ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण पश्चात सामुदायिक सहभागिता से निर्मित रंग मंच पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा काफी सराहा गया। समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि सरपंच संजय उईके के हांथों से सम्मानित किया गया।

सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को अमर शहीदों के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए देश हित एवं समाज हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। आजादी के अमृत महोत्सव को अविस्मरणीय बनाने हेतु शाला परिवार, मुख्य अतिथि एवं जन समुदाय के द्वारा शाला परिसर में बरगद एवं पीपल का पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पालक बालक बैठक का आयोजन कर कार्य योजना तैयार करते हुए शाला विकास एवं छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक विकास पर जोर दिया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, पालकगण, शिक्षक, सरपंच संजय उईके, उप सरपंच भावसिंह भारद्वाज, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कश्यप, स्व सहायता समूह अध्यक्ष सुकरी यादव, पूर्व सरपंच सुखचंद कश्यप, संकुल समन्वय उमेश भारती, प्रधानाध्यापक पवन कुमार साहू प्राथमिक विभाग, प्रधानाध्यापक बी.आर.तुरकर माध्यमिक विभाग, स्व सहायता समूह के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस को सत्ता से हटाने जनता को चुनाव का इंतजार : रामू

**दंतेवाड़ा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य और भाजपा मंडल महामंत्री रामू नेताम ने जारी बयान में कहा है कि रायपुर के संकल्प शिविर में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के संबोधन में भाजपा कार्यकर्ताओं को हताश बताना दरअसल उनकी स्वयं की हताशा का प्रदर्शन था । दरअसल श्री बैज को कांग्रेस ने डूबती नाव का कप्तान बना दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में उन हार का ठीकरा फोड़ कर उनसे इस्तीफा लिया जा सके। कांग्रेस को सत्ता से हटाने जनता स्वयं चुनाव की प्रतीक्षा में है।




**जिपं सदस्य व भाजपा मंडल महामंत्री का बयान**

श्री नेताम ने आगे कहा है कि श्री बैज कांग्रेस के इन साढ़े चार वर्षों के शासन में हुए भ्रष्टाचार और एक भी विकास कार्यों के न होने की वजह से कांग्रेस के प्रति जनता के गुस्से को समझ चुके हैं, पर भाजपा कार्यकर्ताओं को हताश बताकर वो अपनी हताशा का प्रदर्शन कर रहे हैं। भाजपा का हर एक कार्यकर्ता जोश और उत्साह से लबरेज है क्योंकि उसके साथ प्रदेश की जनता खड़ी है, जबकि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने ही नेताओं से बुरी तरह नाराज है, और साढ़े 4 साल में ही उन्हें अपने नेताओं की सच्चाई पता चल गई है और वो भी आगामी चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने को तैयार बैठे हैं।

श्री नेताम ने कहा कि भाजपा ने अपने शासन के दौरान प्रदेश में विकास की गंगा बहाई थी। आज प्रदेश और जिलों में जो भी विकास कार्य नजर आ रहे हैं सभी भाजपा शासन की देन है। जनता ने कांग्रेस को एक अवसर दिया था, प्रदेश के विकास में भागीदारी निभाने का, पर कांग्रेस ने यहां भी अपने भ्रष्टाचार के और धार्मिक ,सांस्कृतिक भेदभाव के जहर से छत्तीसगढ़ की समरसता को खत्म करने का प्रयास किया। इससे आम जनता कांग्रेस को इस प्रदेश की सत्ता से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोण्डागांववासियों को दशकों तक नहीं होगी पेयजल की समस्या : मोहन मरकाम

**कोण्डागांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छग शासन में केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम का प्रयास फिर से रंग लाया, जब कोसारटेड़ा से कोंडागांव तक अमृत मिशन 2.0 के तहत कोसारटेड़ा से कोंडागांव तक जल प्रदाय योजना के अंतर्गत राशि 110 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई। नि:सन्देह इसके निर्माण के बाद कोंडागांववासियो को आने वाले दशकों तक पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने छग के मुख्य मंत्री भुपेश बघेल व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया को धन्यवाद प्रेषित कर कोंडागांववासियों की पेयजल की समस्या के निदान के लिए इस अतिमहत्वपूर्व कार्य की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम लगातार इस कार्य की स्वीकृति के लिए प्रयासरत थे, पूर्व में इस कार्य की स्वीकृति मिली थी, तब इस कार्य के लिए 45 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, लेकिन कोरोनाकाल के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया था और जिसकी वजह से कार्य के निर्माण की पुनरीक्षित राशि 110 करोड़ हो गई और मोहन मरकाम के लगातार प्रयास के बाद 10 अगस्त को राज्य स्तरीय हाई पावर स्टेयरिंग कमेटी की छठवीं बैठक में एजेंडा क्रमांक 2 (2.2) में जल प्रदाय योजना कोंडागांव अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति का निर्णय लेते हुए कार्य स्वीकृत किया गया। कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने की खबर से कोंडागांववासियों में प्रसन्नता है और सभी केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के इस सार्थक पहल के लिए साधुवाद ज्ञापित किया। जल प्रदाय योजना के निर्माण के पूर्ण होने के बाद यह योजना कोंडागांववासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।



**अमृत मिशन 2.0 के तहत जलप्रदाय हेतु 110 करोड़ की मिली प्रशासकीय स्वीकृति**

# आंखे अनमोल, इन्हें रोगों से बचाएं : तुलिका

**दंतेवाड़ा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। पौराणिक नगरी बारसूर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आज नेत्र शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्षा तुलिका कर्मा भी शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व छत्तीसगढ़ी राज गीत गाकर हुई।




मौके पर उपस्थित सभी बच्चों को संबोधित करते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि जिले में आई फ्लू का कहर जारी है, जिसे लेकर यह नेत्र शिविर काफी कारगर साबित होगा। हमारे शरीर में सबसे महत्वपूर्ण अंग है आँखे, जिसके कारण हम इस दुनिया को देख पाते हैं। इस कारण समय-समय पर इसकी जांच जरूरी है। जिपं अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों से विभिन्न प्रकार के सवाल किया, जिसका बच्चों ने काफी उत्साह के साथ दिया। वहीं बच्चों ने स्कूल के लिए माइक सेट की मांग रखी, जिसे तुलिका ने तत्काल स्वीकृति दी।

जिपं अध्यक्षा तुलिका से बच्चों ने अन्य मांग भी रखी, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के बीच में छात्रों ने कविता, गीत व अन्य विधाओं के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम पश्चात स्कूल के सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें की बच्चों को कुछ बीमारियों की शिकायत मिली, जिसे डॉक्टर की मदद से बेहतर इलाज हेतु परामर्श दिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका ने भी नेत्र शिविर में अपने आखों की जांच कराई व आखों को स्वस्थ रखने कई उपाए भी स्कूली बच्चों को दी। इस दौरान डीएमसी एसएल सोरी, एपीसी राजेन्द्र पांडे, पुरुषोत्तम यादव, बीईओ, बीआरसी समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे।

- नेत्र शिविर में शामिल होने बारसूर पहुंची जिपं अध्यक्ष
- स्कूली बच्चों को दी नेत्र संबंधी जानकारी
- बच्चों की मांग पर माइक सेट की मंजूरी

उल्टा पुल्टा

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
**मिंटू**- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
**चिंटू**- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
**मिंटू**- जाएगा?
**चिंटू**-जाऊंगा जरूर, मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

# शिक्षकों ने जलाई सरकारी आदेश की कॉपी

## 24 घंटे में हड़ताल खत्म कर लौटना था स्कूलों में, पुलिस ने प्रदर्शनकारी नेताओं को गिरफ्तार कर छोड़ा

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग की कार्यवाही के खिलाफ सहायक शिक्षकों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। सहायक शिक्षकों ने नवा रायपुर स्थित धरना स्थल तूता में विभाग के आदेश की कॉपी जलाई और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कई शिक्षक नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि देर शाम उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया है। सहायक शिक्षक एक सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश भर में प्रदर्शन कर रहे हैं।

दरअसल, कार्यवाही का आदेश 18 अगस्त को लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया था। जिसमें सभी संभागीय संयुक्त संचालकों, डी ई ओ और विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसमें पहले शिक्षकों को हड़ताल खत्म करने के लिए समझाने, फिर भी वे नहीं मानते तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। अगर वे 24 घंटे में स्कूलों में नहीं लौटते तो विभाग आगे की कार्यवाही करेगा।

**वेतन विसंगति दूर करने की मांग**

सहायक शिक्षक फेडरेशन वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर आंदोलनरत है। इसमें पूर्ण पेंशन के लिए 20 साल की सेवा किए जाने की मांग है। इसके खिलाफ ब्लॉक स्तर पर 10 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया गया है। इसके बाद शिक्षकों ने 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब में आक्रोश रैली की इजाजत मांगी थी, लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। फिर संघ ने अगले चरण में 18 अगस्त को जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया था।



**शिक्षक नेताओं को नजरबंद करने का दावा**

सहायक समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया प्रदेश के एक लाख से ज्यादा सहायक शिक्षक सभी जिलों में आंदोलन कर रहे हैं। हमने शासन के आंदोलन को दबाने वाले आदेश की होली जलाई है। हम वेतन विसंगति दूर करने की मांग कर रहे हैं। इस पर विचार करने की जगह प्रशासन हमारे ऊपर कार्यवाही करना चाहता है, जो गलत है। संघ का दावा है कि जेल भरो आंदोलन के ऐलान के बाद पुलिस ने कई शिक्षक नेताओं को हिरासत में लेकर नजरबंद कर दिया था।

**स्कूली बच्चे हो रहे हैं प्रभावित**

शासन और शिक्षकों के आपसी रस्साकशी में प्रदेश भर के कई स्कूल के बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षकों के स्कूलों में न पहुंचने से बच्चों को भी वापस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक कई स्कूलों में तालाबंदी की नौबत हो गई है।

**हड़ताली शिक्षकों को नोटिस जारी, जा सकती है नौकरी**

राजधानी में अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे 270 सहायक शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्धारित समय अवधि में लिखित प्रतिवाद नहीं प्राप्त होता है तो इन शिक्षकों के खिलाफ एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। उनकी सेवा समाप्ती की कार्रवाई की जा सकती है।

# राज्य में आज से 13 और नए अनुविभाग व 18 नई तहसीलें

## मुख्यमंत्री करेंगे महासमुंद से वर्चुअल शुभारंभ

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार 20 अगस्त से राज्य में 13 अनुविभाग और 18 तहसीलें अस्तित्व में आ जाएंगी और यहां विधिवत कामकाज शुरू हो जाएगा। नवगठित अनुविभागों एवं तहसीलों का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अगस्त को महासमुंद में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श राजीव गांधी की जयंती 'सद्भावना दिवस' के अवसर पर वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इन नवीन तहसीलों एवं अनुविभाग के प्रारंभ होने से राज्य में अब 122 राजस्व अनुविभाग एवं 250 तहसीलें हो जाएंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बीते पौने पांच सालों में शासन-प्रशासन को आम जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता और कसावट लाने के उद्देश्य से राज्य में नए जिले, अनुविभागों एवं तहसीलों को बनाए जाने की घोषणा की जाती रही है। वर्ष 2018 में राज्य में जिलों की संख्या 27 थी। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, सक्ती, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों का गठन होने के बाद राज्य में जिलों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है।

इसी तरह मुख्यमंत्री द्वारा अभी हाल ही में राज्य में 13 नवीन अनुविभाग एवं 18 नवीन तहसीलों के गठन की घोषणा की गई थी, जिनका विधिवत शुभारंभ 20 अगस्त को होगा। नवीन अनुविभागों एवं तहसीलों की स्थापना से शासकीय योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने में सुविधा होगी। शासन की योजनाएं एवं मूलभूत सुविधाएं आम जनता को आसानी से उपलब्ध होगी।



■ राज्य में अब 122 राजस्व अनुविभाग व 25 तहसीलें

**नवगठित 13 अनुविभाग**

वर्ष 2023 में 13 नवीन अनुविभाग जिला बस्तर अंतर्गत अनुविभाग बकावण्ड, जिला सुकमा अंतर्गत अनुविभाग छिंदगढ़, जिला सूरजपुर अंतर्गत अनुविभाग रामानुजनगर, जिला बालोद अंतर्गत अनुविभाग डौंडी, जिला जशपुर अंतर्गत अनुविभाग फरसाबहार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत अनुविभाग पलारी, जिला गरियाबंद अंतर्गत अनुविभाग छुरा, जिला बीजापुर अंतर्गत अनुविभाग उसूर (आवापल्ली), जिला महसमुंद अंतर्गत अनुविभाग बसना, जिला सरगुजा अंतर्गत अनुविभाग लुण्ड्रा (धौरपुर) एवं अनुविभाग उदयपुर, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत अनुविभाग केल्हारी तथा जिला बलरामपुर-रामानुजनगर अंतर्गत अनुविभाग शंकरगढ़ का गठन किया गया है।

**नवगठित 18 तहसीलें**

वर्ष 2023 में 18 नवीन तहसील जिला रायगढ़ अंतर्गत तहसील कापू, जिला सूरजपुर अंतर्गत तहसील भटगांव, जिला कबीरधाम अंतर्गत तहसील कुकदुर, जिला बस्तर अंतर्गत तहसील करपावण्ड जिला सुकमा अंतर्गत तहसील दोरनापाल एवं तहसील जगरगुण्डा, जिला राजनांदगांव अंतर्गत तहसील घुमका एवं तहसील कुमरदा, जिला बिलासपुर अंतर्गत तहसील पचपेड़ी, जिला जशपुर अंतर्गत तहसील बागबहार, जिला कांकेर अंतर्गत तहसील बान्दे, तहसील आमाबेड़ा एवं तहसील कोयलीबेड़ा, जिला सक्ती अंतर्गत तहसील चंद्रपुर, जिला गरियाबंद अंतर्गत तहसील फिंगेश्वर, जिला बेमेतरा अंतर्गत तहसील दाढ़ी, जिला सक्ती अंतर्गत तहसील भोथिया तथा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत तहसील सरसींवा का गठन किया गया है।

# राष्ट्रपति दो दिन के प्रवास पर 31 को पहुंचेंगी रायपुर

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति का पद सम्हालने के बाद द्रौपदी मुर्मू 31 अगस्त को पहली बार छत्तीसगढ़ आ रही हैं। दो दिन के प्रवास में राष्ट्रपति मुर्मू रायपुर और बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी।



राष्ट्रपति मुर्मू इंडियन एयरफोर्स के विशेष विमान से 31 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे रायपुर पहुंचेंगी। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति सीधे राजभवन आएंगी। राष्ट्रपति मुर्मू यहां विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। साथ ही वे महंत घासी दास संग्रहालय का दौरा करेंगी। इस दौरान राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन भी उनके साथ रहेंगे। इस दौरान उनके सम्मान में श्री हरिचंदन राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन करेंगे।

श्रीमती मुर्मू राजभवन में ही रात्रि विश्राम करेंगी। और अगले दिन 1 सितंबर को रायपुर से हेलीकॉप्टर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगी। जहां वे सबसे पहले रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में दर्शन करेंगी और उसके बाद बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। वहां से रायपुर लौटने के बाद वे अपने विशेष विमान से दिल्ली लौट जाएंगी।

# चुनाव घोषणा-पत्र के लिए लोगों से 31तक लिए जायेंगे सुझाव :अकबर

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए गठित कांग्रेस की घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर ने बताया कि घोषणा पत्र तैयार करने के लिए लोगों से 31 अगस्त तक सुझाव लिए जायेंगे। सुझाव देने के इच्छुक लोग प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आकर लिखित में अपने सुझाव दे सकते हैं। सुझाव देने के लिए ई-मेल की भी सुविधा रहेगी। इसके बाद आवश्यकता पड़ने पर आमजनों एवं अलग-अलग वर्गों के साथ चर्चा करेंगे।



**प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लिखित में सुझाव व ई मेल कर सकते हैं**

मोहम्मद अकबर ने बताया कि प्रदेश में अधोसंरचना के विकास तथा आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर चुनाव घोषणा-पत्र तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों के हितों के लिए काम करने वाली पार्टी है। पिछली बार भी लोगों के हितों का ध्यान रखकर घोषणा-पत्र तैयार किया गया था।

चुनाव घोषणा-पत्र समिति के अध्यक्ष मोहम्मद अकबर ने बताया कि प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों से लोग अपने सुझाव दें सकें इसलिए ई-मेल पर सुझाव लिए जायेंगे।

# प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय

## दो दिनों से हो रही भारी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया आरेंज व यलो अलर्ट



**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में पिछले कई दिनों से गर्मी व उमस से परेशान लोगों को बारिश होने से राहत मिली है। शुक्रवार को भी दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहने के बाद देर शाम रायपुर सहित कई क्षेत्रों में बिजली चमकने के साथ तेज बारिश हुई। तेज बारिश के चलते मुख्य मार्गों के साथ ही गली मुहल्लों में भी जलभराव हो गया है।

मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार को भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। राजधानी में आज भी दोपहर बाद से बारिश का क्रम जारी रहा। विभाग का कहना है कि कुछ क्षेत्रों में बिजली भी गिर सकती है। इसके लिए विभाग द्वारा आरेंज व यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

इस दौरान लाभांडी 11सेमी, रायपुर 9 सेमी, माना एयरपोर्ट 8 सेमी, भोपालपट्नम 7 सेमी, रामानुगंज-कोटा-छिंदगड़ 6 सेमी,गुरुर-छूरा-अभनपुर 5 सेमी वर्षा हुई। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

मौसम विभाग ने शनिवार व रविवार के लिए बहुत से क्षेत्रों में के लिए आरेंज व यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है। इसके साथ ही गरियाबंद,धमतरी, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा में यलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा।

**देर रात तक होती रही बारिश**

शुक्रवार शाम से शुरू हुई बारिश देर रात तक होती रही। शाम को हुई तेज बारिश के बाद थोड़ी-थोड़ी देर में रूक-रूक कर बारिश होती रही। आज भी बारिश का क्रम जारी रहा। इसके चलते मौसम भी खुशनुमा हो गया और उमस पूरी तरह से गायब हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा।

# जिसकी खुद की गारंटी नही वो गारंटी दे रहे : कांग्रेस

## केजरीवाल पहले पंजाब, दिल्ली की जनता से किये वादा पूरा करे

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान पर तंज कसते हुए कहा कि जिसकी खुद की गारंटी नही है वो प्रदेश की जनता को गारण्टी दे रहे है। आम आदमी पार्टी पहले सभी ब्लॉकों में संगठन तो खड़ा कर ले फिर चुनाव की बात करें। आप पार्टी पहले दिल्ली और पंजाब की जनता से किये वादा को तो पूरा कर ले। भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात करने वाली आम आदमी पार्टी के आधा दर्जन से अधिक नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सलाखों के पीछे है। भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल के उप मुख्यमंत्री जेल में है। दिल्ली और पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी की धोखाधड़ी से परेशान है। पंजाब में किसान आये दिन सड़कों में प्रदर्शन कर रहे है। ऐसे में छत्तीसगढ़ में बड़ी बड़ी बात कर केजरीवाल सिर्फ राजनीतिक खानापूर्ति कर रहै है।



**आप पार्टी के आधा दर्जन से अधिक नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि केजरीवाल जिन वायदों की गारंटी की बात कर रहे छत्तीसगढ़ में वे सारी लागू है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने 2018 में के 36 वादों में से 34 वादों को पूरा किया है। प्रदेश के किसानों को कर्ज मुक्त किये है। 44 लाख उपभोक्ताओं को बिजली बिल हॉफ की सुविधा मिल रही है। किसानों को धान की कीमत इस वर्ष 2800 रुपए चिंटल मिलेगा, 20 चिंटल धान प्रति एकड़ की खरीदी होगी। 700 से अधिक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 4 लाख विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा मिल रही है। दिल्ली के स्कूल स्वामी आत्मानंद स्कूल के आगे कुछ नहीं लगता। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना दाई दीदी क्लीनिक, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान जैसी योजनाएं केजरीवाल की सरकार सोच भी नहीं सकती। अंग्रेजी माध्यम कॉलेज, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, आदिवासियों को उनके कानूनी अधिकार वनोपज का समर्थन मूल्य ने खरीदी मजबूत कानून व्यवस्था ये सब भूपेश सरकार में सम्भव हुआ है। दीपक बैज ने कहा कि जो आप पार्टी प्रदेश के सभी ब्लॉकों में वार्डो बूथों में अपने पदाधिकारी नहीं बना पाये जिनके पास 90 विधानसभा के प्रत्याशी नहीं है वह छत्तीसगढ़ में आकर गारंटी की बात इसलिए कह रही है क्योंकि उन्हें पता है छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बन रही है और आप पार्टी की जमानत जप्त होगी। इसलिए बड़ी-बड़ी बात करके सिर्फ मीडिया में बने रहने की कवायद है।

# भूपेश और सिंहदेव ने टिकट के लिए ब्लॉक अध्यक्षों को दिया आवेदन

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। पाटन से कका-भतीजा के बीच चौथी बार चुनावी भिड़ंत होने वाली है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस के चुनाव समिति के नियमानुसार ब्लाक अध्यक्ष को पाटन क्षेत्र से दावेदारी का आवेदन सौंपा है।वहीं उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की गैर मौजूदगी में उनके प्रतिनिधि ने अंबिकापुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष को आवेदन सौंपा। कुर्मी, सतनामी और साहू बाहुल्य वाले पाटन विधानसभा से भाजपा ने सांसद विजय बघेल के नाम की घोषणा पहले ही कर दी है।पाटन विधानसभा से सीएम भूपेश ने ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र वर्मा को दावेदारी का आवेदन सौंपा।जिला अध्यक्ष के माध्यम से दावेदारों के आवेदन चुनाव समिति तक पहुंचेगा।



**पहली बार दावेदारों से मंगाए हैं ऑनलाइन आवेदन**

कांग्रेस ने पहली बार दावेदारों से ऑनलाइन आवेदन भी मंगाया है। ब्लॉक से आए आवेदन पर जिला स्तर पर चर्चा होगी और प्रदेश चुनाव समिति को तीन से पांच दावेदारों का पैनल भेजा जाएगा। चुनाव समिति के सदस्यों की मानें तो उम्मीदवार चयन में पहली प्राथमिकता जीतने वालों को दिया जाएगा। वहीं क्षेत्र में जातिगत समीकरण को ध्यान में रखा जाएगा।

# छत्तीसगढ़ शासन के निर्माण कार्यों में जीएसटी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है : बिल्डर्स एसोसिएशन

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) निर्माण कंपनियों, ठेकेदारों, इंजीनियरों, बिल्डरों, डेवलपर्स और रियलटर्स आदि का शीर्ष प्रतिनिधि निकाय है जो बुनियादी ढांचे के विकास की रीढ़ हैं। 1,50,000 से अधिक व्यवसायों के साथ अपनी 220 शाखाओं के माध्यम से पूरे भारत में फैले बीएआई का मूल उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में सर्वांगीण सुधार लाना है, साथ ही परिचालन के साथ-साथ नीतिगत स्तर की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास करना है। निर्माण उद्योग द्वारा इसमें नीति निर्माताओं और अधिकारियों से उस स्तर का ध्यान प्राप्त करने का प्रयास



करना शामिल है जो निर्माण उद्योग को राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में इसके जबरदस्त योगदान और महत्व को देखते हुए मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में, बीएआई अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर, कांकेर, रायपुर और राजनांदगांव में केंद्रों के साथ बहुत सक्रिय है।

इसमें हमारा उद्देश्य ठेकेदारो को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के लिये प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता निर्माण। राज्य के बेरोजगार शिक्षित एवं अशिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण देकर ठेकेदारो के कार्यस्थल पर रोजगार उपलब्ध कराना। अन्य राज्यों National Academy of Construction (NAC) का गठन किया गया है इनके लिये छत्तीसगढ़ में भी प्रारंभ किया जाए इसके लिये प्रयास करना । ठेकेदारो द्वारा किये जा रहे निर्माण स्थलों पर स्वास्थ संबधित कैम्प लगानांद्र एवं कार्यरत श्रमिको के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना ।

ये हमारी संस्था का बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया का मूल उद्देश्य है। निर्माण व्यवसायों के बुनियाद प्रशिक्षण हेतु 20000 वर्ग फिट भूमि नवा रायपुर में कम दर पर उपलब्ध करके स्थापित करना। जिससे बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया उपरोक्त कार्य को मूर्तरूप दे सके। लोक निर्माण विभाग छ.ग. व अन्य निर्माण विभाग के स्थापना समय से ही निर्माण कार्य में उपयोग गिट्टी, मुरूम, रेती आदि के खनिज रॉयल्टी का होने वाले सामग्री मूल्य सरकारी दर पर काटकर खनिज विभाग में जमा करते हुए ठेकेदारो को अंतिम देयक का भुगतान दिया जाता था। लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग के स्थापना दिवस से ही अनुबंध में उपरोक्त ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# पॉवर कंपनियों में हड़ताल का आंशिक असर

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी अधिकारी कर्मचारी ओपीएस बहाली संयुक्त मोर्चा के 18 अगस्त को सामूहिक अवकाश के हड़ताल का जनरेशन कंपनी के संयंत्रों में कोई असर नहीं रहा। वहां केवल 3फीसदी(81/2852) अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जबकि ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में आंशिक असर रहा। ट्रांसमिशन में 26फीसदी (417/1587) और डिस्ट्रीब्यूशन में 35 फीसदी (3250/9122) अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। माननीय श्रम न्यायलय द्वारा विभिन्न कर्मचारी संघों की हड़ताल को अवैध घोषित किया गया, जिसकी सूचना सभी हड़ताली संघों को होने के बावजूद भी सामूहिक अवकाश लेने वाले कर्मचारी-अधिकारी हड़ताल पर गए जिससे पावर कंपनी के कामकाज पर आंशिक असर पड़ा और आम उपभोक्ता बेवजह परेशान हुए इसे प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है, और

**अनुपस्थित रहने वालों को नोटिस जारी**

इसलिए सभी हड़ताली विद्युत कर्मियों को नोटिस दी जा रही है एवं उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। श्रम न्यायालय के आदेश से सभी श्रमिक संघों/संगठनों को समय पर अवगत करा दिया गया था। इसके बावजूद, श्रमिक संघों द्वारा 18 अगस्त को हड़ताल की गयी। हड़ताल में कुल तीनों पावर कंपनियों में 13,561 विद्युत कर्मी कार्यरत हैं जिनमें से कुल 3,748 कर्मचारी/अधिकारी अर्थात् लगभग 28 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। अनधिकृत अनुपस्थित कर्मचारियों/अधिकारियों के हड़ताल के दिन के वेतन की कटौती एवं हड़ताल अवधि को ''ब्रेक-इन-सर्विस'' किये जाने के संबंध में कार्यवाही की जा सकती है। इस संबंध में पॉवर कंपनी द्वारा परिपत्र क्र0 186 दिनांक 11.08.2023 के माध्यम से हड़ताल में बिना पूर्व स्वीकृति के कर्मचारियों द्वारा कार्यालयीन अवधि में सामूहिक अवकाश पर जाने की परिस्थिति में अथवा सामूहिक अवकाश/धरना/ ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# मुख्यमंत्री आज महासमुंद को देंगे 655 करोड़ की लागत के 223 कार्यों की सौगात

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर महासमुंद के प्रवास के दौरान जिले को 655 करोड़ की लागत के 223 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें से 71.08 करोड़ रूपए की लागत के 132 कार्यों का लोकार्पण और 583 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत के 91 कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में 322 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से बनने वाले महासमुंद के मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल जिन कार्यों का लोकार्पण करेंगे, उनमें 2.38 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम घोंच तथा 1.72 करोड़ रूपए की लागत से भुल्का (पथियापाल) में स्थापित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र, जिला अस्पताल महासमुंद में 25 लाख रूपए की लागत से निर्मित फिजियोथैरेपी बिल्डिंग, सीएचसी पिथौरा में 30 लाख रूपए की लागत से बनाए गए ब्लड बैंक तथा 12 लाख रूपए की लागत से स्थापित हमर लैब का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत 13 करोड़ 64 लाख रूपए की लागत से 18 गांवों के पूर्ण हो चुके पेयजल योजना के कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 27 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से पूर्ण हुए सड़क निर्माण की 65 कार्य, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के तहत 11 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से पूर्ण हो चुके 4 उच्च स्तरीय पुल निर्माण के कार्य का भी लोकार्पण करेंगे। इनमें से साई-सराईपाली पहुंच मार्ग में करमेल नाला पर 3.06 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 2.90 करोड़ रूपए की लागत



से बनपचरी-बरेकेल-धनगांव मार्ग में नैनी नाला पर निर्मित पुल, 3.24 करोड़ रूपए की लागत से गहनाखार-छिन्दपाली-लिमगां मार्ग में पुल निर्माण और 2.37 करोड़ रूपए की लागत से भुथियाडीह-

## महासमुंद में बनेगा 6 करोड़ की लागत से सेंट्रल लाईब्रेरी भवन

कल्लूदूड़ा मार्ग के मुरमुरी नाला पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल शामिल है।

इसी तरह मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 4.09 करोड़ रूपए की लागत के 3 कार्यों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 2.05 करोड़ रूपए की लागत के 6 कार्यों, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 1.71 करोड़ रूपए की लागत के 17 कार्यों, वन विभाग के 3.73 रूपए की लगात के 16 कार्यों, विद्युत विभाग 4.09 करोड़ रूपए की लागत के 2 कार्यों और आयुष विभाग के 2.55 करोड़ रूपए की लागत के 1 कार्य का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में नर्रा, बंजारी, सुरंगी नाला बंसुला में निर्मित हाई टेक बेरियर सहित नरवा विकास के कार्यों का लोकार्पण भी होगा।

**नगरीय निकायों में 118.42 करोड़ रूपए की लागत के कार्यों का होगा भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम में जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में प्रारंभ होने वाले 118.42 करोड़ रूपए लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन कार्यों में नगर पालिका सरायपाली में 40.08 करोड़ रूपए, नगर पंचायत बसना में 30.80 करोड़ रूपए, नगर पंचायत पिथौरा में 27.62 करोड़ रूपए की लागत के कार्य शामिल है। इनके अलावा ग्राम खैरा में 6.40 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले नवीन बस स्टेंड, 3.43 करोड़ रूपए की लागत से महासमुंद में फुटबाल ग्राउंड, महासमुंद में 6 करोड़ रूपए की लागत से सेंट्रल लाईब्रेरी भवन, ग्राम गांजर में 2.37 करोड़ रूपए, ग्राम शेर में 2.43 करोड़ रूपए, ग्राम पचरी में 2.29 करोड़ रूपए, ग्राम कंचनपुर में 2.59 करोड़ रूपए और ग्राम कुदारीबाहरा में 2.20 करोड़ रूपए की लागत से नये 3.15 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर 33/11 केव्ही उपकेन्द्र की स्थापना, 17.30 करोड़ रूपए की लागत से देवगांव जलाशय के नहरों एवं जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य तथा पक्के कार्यों के सुधार का भूमिपूजन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 13.52 करोड़ रूपए की लागत के 20 कार्यों, महासमुंद ईमलीभाटा में 1.17 करोड़ रूपए की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी भूमिपूजन होगा।

# मतदान का महत्व समझने से होगी शत-प्रतिशत वोटिंग : कलेक्टर

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर और ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे की अध्यक्षता में आज रायपुर ज़िले की स्वीप समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभागार में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान रायपुर ज़िले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और सभी मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक करने पर चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने सभी वर्ग के मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। डॉ भुरे ने इस अभियान के दौरान केवल मतदान के तरीके ही नहीं बल्कि मतदान का महत्व, मतदान केंद्रों पर सुविधायें, ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन कर लोगो को विस्तार से जानकारी देने के निर्देश दिये। अब आगामी विधानसभा निर्वाचन पर जिले में मतदाता जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व समझाने और सरल तरीके से वोट देने की जानकारी देने से ही ज़िले में मतदान बढ़ेगा। उन्होंने पिछले निर्वाचन में कम मतदान वाले एरिया की पहचान कर वहाँ गहन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन का काम निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के भी निर्देश दिये ताकि मतदाताओं को समय पर जानकारी मिल सकें और मतदाता वोट डालने के लिए मानसिक रूप से खुद को पहले से ही तैयार कर सकें। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, स्वीप के नोडल अधिकारी और ज़िला पंचायत सी ई ओ अविनाश मिश्रा सहित सभी रिटर्निंग ऑफ़िसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने अधिक से अधिक युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और स्कूल-कालेजों, सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता प्रेरक कार्यक्रमों के आयोजन के भी निर्देश दिए। डॉ भुरे ने सभी मतदाता वर्गों जैसे महिला, पुरुष, ट्रांसजेंडर, युवाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों- बुजुर्गों, नव विवाहित बहुओं , कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों से लेकर पत्रकारों और सरकारी सेवारत लोगों के लिए अलग अलग प्रेरक कार्यक्रम करने पर जोर दिया। डॉ भुरे ने इन कार्यक्रमों में नवाचार को भी शामिल करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले लोगों- संस्थाओं को पुरस्कृत करने को भी कहा। बैठक में मतदाताओं का जागरूक करने के लिए स्कूल-कॉलेजों में मतदान के महत्व को समझाने हेतु रंगोली, नारा लेखन, वाद-विवाद, निबंध, प्रमुख चौराहे, बस स्टैंड पर पोस्टर, होर्डिंग, नाटक, मानव श्रृंखला का निर्माण, सेल्फी जोन का निर्माण, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्लोगन जैसे अन्य आवश्यक कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान के महत्व की बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए गए। प्रेरक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को मतदान की विभिन्न प्रारूप, मतदान करने की सही उम्र एवं योग्यता एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में युवा वर्ग की सहभागिता के संबंध में विस्तार से बताने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।

# प्रदेश में अब तक 688.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 688.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 19 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1193.3 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 322.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 606.9 मिमी, बलरामपुर में 627.3 मिमी, जशपुर में 550.5 मिमी, कोरिया में 664.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 673.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 797.2 मिमी, बलौदाबाजार में 687.0 मिमी, गरियाबंद में 637.7 मिमी, महासमुंद में 731.7 मिमी, धमतरी में 716.5 मिमी, बिलासपुर में 703.0 मिमी, मुंगेली में 856.9 मिमी, रायगढ़ में 769.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 606.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 576.7 मिमी, सक्ती में 586.7 मिमी, कोरबा में 670.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 664.6 मिमी, दुर्ग में 565.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 530.3 मिमी, राजनांदगांव में 763.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 875.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 708.6 मिमी, बालोद में 756.7 मिमी, बेमेतरा में 530.9 मिमी, बस्तर में 711.6 मिमी, कोण्डागांव में 539.5 मिमी, कांकेर में 654.5 मिमी, नारायणपुर में 621.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 805.2 मिमी और सुकमा में 1019.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# अवैध रूप से शराब बिक्री आरोपी युवक गिरफ्तार




**रायपुर,** 19 अगस्त। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू हित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति श्रीनगर होटल पैराडाइज गली अंकल फैंसी दुकान के सामने खमतराई में अवैध रूप से एक कार्टून में रखकर शराब बेच रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए जगह दबिश देकर आरोपी दिनेश कुकरेजा से टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे एक कार्टून की तलाशी लेने पर कार्टून में 12 बोतल अंग्रेजी शराब रॉयल चैलेंज रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में आरोपी से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी दिनेश कुकरेजा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखे कुल 09.00बल्क लीटर अंग्रेजी शराब रॉयल चैलेंज कीमती 12000६. रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 34,2 आबकारी एक्ट आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन एक स्कूटी में चार सवारी

## रोड में युवक-युवतियों की मस्ती दूसरों पर पड़ी भारी

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में शुक्रवार की शाम एक स्कूटी में चार सवारी बैठी दिखी। ये युवक-युवतियां ट्रैफिक नियम के खिलाफस्कूटी में बैठे थे। जिससे चालक हैंडल भी सही तरह से नहीं मोड़ पा रहा था जिसके कारण सामने चल रही गाड़ियों से टकराने की आशंका बनी हुई थी। युवाओं का ये गुप्र नीले रंग की स्कूटी में सवार था। जिसमें एक युवक बिना हेलमेट पहने स्कूटी चला रहा था।

इसके पीछे की सीट पर 2 युवतियां बैठी हुई थी। ये युवा जयस्तंभ चौक से लेकर एनआईटी होते हुए आमानाका की ओर जाते दिखे। इसके बावजूद इन युवाओं को ऐसा करने से कोई भी रोकने टोकने वाला नहीं दिखा। तो वहीं वीडियो में एक युवती स्कूटी के सामने के लेग स्पेस में बैठी भी दिखी। जिससे स्कूटी सवार ठीक से गाड़ी का हैंडल भी नहीं मोड़ पा रहा था। आसपास से जो भी लोग गुजर रहे थे वे इन मस्ती के मूड में सवार युवाओं को देखकर किनारे हट जा रहे थे। बीते 5 अगस्त को रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी में सवार 4 युवाओं का वीडियो वायरल होने के बाद कार्यवाई की थीं। भिलाई की रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ी में ये युवक भी सड़क पर बेधड़क होकर लहराते हुए गाड़ी चला रहे थे। जिसके बाद पुलिस के पास वीडियो पहुंचते ही इनका 2000 रुपये का चालान कटा था।

## मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का एजाजी प्रोग्राम का आयोजन कर रहा

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुस्लिम इंटेलेक्चुअल फोरम हर साल की तरह साल 2023 में भी प्रतिभावान छात्र और छात्राओं का एजाजी प्रोग्राम करने जा रहा है, इसमें कक्षा 6वीं से यूनिवर्सिटी के स्तर तक ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने अपनी पिछली वार्षिक परीक्षाओं में 70 प्रतिशत या 70 प्रतिशत के ऊपर अंक पाए है वे अपनी अंकसूची जिसमें अपना पुरा पता और मोबाइल नंबर लिखा हो नीचे दिए गए वाटसअप नंबरों पर और नीचे दिये गये पतों पर 20 सितम्बर तक भेजें। पता- न्यू टैंट हाऊस, बैरन बाजार, रायपुर, गुडलक फर्नीचर, मेन रोड संजय नगर रायपुर, अमृततुल्य होटल आलिया, रायपुर बेकरी, बैजनाथपारा रायपुर, किंग बैटरी, फतेहशाह मार्केट, टिकरापारा रायपुर। संरक्षक, जफर अमजद सहाब, राजातालाब रायपुर, सदर, ऑल इंडिया मुस्लिम फांउडेशन, मोहम्मद सिराज सहाब, सदर हाजी एम.के. गौरी सहाब, सचिव हाजी मोहम्मद बशीर खान सिराजी, सदस्य हाजी एस.एम. हाशिम, सदस्य हाजी शकी अहमद, सदस्य मोहम्मद जुनैद।

# छत्तीसगढ़ पीएमटी.2008 में दूसरे से परीक्षा दिलवाने वाला मुन्नाभाई 15 साल में बना एमबीबीएस

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पीएमटी.2008 में टॉप करने वाला मुन्ना भाई आखिरकार 15 साल बाद अब डॉक्टर बन गया है। इस छात्र के नाम पर किसी और ने छत्तीसगढ़ का प्री मेडिकल टेस्ट पीएमटी दिया था। छात्र ने मेरिट लिस्ट में टॉप किया था। उसका एडमिशन राजधानी के पं जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में हुआ और पढ़ाई शुरू कर दी। इससे पहले ही मामला फूट चुका था और इसकी जांच में लगाई गई सीआईडी ने असलियत उजागर करते हुए इस छात्र के खिलाफएफआईआर करवा दी थी। तब उसने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी और कोर्ट ने उसकी पढ़ाई जारी रखने के आदेश दिए थे। वह तब से अब तक कई बार फेल होने के बाद अब जाकर एमबीबीएस हुआ है। हाईकोर्ट से राहत के बाद उसने रिफर्ड बैच में एमबीबीएस की पढ़ाई की थी। वह इस साल फरवरी में हुई मुख्य परीक्षा में भी फेल हो गया था। पूरक परीक्षा जुलाई में हुइ जिसका नतीजा अभी आया है और वह पास हो गया है। 14 साल में वह फाइनल इयर भाग.1 की परीक्षा पास कर पाया और पिछले साल ही फाइनल इयर भाग.2 में पहुंचा था। फरवरी में हुई परीक्षा में वह केवल पीडियाट्रिक में पास हो पाया था। जनरल सर्जरी ऑब्स एंड गायनी तथा जनरल मेडिसिन में फेल रहा। फर्स्टए सेकंड ईयर व फाइनल भाग.1 को पास करने में उसने तीन.तीन साल लिए थे। हेल्थ साइंस विवि की ओर से शुक्रवार को जारी रिजल्ट में वह फाइनल इयर भाग.2 में पास हो गया। मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर का कहना है कि पीएमटी में अपने स्थान पर दूसरे को बिठाकर टॉपर तो बन गया लेकिन पढ़ाई में शुरू से कमजोर था।

**41 पर केस ज्यादातर पास**

प्रदेश के तीन सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 2007, 2008, 2009, 2010 तथा 2011 बैच में 41 मुन्नाभाइयों के खिलाफसीआईडी ने केस दर्ज किया था। इसके बाद डीएमई कार्यालय को इसकी रिपोर्ट दी गई थी। इनमें से कुछ जेल गए कुछ फरार हो गए। हाईकोर्ट ने सभी को अग्रिम जमानत और एमबीबीएस की पढ़ाई की अनुमति दी। इनमें ज्यादातर पास हो चुके हैं और प्रैक्टिस भी करने लगे हैं। कुछ ने पीजी भी किया है।

**25 से ज्यादा छात्र 10 साल से फर्स्ट इयर में ही फेल**

इस परीक्षा में 126 छात्र बैठे थेए जिसमें 108 पास हुए। रिजल्ट 86 फीसदी रहा। खास बात ये है कि प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों में 25 से ज्यादा ऐसे छात्र हैंए जो 10 साल से फर्स्ट ईयर में फेल हो रहे हैं। रायपुर में ऐसे छात्रों की संख्या 5 से ज्यादा है।

**4 अटेंप्ट में फेल होकर बाहर**

एनएमसी ने 2019 से नया नियम लागू किया है। इसमें 4 अटेंप्ट या 4 साल में पास नहीं होने वाले छात्रों को कॉलेज से बाहर का रास्ता दिखाने का नियम है। इसी नियम के तहत पहली बार प्रदेश के 3 छात्रों पर गाज गिरी है। एक छात्र निजी कॉलेज में पढ़ रहा था। ये छात्र अब एमबीबीएस की पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। एनएमसी ने उन्हें पांचवें अटेंप्ट का मौका दिया था।

# बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**रायपुर,** 19 अगस्त। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का एक दिवसीय कार्यशाला शनिवार को हुआ, इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन रेड्डी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग सरकारी मूल्य में कटौती कर ठेकेदार के बिल में 5 प्रतिशत की कटौती कर रहा है जो तथ्य संगत नहीं है और इस कारण ठेकेदार काफी परेशान है। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के स्टेट चेयरमैन कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, सेंटर चेयरमैन रायपुर रूपेश सिंघल, हरसिमरन सिंह ओबेरॉय, के. चन्द्रशेखर राव, सुशील अग्रवाल के अलावा अन्य पदाधिकारी व ठेकेदार उपस्थित थे। स्टेट चेयरमैन कंवलजीत सिंह ओबेरॉय ने बताया कि जिस तरह से लोक निर्माण विभाग ने जुलाई 2017 में जीएसटी 12 प्रतिशत और पूर्व में वेट लगाकर टैक्स 5 प्रतिशत के बीच के अंतर की राशि का भुगतान ठेकेदारों को किया है, उसी तरह 2022 में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी 12 प्रतिशत के स्लैब को बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है जिसके अंतर के 12 प्रतिशत से 18 प्रतात के बीच की अंतर की राशि का भुगतान छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग किया जाना चाहिए। सेंटर चेयरमैन रायपुर रूपेश सिंघल




का कहना है कि लोक निर्माण विभाग शुरू से ही उपयोग की जाने वाली खनिज की रॉयल्टी का सरकारी दर से कटौती कर विभाग में देती है। निर्माण करता एजेंसी, ठेकेदार निर्माण सामग्री को बाजार से खरीदता है, साथ ही उसका परिवहन अपने कार्यस्थल तक करवाता है इसलिए उसकी रॉयल्टी की जवाबदारी नहीं होती बावजूद इसके निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री की मात्रा का सरकारी मूल्य पर कटौती विभाग ठेकेदार के बिल से करती है। जिसमें 5 गुना बाजार भाव का रेट लगना तथ्य संगत नहीं है और इसके कारण काफी विसंगतियां पैदा हो गई हैं और ठेकेदार काफी परेशान है।

## सैमसंग इंडिया ने 28 घंटों में गैलेक्सी जेड फिलिप5 और जेड फोल्ड 5 के लिए रिकॉर्ड 100,000 प्री-बुकिंग हासिल की

**रायपुर,** 19 अगस्त। भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने हाल ही में लॉन्च किए गए अपने पांचवीं पीढ़ी के फोल्डेबल उपकरणों के लिए रिकॉर्ड प्री-बुकिंग हासिल की। पहले 28 घंटों में, भारत में 100,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने जेड फिलिप5 और जेड फोल्ड 5 को प्री-बुक किया।चौथी पीढ़ी के फोल्डेबल्स (जेड फिलिप4 और जेड फोल्ड4 ) की तुलना में, सैमसंग को पहले 28 घंटों के दौरान जेड फिलिप5 और जेड फोल्ड 5के लिए 1.7 गुना (1.7 गुना) प्री-बुकिंग प्राप्त हुई, जो फोल्डेबल में भारतीय उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वर्ग। डिवाइस 18 अगस्त, 2023 से बिक्री पर जाएंगे।

## कैपिटल जोन का शेष...

### छत्तीसगढ़ शासन के निर्माण कार्यों में ...

प्रावधान है जो आज भी है। परन्तु अचानक कुछ वर्षो से रॉयल्टी क्लियरेन्स खनिज विभाग से लाने पर अंतिम देयक दिया जायेगा कहते हुए करोड़ो का भुगतान रोक दिया गया है।

निर्माण कार्य में संलग्न ठेकेदार स्थानिय खनन पट्टा प्राप्त क्रेशरों से खनिज सामग्री गिट्टी, मुरूम, रेती को पूरा मूल्य देकर खरीदा जाता है। उत्खननकर्ता की जवाबदारी है कि खनिज विभाग को रॉयल्टी का मूल्य प्रदाय करें। निर्माण करता ऐजेन्सी पट्टा प्राप्त व्यापारी से खनिज खरीद कर सिर्फ परिवहन करता है व निर्माण कार्य में प्रयोग कि गई सामग्री का सरकारी दर पर निर्माण विभाग कटौती करता आ रहा है। वर्तमान में ठेकेदारो के पास रॉयल्टी न होने की स्थिति में 5 गुना काटने का प्रावधान खनिज विभाग ने किया है।

बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया माँग करती है कि अनुबंध में निहित प्रावधान के तहत चल देयक से सरकारी दर पर रॉयल्टी राशि काटकर खनिज विभाग में जमा करते हुए ठेकेदारो का भुगतान करे जिससे छत्तीसगढ़ के विकास में संलग्न ठेकेदार जो तन मन धन से लगे है इनका भुगतान हो सके व निर्माण कार्य गुणवत्ता से निर्वाध चले व समय सीमा में पूर्ण हो सके।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्माण कार्यों में जीएसटीकी समस्या विकराल रूप ले चुकी है जीएसटी के संबंध में बिल्डर्स एशोसिएशन ऑफ इंडिया आपका ध्यान 2 बिन्दुओं पर आकर्षित करना चाहती है.-

1. पूर्व में निर्माण में जीएसटी12फीसदी लागू किया गया था। जिस समय वैट हटाकर जीएसटी लागू किया गया उस समय चल रहे कार्यों में जीएसटी 12फीसदी व वैट 5 फीसदी की फर्क की राशि का भुगतान ठेकेदारों को किया गया है पर पिछले वर्ष जीएसटी 12फीसदी के स्लेब को बदलकर 18फीसदी कर दिया गया।

परन्तु छत्तीसगढ़ के विभाग जैसे लोक निर्माण विभाग अंतर की 6फीसदी की राशि का भुगतान नही कर रहा है इस संबंध में कुछ ठेकेदार माननीय उच्चन्यायालय की शरण में गये जिसमे उच्च न्यायालय द्वारा 12फीसदी से 18फीसदी जीएसटी के अंतर की राशि की गणना कर भुगतान करने आदेश पारित किया गया पर कोई भी विभाग इसमे रूची नही ले रहा है। जबकि केन्द्र के सभी विभागों मे एवं छत्तीसगढ़ के अन्य विभागो में अंतर की राशि का भुगतान किया जा रहा है। 2. केन्द्रीय निर्माण विभाग व पीएमजीएसवाय-एमएमजीएलना. ने निविदा में जीएसटी की गणना अलग से की जाती है। परन्तु लोक निर्माण विभाग व अन्य विभागों में नही कि जाती है। अंतर की 6फीसदी राशि का भुगतान सुनिश्चित करते हुए निविदाओं में जीएसटी की राशि की गणना अलग से करने का प्रावधान करने हेतु ।

### पॉवर कंपनियों में ...

हड़ताल में भाग लेने की परिस्थिति में ऐसी अनधिकृत अनुपस्थिति के दिवसों का अवकाश स्वीकृत नहीं किये जाने व ऐसे अवधि का वेतन देय नहीं होने और इस अवधि को "ब्रेक-इन-सर्विस" माने जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये थे।

# चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया बाल संप्रेक्षण गृह व किशोर न्याय बोर्ड भवन का निरीक्षण

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने आज बिलासपुर शहर के नूतन चौक स्थित किशोर न्याय बोर्ड, ऑब्जरवेशन होम प्लेस ऑफ सेफ्टी एवं बालिका गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष का बारी-बारी से निरीक्षण किया एवं उचित साफ-सफाई नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। बिल्डिंग की दीवालों में सीपेज एवं छत से पानी टपकते हुए पाया गया। वहां उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग काफी पुरानी लगभग सन् 1985 में बनी हुई है। इसके संबंध में उचित सुधार कार्य करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। न्यायमूर्ति ने रसोई घर का निरीक्षण भी किया। वहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं निगम कमिश्नर कुनाल दुदावत ने मुख्य न्यायाधिपति को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द उचित मरम्मत का कार्य उनके द्वारा करा लिया जायेगा।



## भवनों की नियमित साफ-सफाई व देखरेख करने के दिए निर्देश

मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा द्वारा वहां उपस्थित बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्या जानने का प्रयास भी किया गया एवं उनको मिलने वाली चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली गई। वहां पर उपस्थित अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि कम्पाउण्डर की ड्यूटी प्रतिदिन की है। परंतु चिकित्सक सप्ताह में एक बार ही आते हैं। मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा चिकित्सक को प्रतिदिन 1 से 2 घंटे उपस्थित रहना सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा चिल्ड्रन सेफ्टी होम एवं स्पेशल होम का भी निरीक्षण किया गया। वहां उपस्थित जिला महिला बाल विकास अधिकारी उमाशंकर गुप्ता ने जानकारी दी कि ऑब्जरवेशन होम में 35 बच्चे, प्लेस ऑफ सेफ्टी में 9 बच्चे एवं स्पेशल होम में 6 बच्चे निवासरत हैं। निरीक्षण के दौरान चिल्ड्रन सेफ्टी होम एवं स्पेशल होम में अच्छी आधारभूत संरचना एवं समुचित साफ-सफाई पायी गई। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी ही साफ-सफाई, ऑब्जरवेशन होम में भी होनी चाहिए। इसके बाद मुख्य न्यायाधिपति ने शासकीय बालिका गृह का भी निरीक्षण किया। बालिका गृह की अधीक्षक श्रीमती ज्योति तिवारी के द्वारा बताया गया कि यहां वर्तमान में 34 बालिकाएं रहती हैं। उनके पढ़ाई-लिखाई के संबंध में मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा उपस्थित बच्चों से चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर संजीव कुमार झा की पहल पर न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के हाथों से वहां उपस्थित एक छोटी बालिका को लैपटॉप भी प्रदान किया गया। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा अधिकारियों को भवन को व्यवस्थित रखने के लिए भी निर्देशित किया।उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड का भी निरीक्षण किया, जिसमें उचित इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभाव पाया गया एवं संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र सुधार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## निधन

### रमेश पिल्ले



**राजनांदगांव,** 19 अगस्त। छग शासकीय सेवानिवृत (मेडिकल विभाग) एवं सत्य साई सेवा समिति के जिलाध्यक्ष रमेश पिल्ले उम्र 65 वर्ष का शनिवार 19 अगस्त को प्रात: हृद ?यघात से आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अन्तिम यात्रा रविवार 20 अगस्त को निज निवास 5/ सड़क - 9, सेक्टर-10 भिलाई से सुबह 11 बजे रामनगर, मुक्तिधाम के लिये निकलेगी। वे आरती के पति, अंजली, नन्दा के भाई व आशीष पिल्ले व डीयू पिल्ले के पिता थे।

इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाला

# हाईकोर्ट ने नीरज जैन की अग्रिम जमानत अर्जी की खारिज

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के 17 साल पुराने चर्चित इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले के आरोपी नीरज जैन की अग्रिम जमानत अर्जी को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही डिवीजन बेंच ने जांच प्रक्रिया को भी सही ठहराया है। कहा कि करीब 24 करोड़ रुपए के इस पूरे घोटाले की नए सिरे से जांच की अनुमति हाईकोर्ट ने ही दी थी। पुलिस ने इंदिरा बैंक के तत्कालीन मैनेजर उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर जांच के लिए अनुमति मांगी थी। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी नीरज जैन के जगदलपुर स्थित अलग.अलग ठिकानों पर छापेमारी की थी। लेकिनए वह पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया था। पुलिस ने उसके घर पर एक नोटिस चस्पा की है। उससे पूछताछ करने के लिए पुलिस उसकी तलाश कर रही है।



डिवीजन बेंच ने जांच प्रक्रिया को सही ठहराया

**आरोपी नीरज ने खोली थी 12 कंपनियां:** आरोपी नीरज जैन ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 12 कंपनियां खोली थी। इन्हीं कंपनियों में बैंक का पैसा जमा हुआ है। इसलिए पुलिस नीरज की तलाश कर रही है। बैंक से पैसा लेने के बाद कंपनियों को सुनियोजित तरीके से बंद कर दिया गया।

**हाईकोर्ट में लगाई थी अग्रिम जमानत:** पुलिस ने इस केस में 2006 में नीरज जैन को गिरफ्तार किया थाए जिसके बाद वह जमानत पर रिहा हो गया। इस बीच कोर्ट ने नए सिरे से जांच की अनुमति दी। इसके बाद पुलिस ने जांच व पूछताछ के लिए नीरज की जानकारी जुटाई तो वह गायब हो गया। अब उसे दोबारा गिरफ्तारी का भय सता रहा है। यही वजह है कि उसने इस केस में हाईकोर्ट में रिवीजन अपील कीए जिसमें उसने अग्रिम जमानत देने की मांग की थी। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद उसकी अपील के साथ ही अग्रिम जमानत अर्जी को भी खारिज कर दिया है।

### नार्को टेस्ट के बाद बयान से पलटे सिन्हा

भाजपा सरकार के कार्यकाल में जब पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट प्रस्तुत की थी तो उस समय इंदिरा बैंक के मैनेजर उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट का उसमें जिक्र नहीं था। उमेश सिन्हा ने अपने नार्को टेस्ट में कई बड़े नाम लिए थे और कहा थाए कि इन लोगों को पैसे पहुंचाए गए हैं। करीब 10 साल पहले इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। हालांकि बाद में सिन्हा अपनी बातों से पलट गया था और कहने लगा कि उसने किसी मंत्री या नेता को पैसे नहीं पहुंचाए हैं।

# किन्नरों ने घर में घुस कर की लूटपाट

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की रावतपुरा कालोनी में साहू परिवार के घर में घूसकर नकली किन्नरों द्वारा लूटपाट की गई। इस मामले में टिकरापारा थाना पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। 15 अगस्त को हुई लूट की शिकायत पर थाना पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं किया है जबकि इस मामले में चार कथित किन्नरों ने एक घर में घुसकर न सिर्फ परिवार को आतंकित किया बल्कि उनसे 20 हजार रुपए लूटकर भी फरार हो गए।



पीड़ित परिवार में दहशत शिकायत दर्ज

### सीसीटीवीफुटेज आया सामने

नकली किन्नरों के घर में घुसने और निकलने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें एक किन्नर सड़क पर निगरानी करते हुए दिख रही है। पीड़ित दंपती ने बताया कि उनके यहां छोटा बच्चा हुआ था इसी का बहाना लेकर 4 नकली किन्नर उनके घर घुस आए। बच्चा होने पर सोने के कंगन की मांग करने लगे। आक्रमक होकर परिवार पर दबाव डालने लगे। पीड़ित साहू परिवार ने डर कर उन्हें पहले 1 हजार फिर 3 हजार रुपए देने की पेशकश की तो वो अश्लील हरकतें भी करने लगे। मामले में टिकरापारा थाना प्रभारी का कहना है कि अब तक शिकायत नहीं मिली है जबकि पीड़ित परिवार साफ कह रहा है कि उसने शिकायत की थी और सोचा कि एफआईआर हुई है लेकिन उन्हें बदले में इसकी प्रतिलिपी नहीं दी गई। मीडिया में मामला सामने आने के बाद थाना प्रभारी जांच की बात अब कह रहे हैं। पीड़ित साहू परिवार ने बताया कि उनके पड़ोसी के घर में बच्चा हुआ था। जिसकी सूचना मिलने के बाद किन्नर वहां पहुंचे और पैसे की मांग की। इसके बाद वहां से उनको पता चला कि पीड़ित के घर भी बच्चा हुआ है। जिसके बाद वह वहां पहुंचे और पूरी वारदात को अंजाम दिया।

# कसाब को फांसी दिलाने वाली देविका रोटावन आज रायपुर में

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमले में ज़िंदा पकड़े गए आतंकी कसाब को अपनी गवाही से फांसी के फंदे तक पहुंचाने वाली देविका रोटावन (मुंबई) कल रविवार 20 अगस्त को सायं 6.30 बजे से मैक कॉलेज सभागार समता कॉलोनी में आयोजित भजन संध्या व सम्मान समारोह में शामिल होंगी। कार्यक्रम का आयोजन शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है।



भजन संध्या व सम्मान समारोह में शामिल होंगी

संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि देश की बहादुर बेटी का खिताब प्राप्त देविका के हौसले और साहस के लिए रतन टाटा और अमिताभ बच्चन जैसी जानी मानी हस्तियां भी उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। कल आयोजित कार्यक्रम में अपनी लगन, संघर्ष व मेहनत से समाज में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाली युवतियों व महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर व विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम अग्रवाल हैं।

# भारत का पहला पोषण उत्कृष्टता केंद्र एम्स रायपुर में स्थापित

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। एम्स ने भारत में पहली बार रायपुर में पोषण पर एक गहन और व्यापक उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की है।ये पोषण उत्कृष्टता केंद्र राज्य के विभिन्न अस्पतालों से रेफर किए जाने वाले जटिल और गंभीर कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए एक अत्याधुनिक कुपोषण रेफरल और उपचार केंद्र (स्स्र्क्क्ष) होगा। इसका मुख्य उद्देष्य राज्य के हर जिले के कुपोषित बच्चों के इलाज, निरंतर देखभाल और विषयानुसार मदद करेगा। टेली-मेंटरिंग के माध्यम से एम्स के बाल रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन राज्य के एनआरसी में गंभीर रूप से कुपोषित (एसएएम) बच्चों के हालात को जांचेंगे।

इसी तारतम्य में एक कदम आगे बढ़ते हुए, एम्स केंद्र घर पर कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए समुदाय-आधारित एसएएम (सी-एसएएम) कार्यक्रम का भी समर्थन करेगा। इसके उचित क्रियान्वयन और प्रबंधन के लिए राज्य के सभी जिलों में जिला समन्वयकों को नियुक्त किया गया है। एम्स के इस विशेष केंद्र को यूनिसेफ, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के समर्थन में संचालित होगा। केंद्र का उद्घाटन करते हुए एम्स निदेशक डॉ. अजय सिंह ने किशोर स्वास्थ्य पर पोषण को लेकर और ज्यादा ध्यान देने और एनीमिया और कुपोषण को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया।



एम्स के बाल रोग विशेषज्ञ प्रतिदिन टेली-मेंटरिंग के माध्यम से कुपोषित बच्चों पर रखेंगे नज़र

पोषण केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर, जॉब जकारिया, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ प्रमुख ने कहा कि, पोषण पर उत्कृष्टता केंद्र शिशु और छोटे बच्चे के आहार (आईवाईसीएफ) प्रथाओं, एनीमिया मुक्त भारत और अन्य पोषण हस्तक्षेपों के घटकों के साथ एक अनूठा मॉडल है। इसके साथ है ये केंद्र, संस्थागत और समुदाय-आधारित एसएएम प्रबंधन, राज्य में स्तनपान प्रथाओं को भी बढ़ावा देगा जिससे बच्चों में कुपोषण, मृत्यु और बीमारियों में कमी आएगी। इन्ही प्रयासों और IYCF प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए एक कौशल प्रयोगशाला के साथ एक समर्पित केंद्र स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर विशेष रूप से डी.एस. मरावी महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ शैलेन्द्र अग्रवाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,. डॉ अपर्णा देशपांडे यूनिसेफ पोषण विशेषज्ञ एवं डॉ. महेंद्र प्रजापति उपस्थित थे यूनिसेफ पोषण अधिकारी, और एम्स में बाल रोग विभाग के प्रमुख डॉ. अनिल के गोयल सहित अन्य शामिल थे।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खेल के बीच मारपीट



**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नेताजी सुभाष स्टेडियम में शनिवार को आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खेलने के लिए काफी संख्या में स्कूली छात्र. छात्राएं पहुंचे हुए थे। इस बीच अचानक बारिश शुरू हो गई उधर हारे.जीते दो टीमों के कुछ खिलाडियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। कपड़े फट गए और लात घूसे चलने लगे। माजरा देखकर अन्य खिलाड़ी और टीचर्स पहुंचे और जैसे तैसे मामला शांत कराया। मारपीट करने वाले दोनों ही टीमों के खिलाड़ी सफाई देने में जुटे रहे कि बारिश और तेज हो गई सभी को मैदान छोड़ने मजबूर कर दिया।

# जनसंपर्क की प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से जुड़ी रोचक जानकारी लोगों को कर रही आकर्षित

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का आमनागरिक, स्कूल एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने अवलोकन किया। वरिष्ठ शिक्षाविद इतिहासकार, साहित्यकार डॉ. रमेन्द्रनाथ मिश्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि आम लोगो के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के महान वीर सपूतों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ अन्य लोगों के लिए यह प्रदर्शनी बहुत ही लाभदायक है। इसका अवलोकन जरूर ही करना चाहिए। डी.डी.नगर निवासी हर्ष बंजारे ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिली है। साथ ही जनमन एवं अन्य विकास पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है। धमतरी निवासी कौशल कुमार सिन्हा और अमित कुमार गुप्ता ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ से जुड़ी रोचक जानकारी लोगो को आकर्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता आंदोलनकारियों और शासकीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। यह जानकारी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।



स्कूल, कॉलेज विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शनी उपयोगी

राष्ट्रीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रायपुर के कक्षा नवमीं के छात्र शैलेन्द्र यादव, प्रणव ध्रुव, तुकेश्वर साहू, मो. फैजान राईन, जुनैद अहमद, जयदीप मारकन्डे, भविष्य मारकंडे आदि विद्यार्थी उत्साह पूर्वक प्रदर्शनी को देखने पहुंचे थे और सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त कर उत्साहित हुए।

इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के पौने पांच साल की उपलब्धियों एवं देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छत्तीसगढ़ के महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को सुसज्जित ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारियों का योगदान और उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज, स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान उनकी जीवन यात्रा, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन एवं स्वतन्त्रता आंदोलन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया है। उनमें प्रमुख रूप से सुराजी गांव योजना, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, बेरोजगारी भत्ता योजना आदि प्रमुख रूप से शामिल है। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी प्रदर्शनी स्थल पर किया जा रहा हैं।

# सावन मेला-ऑल इंडिया हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट प्रदर्शनी को बढ़िया रिस्पांस

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सिटी सेण्टर मॉल के पास, पण्डरी स्थित छत्तीसगढ़ हाट में चल रहे सावन मेला-ऑल इंडिया हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट प्रदर्शनी-सह-बिक्री को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. इस आयोजन में संपूर्ण भारत से क्राफ्टसमेन एंव विवर्स अपने हैण्डलूम व हैण्डीक्राफ्ट आयटम्स के साथ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिसमें टेराकोटा, फर्नीचर, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक आयटम्स, हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट प्रॉडक्ट, किचनवेयर, साडियों का विशाल संग्रह, लेडिस कुर्ती व टॉप, लेडिस एण्ड जैन्ट्स गारमेन्ट्स के अलावा और भी बहुत कुछ है



उपरोक्त जानकारी प्रदर्शनी के संचालक ने दी. उन्होने बताया कि इस आयोजन में देश के प्रमुख शहरों के हैण्डलूम व हैण्डीक्राफ्ट आयटम्स प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए रखे गये हैं. इसमें उत्तर प्रदेश के भदोही के कारपेट, लखनवी चिकन सूट, ड्रेस, खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साडियां, खुरजा क्रॉकरी, सहारनपुर फर्नीचर, मुंबई की फैंसी ज्वेलरी, राजस्थान की शानदार कलरफुल मोजरी (जुते व जूतियां), अचार, चूरन, सुपारी, जयपुरी बैंगल्स, बंगाल की कलकत्ता सिल्क साडियां कश्मीर की पश्मीना शॉल, सूट, साड़ी, पंजाब से पंजाबी फुलकारी, ड्राई फ्लावर, बच्चों के खिलौने, बिहार की भागलपुरी सिल्क वस्तुएं, हरियाणा की बेडशीट, चादर, टेराकोटा, सोफा कवर, पर्दे व मध्यप्रदेश से चन्देरी सूट, साडियां तथा छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, सूट, बेल मैटल के अलावा अन्य कई आकर्षक हैंडलूम व हैण्डीक्राफ्ट आयटम्स प्रर्दर्शित किये गये हैं. आयोजन को बढिया रिस्पांस मिल रहा है. चुनिंदा आयटम्स की खरीदी पर विशेष रियायत भी दी जा रही है. आयोजन सीमित दिनों के लिए है।

# गुम हुए, 200 नग मोबाइल फोन को ढूंढ कर पुलिस ने स्वामियों को, वापस लौटाया

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। गुम मोबाईल फोन की घटना को पुलिस द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा था इस दौरान फोन ढूंढ कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा आवेदकों द्वारा प्रस्तुत गुम मोबाईल फोन के आवेदनों पर गुम हुए मोबाईल फोन को ढूंढने का विशेष अभियान चलाया गया। एण्टी क्राईम एण्टी साईबर यूनिट की टीम द्वारा आवेदकों के गुम हुए कुल 200 नग मोबाईल फोन को रायपुर सहित अन्य जिलों सहित अन्य राज्यों महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के अलग . अलग स्थानों से ढूंढ कर बरामद किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा कुल 200 नग मोबाईल फोन कीमती लगभग 55,00,000, बरामद कर आज ,मोबाईल फोन उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया। इसके पूर्व भी वर्ष 2023 में अब तक एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा आवेदकों के गुम हुए करोड़ो रूपये कीमत के कुल 374 नग मोबाईल फोन को रिकवर कर मोबाईल फोन स्वामियों को वितरित किया जा चुका है।



# ऑनलाइन सट्टा संचालित करते 3 अंतर्राज्यीय आरोपी सहित 4 गिरफ्तार

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में सट्टा एवं जुआ पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपतित्र अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एसीसीयू को निर्देशित किया गया हैं। इस दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित गंज मैदान के पास कुछ व्यक्ति मोबाईल फोन एवं लैपटॉप में ऑनलाईन सट्टा खिला रहें है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अखिलेश ठाकुर, कुणाल इलमकर, अक्षय मोकलकर एवं यश संतोष राव बोबडे बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे बैग, मोबाईल फोन एवं लैपटॉप की तलाशी लेने पर मोबाईल फोन एवं लैपटॉप में सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया साथ ही उनके बैग की तलाशी लेने पर बैग में ऑनलाईन सट्टे से संबंधित पैसो के लेने.देन से संबंधित बैंक के विभिन्न पासबुकए ए.टी.एम, कार्ड एवं सिम कार्ड होना पाया गया। जिस पर चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 19 नग मोबाईल फोन, 02 नग लैपटॉप, 04 नग बैंक का पासबुक, 02 नग ए.टी.एम, कार्ड, विभिन्न कम्पनी के 06 नग सिम कार्ड एवं सट्टो के हिसाब से संबंधित 02 नग डायरी जुमला कीमती लगभग 5,00,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06 एवं 07 का अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया।



आरोपियों के कब्जे से 19 नग मोबाईल फोन, 2 नग लैपटॉप, 4 नग बैंक का पासबुक, 2 नग एटीएम कार्ड, विभिन्न कंपनी के 6 नग सिम कार्ड एवं सट्टो के हिसाब से संबंधित 2 नग डायरी किया गया है जप्त

# गांजा ब्रिकी की फिराक में पकड़ाई महिला

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत शहीद पार्क के पास एक महिला अपने पास गांजा रखी है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रही है। जिस पर प्रभारी विधानसभा को सूचना की तस्दीक कर महिला आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी विधानसभा के नेतृत्व में थाना विधानसभा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये की महिला की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम मुमताज बेगम निवासी उड़ीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 07 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती लगभग 72,000६. रूपये जप्त कर महिला आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।



7 किलो गांजा बरामद

# न होंगे ऑपरेशन, और न ही होगा पोस्टमार्टम

**रायपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन सीडा के अध्यक्ष डॉ इकबाल हुसैन ने सोमवार से शुरू हो रही 45 हजार कर्मियों की हड़ताल को लेकर एक पत्र जारी किया है। हेल्थ फेडरेशन के 12 संगठन के प्रमुख और प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजा है। इसमें कहा है कि सभी प्रशासनिक अधिकारी अपने अधीनस्थ डॉक्टरए नर्सेज कर्मचारियों एवम स्वास्थ्य सयोजकों के साथ स्ट्राइक में शामिल हो आपके बिना हमारा स्ट्राइक है आपके बिना हम अपनी मांगों को कैसे पूरा करवा पाएंगे। आप स्वास्थ्य विभाग परिवार के मुखिया है स्ट्राइक में अपने परिवार के लोगों को अंकलान छीटे स्ट्राइक में अपने परिवार के साथ शामिल होकर अपने अधीनस्थ डॉक्टर्स, नर्सेज कर्मचारी एवम स्वास्थ्य संयोजकों को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। राज्य के अधिकांश अस्पतालों में डॉक्टर्स, नसैज एवम स्वास्थ्य सयोजकों के एक साथ स्ट्राइक पर जाने से व्यवस्था पूरी तरह चरमराने वाली है। हमारे अधिकाश प्रशासनिक अधिकारी भी स्ट्राइक में शामिल हो ही रह है। ऐसे में सभी प्रशासनिक अधिकारियों से यह भी अपील है कि शासन प्रशासन को पार करके वस्तुस्थिति से आज ही अवगत करा दें। एमएलसी, पोस्टमार्टम नहीं हो पाएगा इसकी भी सूचना संबंधित थाने को आज ही अवश्य दें। आपकी भी प्रभावित होगी सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों को कॉल करके के अवश्य बताए। अपने हासएप स्टेटस भी लगाए। अस्पताल में सुविधाएं नहीं मिलेगी तो अस्पताल में हंगामा होना निश्चित है इसलिए इससे पहले की वो आप पर दोष हाले आप सभी को स्ट्राइक और प्रभावित होनेवाली आपातकाल व्यवस्था के बारे में पहले से ही बता दे जो ड्यूटी करेगा, वो भी हमाने का शिकार होगाए ऐसे लोगों के लिए हम उपर वाले से प्रार्थना ही कर सकते है। जी आज हडताल का आवेदन देगाए उसका आवंटन स्वीकार कर लें और जो कल आवेदन देगा उसकी आवदेन स्वीकारना पूर्णत आपके उपर निर्भर करेगा।

45 हजार स्वास्थ्यकर्मी सोमवार से हड़ताल पर

उल्टा पुल्टा

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर, मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।



दुर्ग। ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने किया वृक्षारोपण

### दो दिन की वर्षा के बाद आज का मौसम मिला जुला रहा

# महमरा एनीकेट के तीन फीट उपर पानी



**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। लगभग दस दिनों के अंतराल के बाद 17-18 अगस्त को हुई बारिश आज भी हल्के फुल्के रूप में जारी रही। आज सुबह हल्की वर्षा हुई। शाम को भी बारिश के छींटे पड़े और बाकी पूरे दिन मौसम खुशगवार रहा। धूप भी खिली रही। इधर नदी में पानी बढ़ रहा है। खेतों में नमी बढ़ी है। कृषि के लिये परिस्थितियां अनुकूल बनी है। खेतों में बोनी रोपाई का कार्य पूरा हो जाने के बाद अब निंदाई कोड़ाई का कार्य चल रहा है। कृषि कार्य में तेजी आई है। इधर अब रक्षा बंधन व अन्य त्यौहार भी करीब आने लगे है। इसकी वजह से बाजारों की रौनक बढ़ी है।

**बारिश के आंकड़े :** जिले में 1 जून से 19 अगस्त तक 565.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। इसमें सर्वाधिक वर्षा 737.6 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 308.5 मिमी. बोरी तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 522.2 मिमी, तहसील धमधा में 552.1 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 580.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 690.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 19 अगस्त तहसील दुर्ग में 33.2 मिमी, तहसील धमधा में 21.2 मिमी, तहसील पाटन में 26.0 मिमी, तहसील बोरी में 24.5 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 18.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 25.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### गिरधारी नगर में मिली महिला की जली हुई लाश का मामला सुलझा

# शक की सुई संबंधित परिवार से जुड़ी महिला की ओर

**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कथित प्रेमी के साथ भागने के लिये एक अज्ञात लाश जलाकर षड़यंत्र रचने वाली महिला खुद अपने ही जाल में फंस गई है। इस महिला एवं उसके कथित प्रेमी तथा एक सहयोगी को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के समक्ष में कथित आरोपी महिला उसके प्रेमी और सहयोगी ने पूरे मामले से परदा उठा दिया है। पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों से पूरी कहानी तो उगलवा ली है। पुलिस ने कहा है कि कल 20 अगस्त को पत्रकार वार्ता लेकर वरिष्ठ अधिकारी प्रेस को पूरी जानकारी देगें। पूरा मामला प्रेम प्रसंग का ही बताया जाता है।

इधर अपुष्ट जानकारी के अनुसार गिरधारी नगर के एक मकान से लगे स्टोर रूप में 15 अगस्त की रात्रि डेढ़ बजे रहस्यमय तरीके से आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर मोहन नगर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई तब पता चला कि वहां एक लाश जली हालत में है। लाश महिला की या पुरूष

**मामला कथित प्रेम प्रसंग का**

की है यह भी पता नहीं चल पा रहा था। पुलिस की टीम पूरे मामले को चुनौती समझकर डील कर रही थी। उसे संदेह था कि इसी यादव परिवार की एक महिला जो घटना के समय से ही गायब थी उसी महिला की लाश है। पुलिस इसी उधेड़पन में थी कि दूसरे दिन उस महिला ने डायल 112 पर फोन किया। इस फोन के आधार पर महिला को उसके मायके गंडई पहुंचाया गया जहां से उक्त महिला को लेकर पुलिस दुर्ग गिरधारी नगर आई। महिला संबंधित परिवार की है।

इधर अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गिरधारी नगर में भूपेन्द्र यादव के स्टोर रूम में जिस महिला की जली लाश मिली है वह किसकी है। मृतक महिला या पुरूष है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पूरे मामले से तभी पर्दा उठेगा जब इस मामले से जुड़े तीनों आरोपियों से पुलिस की पूछताछ अलग अलग मिले बयानों को जोड़ने के बाद कल पत्रवार्ता में पुलिस अधीकृत रूप से मामले का खुलासा करेगी। फिलहाल आज इस पूरे बारे में कोई भी पुलिस अधिकारी अधिकृत तौर पर कुछ भी बताने तैयार नहीं। सभी कह रहे है इंतजार करें कल पत्रकार वार्ता का।

## चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का 22 को धरना का आव्हान

**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ, एवं लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त को हिन्दी भवन के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर रैली के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। यदि इस पर भी मांगें पूरी न की गई तो 5 सितंबर को रायपुर में मंत्रालय का घेराव किया जायेगा। कर्मचारियों की सबसे प्रमुख व महत्वपूर्ण मांग उनके नियमितीकरण से संबंधित है।

उल्लेखनीय है कि 10 दिसंबर 21 को शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव के मध्य हुई चर्चा में सभी विभागों को सर्कुलर जारी कर निर्देशित किया गया था कि विभागीय परामर्श दात्री समिति की बैठक लेकर चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों, लघुवेतन कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें। समस्याएं हल न किये जाने पर कर्मचारियों ने 22 अगस्त को धरना प्रदर्शन रैली करने का निर्णय लिया है।

## विधायक व महापौर ने गांधी प्रतिमा एवं पटेल चौक के सौंदर्यीकरण कार्य का किया भूमिपूजन

**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज विधायक अरुण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, सभापति राजेश यादवए, सडीएम मुकेश रावटे और एमआईसी सदस्य व पार्षदो की मौजूदगी में गांधी प्रतिमा के निकट और पटेल चौक के करीब सौंदर्यीकरण कार्यो का भूमिपजन किया।



जानकारी के मुताबिक बता दे कि यातायात व्यवस्थित करने के लिए गांधी प्रतिमा चौक के चारों ओर प्रतिमा स्थल का घेरा कम कर बेहतर लुक दिया जाएगा। इसके साथ ही गांधी प्रतिमा के सामने रिक्त स्थान को खूबसूरत बनाया जाएगा जो एक आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही पटेल चौक में सब्जी पसरा लगाने वालों के कारण ट्रैफिक्र जाम की स्थिति बनी रहती है। इसे ठीक कर व्यवस्थित किया जाएगा साथ ही पटेल घड़ी चौक का सौन्दर्यकरण किया जाएगा।

विधायक एवं महापौर ने भूमिपूजन के दौरान कार्यो मे तेजी लाने की बात अधिकारियों से कही। इसके बाद गौरवपथ का निरीक्षण कर गौरवपथ के दोनों किनारे बड़ी तादाद में फलदार एवं छायादार पौधे रोपे जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य संजय कोहले, दीपक साह, भोला महोविया, पार्षद नीता जैन, बबिता गुड्डु यादव, राजेश शर्मा, अजय गुप्ता के अलावा कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, अजय मिश्रा, करण यादव, राजकुमार पाली मौजूद रहे।

# भरोसे की सरकार भूपेश सरकार : गिरीश देवांगन

### भरोसे का सम्मेलन में गंडई पहुंचे खनिज विकास निगम अध्यक्ष, युकां कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, निकाली बाईक रैली

**गंडई पंडरिया,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन आज गंडई नगर के मंडी प्रांगण में आयोजित भरोसे का सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां भरोसा का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि जो भरोसा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार ने आपको दिया था उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार गरीबों, मजदूरों और कमजोर सहित हर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा कर रही है। जिससे आज शहर से लेकर गांव के अंतिम छोर तक के नागरिक संतुष्ट है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं महिला कांग्रेस कमेटी गंडई के नेतृत्व में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में गिरीश देवांगन अध्यक्ष खनिज विकास निगम के मुख्य आतिथ्य में




संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता यशोदा नीलांबर वर्मा विधायक खैरागढ़ में किया। अति विशिष्ट अतिथि पदम कोठारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि गिरवर जंघेल पूर्व विधायक खैरागढ़, नीना विनोद ताम्रकार अध्यक्ष जनपद पंचायत छुईखदान, लालटाकेश्वर साहब खुसरो कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष, मोतीलाल जंघेल सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, रमेश साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई, रामकुमार पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान, संजू सिंह चंदेल अध्यक्ष कृषि उपज मंडी गंडई और चेतन देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

गंडई नगर से पांच किलोमीटर पहले धोधा चौक से युवक कांग्रेस की टीम गिरीश देवांगन के काफिले के आगे आगे 200 से अधिक बाइक रैली के साथ चली। जोकि गंडई मुख्य चौक पहुंचकर जमकर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। बाईक रैली में गिरीश देवांगन बुलेट बाइक चलाते नजर आए।

खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने पूर्व भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भाजपा 15 साल तक सत्ता में रहकर किसानों, मजदूरों और गरीबों का विकास नहीं कर पाई। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना से 45 लाख उपभोक्ता परिवारों को छूट का लाभ मिला है, 72 लाख परिवारों का राशन कार्ड बनवाया है। स्वामी आत्मानंद ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## पुनरीक्षण मतदान केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, नदारद मिले अधिकारी

**गंडई पंडरिया,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नवीन मतदाताओ का नाम जोड़ने काटने और संसोधन का कार्य शिविर लगा कर किया जा रहा है। आज दोपहर एसडीएम रेणुका रात्रेने अचानक निरीक्षण किया तो कई केंद्रों में ताला लटका मिला तो कई अभिहित अधिकारी केंद्र से नदारद मिले। जिनके खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है।


■ अनुपस्थित अधिकारियों को दिया जाएगा नोटिस

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में कुछ महीने ही शेष बचे हैं। ऐसे में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। कल 13 अगस्त मतदान केंद्रों में शिविर लगाया गया था। इसके बाद स्कुलो में 19 और 20 अगस्त को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में युवा वर्ग के नए मतदाता अपना नाम सूची में जुड़वा व संशोधित करवा सकते है।

> 13 पुनरीक्षण केंद्रों का दौरा किया गया है जिसमे से कुछ केंद्रों में अधिकारी नदारत मिले एवं कुछ केंद्रों को खोला ही नही गया था। जिन्हें नोटिस दिया जाएगा : **रेणुका रात्रे** (एसडीएम)

एसडीएम रेणुका रात्रे ने 13 पुनरीक्षण मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकांश केंद्रों में अभिहित अधिकारी नदारत मिले कुछ केंद्रों में ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## रायपुर में आत्मज्ञानी दीपक भाई का सत्संग 22 व 23 को

**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। आत्मज्ञानी पू. दीपक भाई त्रिमंदिर गांधी नगर, गुजरात का रायपुर में आगामी 22 व 23 अगस्त को सत्संग कार्यक्रम होगा। यह दो दिवसीय कार्यक्रम पंडित दीनदयाल परिसर ऑडिटोरियम साइंस कालेज परिसर रायपुर में 4 से 7.30 तक होगा।

प्रथम दिन दीपक भाई के सानिध्य में प्रश्नोत्तरी सत्संग होगा। इसमें कोई भी धर्म, दर्शन, कर्मफल, सुख-शांति आनंद आध्यात्म से संबंधित प्रश्न पूछकर ज्ञान प्राप्त कर सकता है।

दूसरे दिन पू. दीपक भाई आत्म कल्याण व जगत कल्याण की भावना से मात्र दो घंटे में ज्ञानविधि से आत्मनुभूति का अनुभव कराते है।

ज्ञातव्य है कि पूज्य दीपक भाई पिछले कई वर्षो से देश विदेश का भ्रमण कर जनसेवा की भावना से ज्ञान का प्रकाश फैला रहे है। यह मार्ग संसार में व्यवहार निभाते हुए भी निरंतर आत्मजागृति में रहकर मोक्ष प्राप्ति का है।

सत्संग व ज्ञान विधि में किसी भी धर्म संप्रदाय जाति के लोग भाग ले सकते है।

## शहर में घुम रहे मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग को परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाया



**राजनांदगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को रात 9 बजे थाना कोतवाली को सूचना प्राप्त हुआ कि कन्हारपुरी में एक बुजुर्ग व्यक्ति गुमसुन सुनसान जगह पर घायल अवस्था में बैठा है। कि सूचना डायल-112 को प्राप्त होने से डायल-112

**पुलिस का बुजुर्गो के प्रति सकारात्मक पहल**

के पुलिस स्टाप द्वारा थाना लेकर आये। जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम पता सही नहीं बता पा रहा था, जिस जिस स्थान का नाम उक्त व्यक्ति द्वारा बताया जा रहा था वहां पर बुजुर्ग व्यक्ति के फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने पर उक्त व्यक्ति की पहचान डोमार साहू ग्राम सुरपा थाना जामगांव जिला दुर्ग का होना पता चला। बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनो से संपर्क करने पर उनके द्वारा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## तेंदूभाठा नहर लाइनिंग कार्य स्वीकृत होने पर किसानों ने मनाई खुशियां

**डोंगरगढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण भुवनेश्वर बघोल शारदे नवरात्रि दुर्गाष्टमी के अवसर पर चैतू खपरी, शिवानी कला पहुंचे थे तभी विधायक से आपस में चर्चा करते हुए मंडी अध्यक्ष मुरली वर्मा, सोसायटी समिति अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, सेक्टर प्रभारी लाल वर्मा ने प्रमुख रूप से क्षेत्र की किसानों से जुड़े हुए तेंदूभठा नहर लाइनिंग करने की मांग रखी जिसे विधायक ने किसान हित में उस कार्य को तत्परता के साथ स्वीकृत कराया जिससे क्षेत्र के किसानों एवं आम जनता में खुशी की लहर दौड़ गई इसी का खुशी मनाने मोहारा बाजार चौक पर आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर खुशियों मनाया तथा ब्लॉक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## नदी में मिली लाश की हुई शिनाख्त

**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी के पुराने पुल के पास नदी में गत 18 अगस्त को जो लाश मिली थी उसकी शिनाख्त पुलगांव पुलिस द्वारा कर ली गई है। मृतक का नाम शेख कासिम पिता शेख मुकीम (32) नूरी मस्जिद के पास केलाबाड़ी है। पुलिस ने अनुसार मृतक मानसिक तौर पर परेशान रहता था। शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक शेख कासिम घुम्मकड़ किस्म का था। गत 18 अगस्त की सुबह वह घर से बगैर किसी को कुछ बताये निकल गया था। दोपहर 12 बजे के बाद नदी में बहती उसकी लाश मिली थी। गत देर रात्रि उसकी शिनाख्त कर ली गई।

# आचार्य आनंद ऋषि का जन्ममहोत्सव आयंबिल तपस्या के साथ मनाया गया




**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुदेव शीतल मुनि जी के सानिध्य में आचार्य सम्राट आनंद ऋषि जी महाराज की 124 वा जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आयंबिल महोत्सव के रूप में मनाया गया। गुणानुवाद सभा को संबोधित करते हुए शीतल मुनि जी ने कहा आचार्य सम्राट आनंद ऋषि एक महान तपस्वी संत थे जो व्यक्ति एक बार उनके दर्शन कर लेता था वह उनके दर्शन को हमेशा आतुर रहता था। आचार्य भगवंत का जीवन अत्यंत आकर्षण से भरा था।

आज पूरे देश भर से एक लाख आठ हजार आयंबिल तप की आराधना का लक्ष्य रखा गया था

आचार्य सम्राट आनंद ऋषि जी महाराज को आयंबिल की तपस्या बेहद पसंद थी। उन्होंने जीवन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# चातुर्मास धार्मिक आराधना के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिये प्रेरणास्पद : डॉ. भेसले

**दुर्ग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा परिसर में संचालित प्राकृतिक एवं योगोपचार संस्थान आरोग्यम् के महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा भेसले ने तीर्थयात्रियों आरोग्यम् के साधकों एवं स्थानीय ग्रामीणों से परिचर्चा करते हुए संगोष्ठी में बताया कि श्प्रत्येक धर्म के मूल में स्व.पर आत्म कल्याण की भावना निहित हैं। स्वस्थ शरीर में हीं स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता तन। तन और मन में गहरा संबंध होता है। यदि मनुष्य का शरीर स्वस्थ होगा, तो वह किसी भी भौतिक समस्या या परिस्थिति का सामना कर उसका समाधान




निकाल सकता हैं। धार्मिक आराधना, साधना के लिए शरीर की शुद्धि-आरोग्यता- स्वस्थता जरूरी है। चातुर्मास ऐसे तो धार्मिक आराधना का पर्व है, लेकिन जैन धर्मावलंबियों के लिए यह स्वास्थ्य जागरूकता का महापर्व भी बन जाता हैं। चातुर्मास के दरिम्यान जैन धर्म के अनुयायीगण कठिन उपवास करते हैं। छोटे छोटे बच्चे भी तीन तीन उपवास सहजता से कर लेते हैं। सूर्योदय के 48 मिनिट बाद से सूर्यास्त पूर्व मात्र गरम जल का सेवन करते हैं। उपवास प्राकृतिक चिकित्सा का मूल आधार बताया गया हैं। उपवास से शरीर की शुद्धि होती है, जैन धर्म में न केवल चातुर्मास अपितु भिन्न भिन्न पर्व में उपवास की आराधना स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। जैन धर्म के पूर्वाचार्यों ने उपवास के साथ ही दैनिक धर्म आराधना में भी योग ध्यान और संतुलित आहार को स्थान दिया है। मंदिर में पूजा पश्चात् चैत्यवंदन ;प्रार्थना-स्तुति-स्तवना करते हुए विभिन्न आसन और मुद्रा, योग साधना का सूत्र हैए वहीं कार्योत्सर्ग ;काउसग्ग की साधना शरीर से विमुक्त होकर आत्म ध्यान का सर्वोच्च साधन हैं। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पालतू मवेशियों का राष्ट्रीय राजमार्ग पर विचरण रोकने भानपुरी में ग्रामीणों की बैठक

## पालतु पशुओं की समुचित देखरेख करने ग्रामीणों ने जताई सहमति



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग में पालतू पशुओं के विचरण को रोकने सहित सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने की दिशा में पशुधन विकास विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सडकों में विचरण करने वाले पालतू पशुओं पर रेडियम बेल्ट लगाने सहित टैगिंग कर उन्हें गौठान एवं कांजी हाउस में विस्थापन किया जा रहा है

। सयुंक्त संचालक पशुधन विकास विभाग जगदलपुर डॉ डीके नेताम ने बताया कि इसी कड़ी में 19 अगस्त को पशु चिकित्सालय फरसागुड़ा भानपुरी क्षेत्र के नेशनल हाईवे क्रमांक 30 एवं हाईवे से लगे गौठान ग्राम पंचायत भानपुरी में पंचायत पदाधिकारियों,पशुपालकों, किसानों, गौठान समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर नेशनल हाईवे 30 पर आने वाले पशुओं के विचरण पर रोकथाम करने एवं उनसे होने वाले कठिनाईयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य सड़कों पर पालतू पशुओं के विचरण रोकने हेतु मवेशियों की देखरेख किये जाने तथा मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की समझाईश दी गयी। बैठक के दौरान गौठान ग्राम के संरपंच,गौठान समिति अध्यक्ष एवं सदस्य, पंच, कोटवार तथा उपस्थित ग्रामवासियों को चारा उत्पादन, पैरा का यूरिया उपचार और पालतू मवेशियों को मौसमी बीमारियों से बचाव करने सहित उपचार सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही हाईवे पर विचरण करने वाले पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया जिससे पशुओं को भारी वाहनों एवं अन्य कारणों से होने वाले दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस बारे में समस्त पंचायत प्रतिनिधियों, पशुपालकों, किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा अपने पालतू पशुओं का भविष्य में उन्मुक्त विचरण पर पाबंदी लगाने के साथ ही पालतू मवेशियों की समुचित देखरेख किये जाने सहमति व्यक्त की गई। वहीं उक्त सम्बंध में निकटतम ग्राम पंचायतों में भी जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए ग्रामीणों द्वारा सहमति जतायी गयी।

# सीआरपीएफ ने सद्भावना दिवस पर देश में शांति व सद्भावना बढ़ाने में योगदान देने के लिए लिया शपथ

**सुकमा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी मुख्यालय में 4 अधिकारी, 56 अधिनिस्थ अधिकारी एवं 138 कार्मिकों के द्वारा च्सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में देश में शांति एवं सद्भावना बढ़ाने में योगदान देने के लिए शपथ ग्रहण लिया गया। यह दिवस भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी जन्म जयंती 20 अगस्त को हर साल सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 20 अगस्त को सरकारी अवकाश होने की वजह से सरकार के निर्देशानुसार यह च्सद्भावना दिवसज् 19 अगस्त को मनाया गया।



इस दिवस का आयोजन सभी धर्मों के बीच सामुदायिक समरसता राष्ट्रीय एकता, शांति, प्यार और लगाव को लोगों में बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, उप कमाण्डेन्ट टी. सैमसन राजू उप कमाण्डेन्ट भास्कर भट्टाचार्य, डॉ अनील कुमार, सहायक कमाण्डेन्ट राकेश कुमार ठाकुर, द्वितीय वाहिनी एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी, जवान आदि उपस्थित थे। वहीं सेकेंड बटालियन के कंपनी बी समवाय फुलबगड़ी में सहायक कमाण्डेन्ट राकेश कुमार ठाकुर , सी सवमाय गादीरास में प्रज्वल एन. पी., ई समवाय कोर्रा में निरीक्षक श्रीरंजन एस, एफ समवाय रामाराम में निरीक्षक डी भीमसिंह व जी समवाय गोरगुण्डा में सहा. कमाण्डेन्ट अश्वनी कुमार सिंह के द्वारा सद्भावना दिवस मनाया गया। कमाण्डेन्ट रतिकान्त बेहेरा ने जवानों को संबोधित करते हुए भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के द्वारा देश में एकता, आपसी सौहार्द्र स्थापित करने और हिंसा तथा आतंकवाद को रोकने के लिए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताया गया। साथ ही सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व जवानों को सुझाव दिया की अपनी-अपनी ड्यूटि के दौरान सामुदायिक समरसता, राष्ट्रीय एकता एवं शांति को ध्यान रखते हुए ईमानदारीपूर्वक, ड्यूटी करें। उन्होंने कहां कि सीआरपीएफ द्वितीय वाहिनी के वीर सपूतो ने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना को और 09 अप्रैल 1965 को पाकिस्तानी ब्रिगेड को बहादुरी और जाबाजी से लोहा लेते हुए पिछे हटने पर मजबूर कर दिया था। द्वितीय वाहिनी ने देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाये रखने में इसी प्रकार हमेशा योगदान दिया है और भविष्य में भी बिना भेद-भाव के अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

# कलेक्टोरेट में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु अनुमोदित सूची जारी

## 31 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देश के परिपालन में कलेक्टोरेट में जिला स्थापना अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रेस विज्ञाप्ति 26 मई 2023 द्वारा जारी किया गया था। इस हेतु जिला स्तरीय भर्ती हेतु गठित चयन समिति द्वारा प्रोसेस सर्वर, फर्राश एवं अर्दली के रिक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की कम्प्यूटराईज्ड सूची का अवलोकन उपरांत दावा-आपत्ति आमंत्रित किये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदित सूची का प्रकाशन किया गया है। अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट ड्ड्ड्ढ्ढह्द्गह्ल.द्द श1.द्बठ्ठ एवं जिला कार्यालय के सूचना पटल पर उक्त सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो वे पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही 31 अगस्त 2023 को दोपहर 2 बजे तक जिला कार्यालय जगदलपुर में अपना अभ्यावेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। कोरियर अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये गये दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा। उक्त नियत तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

# छग मूर्तिकार चित्रकार संघ बस्तर संभाग ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

## स्थानीय कलाकारों को शासकीय कार्य में प्राथमिकता की मांग



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मूर्तिकार चित्रकार संघ बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत, बस्तर जिला अध्यक्ष बलदेव नागे व अन्य संघ सदस्यों ने पीसीसी अध्यक्ष व बस्तर सांसद दीपक बैज को ज्ञापन सौंपा जिसमें सरकारी विभागों में होने वाले कला से संबंधित कार्यों को ठेकेदारी प्रथा से अलग करने की मांग की है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा घोषित पंजीकृत कलाकारों को दिये जाने वाले चिन्हारी कार्ड आबंटित करने और चिन्हारी कार्ड के आधार पर सीधे स्थानीय अनुभवी कलाकारों को काम देने की मांग भी की है जिससे स्थानीय कलाकारों को अधिक से अधिक रोजगार प्राप्त हो। मदन उपाध्यक्ष, बलदेव नागे सचिव, रघु सारथी, राजेश सोना सह सचिव,सलाहकार समिति के रमेश राव, रघु कौशल,सीताराम यादव, बच्चन यादव अभिमन्यु उपस्थित थे।

# नव विवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करने स्वीप ने चलाया अभियान



**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। अधिक से अधिक लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जोर-शोर से स्वीप के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शनिवार को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में शिविर आयोजित कर नव विवाहिताओं को मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान नव दुल्हनों का स्वागत भी किया गया। इस दौरान स्वीप अभियान के प्रभारी शरद गॉड के साथ काफी संख्या में आधिकारिक कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर व पीठासीन अधिकारी ने महापौर के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन आहूत की 29 को

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 23 (क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगरपालिक निगम जगदलपुर महापौर सफीरा साहू के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का सम्मिलन आहूत किया गया है। सम्मिलन 29 अगस्त को दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय के प्रेरणा हॉल में होगी।

### स्कूल-कॉलेजों के शिविर में मतदाताओं ने नाम जुड़वाया

**बिलाईगढ़,** 19 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के तीनों विकासखंड बरमकेला, सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के स्कूल-कॉलेजों में नये और ग्रामीण एवं शहरी मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म 6 भरा और मतदाता शपथ लिया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलटिकरी में स्कूली बच्चे, जिनकी आयु 18 वर्ष हो गई है उनको नये मतदाताओं के रूप में फार्म-6 भरने के लिए कहा और वहां उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को मतदान के लिए मतदाता शपथ दिलाई। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव और शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय भटगांव में विद्यार्थियों को निर्वाचन के लिए मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और सुधार करने के लिए फार्म-6,7 और 8 के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को लोगों में मतदान जागरूकता हेतु सामाजिक जनचेतना के लिए योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# स्वामी करपात्री जी का प्राकट्य महोत्सव

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सनातन धर्म ध्वज संवाहक गौरक्षा आंदोलन के प्रेरणा स्त्रोत आध्यात्मिक क्रांतिकारी महान विभूति धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी का प्राकट्य महोत्सव गोवर्धन मठ से सम्भन्ध पीठ परिषद रायपुर प्रांतीय आवाहन पर गुरूवार को बस्तर संभाग आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के तत्वाधान में बस्तर अंचल के सनातनी जनों ने शहर के बालाजी वार्ड स्थित सीताराम शिवालय मंदिर में धार्मिक आयोजन कर स्वामी करपात्री महाराज के जीवन पर संगोष्ठि किया गया। स्वामी श्री करपात्री जी महाराज के उपस्थिति में इसका प्राण प्रतिष्ठा हुआ। प्राकटय महोत्सव कार्यक्रम में पंडित आचार्य रोमित राज त्रिपाठी द्वारा सर्वप्रथम करपात्री जी के चित्र पर विधिविधान और मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना किया गया।



आचार्य पडित रोमित राज त्रिपाठी द्वारा स्वामी करपात्री जी के जीवन और भारत मे उनके सनातन धर्म के लिए किए गए महान कार्य ग्रंथ रचनाएं व्याख्यान के माध्यम से उपस्थित जनों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया आज हमे जो मंदिरों मठ में धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो जय घोष सुनने को मिलता है, उसकी रचना स्वामी श्री करपात्री महाराज ने किया। सनातन धर्म जागरण के लिए उन्होंने लंबी यात्राएं की गौ रक्षा आंदोलन, रामराज परिषद का गठन किया। गौ रक्षा के लिए उन्होंने पूरे देश में जन जागरण का कार्य किया। गौरक्षा के लिए उन्होंने 1966 में पूरे देश साधु संतों को एकजुट कर दिल्ली में बहुत बड़ा आंदोलन किया था। जिसे आज भी लोग देश के प्रमुख आंदोलन में स्मरण करते हैं। स्वामी जी द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के लिए अनेक कार्य किए गए। व्याख्यान के बाद उपस्थित जनों ने करपात्री जी के स्मरण कर दो मिनट का मौन धारण कर याद किया। उपस्थित सनातनियो ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्री राम जय राम जय जय राम का भजन किया। ततपश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आचार्य पंडित रोहित राज त्रिपाठी, अनिल सामंत, योगेश शुक्ला, मनोज पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर,अनिरुद्ध मिश्र,किरण शुक्ला, मृदुल मलिक, उदय दुबे, सिमरन घोष, शिव चाडक, गुड्डु तिवारी, गुप्तेश्वर सोनी, अमर झा, सूर्य भूषण सिंह, राकेश त्रिपाठी शुक्ला,गीता शुक्ला,बसंती सामंत, शतरूपा मिश्रा, शिखा घोष, बबली शुक्ला अलका सेगर, माया तिवारी हेमलता नामदेव चंद्रलेखा बाजपेई अहिल्या मिश्रा अन्नू तिवारी व अन्य मातृशक्ति उपस्थित थी।

# कल से समस्त स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल



**सुकमा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य फेडरेशन से जुड़े बीएमओ, डॉक्टरस, स्टाफ नर्स, ग्रामीण सवास्थ्य संयोजक, सहायक चिकित्सा अधिकारी, सहित रेगुलर अधिकारी व कर्मचारी 21 अगस्त से जिला स्तर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। वेतन विसंगति सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य फेडरेशन से जुड़े रेगुलर अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक के बाद लिया गया निर्णय। जहां जिला स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन के संबंध में चर्चा कर अगामी 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा डॉक्टर, नर्स, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, अधिकारियों की मांगों पर आज तक ध्यान नहीं दिया। इससे नाराज होकर स्वास्थ्य विभाग के 14 संगठन ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य फेडरेशन बनाकर हड़ताल करने का एलान किए है। इससे पहले 11 अगस्त को एकदिवसीय धरना रायपुर में दिया गया था, जिसमे पूरे प्रदेश के स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। मांग पूरी नहीं होने पर 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांग में वेतन विसंगति 2200 ग्रेड-पे से 2800 ग्रेड-पे, प्रति माह अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन, कोविड भत्ता समेत अन्य शामिल हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पहली बैठक में ही एक्शन...

प्रधानमंत्री आवास ,अमृत मिशन व अन्य विभागों की योजना के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया । समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त हरेश मंडावी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ,सभी अपना कार्य ईमानदारी से समय सीमा में पूर्ण करें । सभी विभाग अपना समन्वय स्थापित करते अपना कार्य करें । इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मिश्रा ,राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ,के अलावा निगम के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे ।

### लखेश्वर बघेल ने लामकेर...

क्यों न हो आज आपके पास जोश है, समर्पण है, आपको कोई पराजित नहीं कर सकता। एक कहावत याद दिला दूं रामकृष्ण परमहंस ने कहा कि आप आराधना करें, पूजा करें, किसी भी रास्ते में चलें कोई भी मार्ग हो सकता है सब पहुंचता एक ही जगह है। इसका प्रतिनिधि किसी ने किया तो महात्मा गांधी ने किया जो सबको साथ लेकर चलने की बात कही। कांग्रेस पार्टी ने उनका अनुसरण करते हुए सबको जोड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य और बोलने का अधिकार दिया। इस दौरान चंदर राम कश्यप, ढोलूराम, समलूराम, मनीराम बघेल, गणेश बघेल,रघुराम कश्यप, सुबस कश्यप,लुदरू कश्यप, सुबस कश्यप,देवीराम कश्यप, अध्यक्ष गणेश बघेल, बैद्यनाथ मौर्य, जगमोहन बघेल,शोभा मारकंडे,धरम गोयल, बैशाखु राम, धनुरजय, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, कृपालु सुखचंद कश्यप, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बालिका शिक्षा को ...

कही। कांग्रेस पार्टी ने उनका अनुसरण करते हुए सबको जोड़ा, शिक्षा, स्वास्थ्य और बोलने का अधिकार दिया। इस दौरान चंदर राम कश्यप, ढोलूराम, समलूराम, मनीराम बघेल, गणेश बघेल,रघुराम कश्यप, सुबस कश्यप,लुदरू कश्यप, सुबस कश्यप,देवीराम कश्यप, अध्यक्ष गणेश बघेल, बैद्यनाथ मौर्य, जगमोहन बघेल,शोभा मारकंडे,धरम गोयल, बैशाखु राम, धनुरजय, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, कृपालु सुखचंद कश्यप, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नर्मदेश्वर हवनात्मक ...

मानें तो श्रावण मास में हर परिवार रूद्राभिषेक नहीं कर पाता, लेकिन सक्षम की पहल पर ज्यादा से ज्यादा भक्तों को भगवान शिव का रूद्राभिषेक करने का अवसर मिल पाया है। शनिवार को देर शाम रूद्राभिषेक के बाद रविवार की सुबह से फिर महारूद्राभिषेक के अनुष्ठान को आगे बढ़ाया जाएगा।

# डेलियन्स पद्दा ने हाथों से बनाया विधायक का हूबहू तस्वीर

**भानुप्रतापपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सोलह वर्षीय डेलियन्स पद्दा बचपन से ही पेंटिंग बनाने की शौकीन है वे पेंसिल की मदद से पेंटिंग्स बनाते आ रहा है। हालहि में उनके द्वारा पूर्व विधायक स्व श्री मनोज सिंह मंडावी एवं वर्तमान विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी की हूबहू चित्र आकृति बनाकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर उन्हें वह चित्र भेट की। विधायक ने चित्र देखकर सराहना किया एवं भविष्य में पेंटिंग्स कलाकृतियों में ओर भी निखार आये इसके लिए वे हर संभव मदद करने की बात कही व खैरागढ विश्वविद्यालय तक उनके चित्र को पहुचाने की आश्वासन दी।



आपको बताते चलते है कि डेलियन्स पद्दा पिता स्व ओम प्रकाश पद्दा संतोषी पारा भानुप्रतापपुर का निवासी है। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यायल की कक्षा 11वीं का छात्र है। पिता का साया बचपन से ही उठ गया है। जिससे घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। वे अपने चाचा जय पद्दा पेंटर के साथ रहते हुए बचपन से ही पेंटिंग्स चित्रकारी आर्ट में रूचि रही। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के बाद जब भी समय मिलता है मैं खेलने कूदने के बजाय अधिक से अधिक समय पेंटिग्स का कार्य करता रहता हूं। शुरुवात से ही कार्टून व देवी देवताओं की पेंटिंग्स बनाते आ रहा हूँ ,विगत कुछ वर्षो से लोगो की मांग पर कलाकार व लोगो की पेंटिंग्स बनाई है। उन्होंने बताया कि एक पेंटिंग्स तैयार करने में लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है, एवज में 500 से 700 रुपये मिल जाते है।

डेलियन्स पद्दा ने कहा कि पेंटिंग्स के क्षेत्र में आगे जाना चाहता हूँ पर मुझे न ही कोई मदद मिल रहा है और न ही घर की आर्थिक स्थिति ठीक है। मैं भी चाहता हूँ पेंटिंग्स के क्षेत्र बहुत नाम कमाऊ पर नही कर पा रहा हूँ। शायद नेताओ से उम्मीद की आश जगी है। विगत कुछ दिनों से अन्य पेंटिंग्स के साथ राजनेताओ की पेंटिंग्स बनाने शुरू किया है,जिनमे पूर्व एवं वर्तमान विधायक है। मै अपने पेंटिंग के माध्यम से अपने क्षेत्र को पहचान दिलाना चाहता हु उन्होंने कहा कि आगे अब मैं जिला

**कलेक्टर की पेंटिंग बनाकर उन्हें भेंट करू, मैडम जी बच्चों को**

पढ़ाई के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी काफी प्रोत्साहित करती है। जिला प्रशासन के द्वारा अन्य प्रतियोगिता के साथ ही पेंटिंग्स के भी प्रतियोगिता आयोजित की जानी चाहिए ताकि आगे जाने का अवसर मिल सके। वही शासन प्रशासन से भी आर्थिक मदद के साथ ही कला को निखारने हेतु कला विद्यालय में निशुल्क एडमिशन का सहयोग करने की अपेक्षा ब्यक्त की।

# अनुज राईस मिल हल्बा कचोरा जगदलपुर में अनियमितता पाए जाने पर जप्त चावल व धान सहित एफडीआर राजसात

**जगदलपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मेसर्स अनुज राईस मिल हल्बा कचोरा जगदलपुर में 9 फरवरी 2023 को जांच के दौरान 3639 चिंटल धान कम पाये जाने एवं धान एवं चांवल के स्टाक से संबंधित पंजियों का संधारण नहीं किये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन किये जाने के संबंध में प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

प्रकरण की विधिवत सुनवाई करते हुये कस्टम मिलिंग हेतु राईस मिलर्स को जो धान प्रदाय किया गया था, उक्त धान की मात्रा निरीक्षण के दौरान नहीं पाई गई तथा उस अनुपात में जो चांवल जमा कराया जाना था उक्त चांवल को भी निर्धारित समयावधि तक पूर्ण रूपेण जमा नहीं कराये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 7 एवं छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश 2016 की धारा 10 के तहत अनावेदक श्रीमती प्रतिभा देवागंन पति प्रदीप देवागंन मेसर्स अनुज राईस मिल निवासी हल्बा कचोरा जगदलपुर से जप्त किये गये 200 चिंटल धान एवं 487 चिंटल चावल को राजसात किये जाने का आदेश पारित किया गया है तथा जमा हेतु शेष चांवल 2341 चिंटल निर्धारित समयावधि तक जमा नहीं करने के कारण उक्त चांवल की जमा हेतु शेष राशि की राशि के बराबर राशि का समायोजन उनके द्वारा वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 को जमा बैंक गांरटी से किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# माई की नगरी में बाबा चंद्रमौलेश्वर की निकली भव्य पालकी शोभायात्रा



**डोंगरगढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। धर्मनगरी में सावन के पुरुषोत्तम मास के शुभावसर पर बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर रूप मे भव्य पालकी शोभायात्रा शिव भक्तों व श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वावधान में निकाली गयी जिसमे सर्वप्रथम मां बम्लेश्वरी देवी के मंदिर में बाबा चंद्रमौलेश्वर माता जी का शिव शक्ति मिलन भेंट पूजन सम्पन्न हुआ ततपश्चात बाबा महावीर मंदिर प्रांगण पहुचे जहाँ आज एकादशी के पावन शुभ दिन हरि हर का मिलन जिसमे ठाकुर जगन्नाथ जी सालिग्राम भगवान जा का चंद्रमौलेश्वर बाबा के साथ भेट पूजन सम्पन्न हुआ।

पालकी नगर भ्रमण में निकली जिसमे राजनांदगांव का अखाड़ा, देव भूमि धुमाल, भोलेनाथ की लीला, भजन गायक निखिल जैन ,मयंक मयूर बिंदल,हार्दिक व्यास जी ने अपने भजन से भक्तो का मनमोह लिया 150 से अधिक पुरुष महिला की झांझ मजीरा डोल की टोली ने बोल बम के नारे के साथ डोले की अगुवानी की साथ ही मनमोहन झांकी ने सब का मनमोह लिया समिति के हनी गुप्ता ने बताया यह आयोजन का प्रथम वर्ष है जिसमे उज्जैन के तर्ज पर पहली बार बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर रूप में अपने भक्तों का हाल चाल जानें डोंगरगढ़ पधारे जिसमे हर वर्ग समाज के लोग बड़ी संख्या में बाबा की पालकी में शामिल हुए । सिंघोला मन्दिर समिति के संरक्षक पावन डागा व महाकाल सेना के नीलू शर्मा जी ने बताया यह आयोजन राजनांदगांव में पिछले वर्ष से प्रारंभ किया गया जिसका उद्देश्य सावन में सभी भोलेनाथ के भक्त उज्जैन जैसे आनंद ले सके व भोलेनाथ का आशीर्वाद सब को मिले धर्म की मगरी डोंगरगढ़ में पालकी को लेकर उत्साह व उमंग देखने को मिला सभी बाबा की भक्ति में झूमते गाते बोल बम का नारा लगते नजर आए। आयोजन में राजनांदगांव से महाकाल भक्त पवन डागा , नीलू शर्मा , योगेश पांडे जी,राजेश डागा जी, प्रशांत अग्रवाल,राकेश यादव, भावेश शर्मा पुनीत ठकर,गोलू ठाकुर, प्रह्लाद सिन्हा,ओमकार सिंह ठाकुर, चन्द्रभान साहू डोंगरगाव से सुनील टावरी साथ ही नगर के सभी समाज प्रमुख समिति संगठन व राजनैतिक दल के सदस्य व नगर के वरिष्ठजन धनेश पाटिल, हर्षिता बघेल, थानेश्वर पाटिला ,विनोद खांडेकर ,प्रकाश चौरड़िया ,नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम व मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के मनोज अग्रवाल, संजीव गोमस्ता ,बबलू शांडिल्य, गोविंद चोपड़ा, विनोद तिवारी ,सुभाष अग्रवाल नगर के सुनील तापड़िया, विश्वनाथ यादव, धीरेंद्र प्रताप सिंह, आशीष शुक्ला अन्य सभी उपस्थित रहे ।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए देश के हर नागरिक करें मतदान



**कलेक्टर ने शा. डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र उमावि बंसतपुर स्थित मतदान केन्द्र में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने तथा संशोधन के कार्य का किया निरीक्षण**

**राजनांदगांव,** 19 अगस्त। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने आज शासकीय डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंसतपुर स्थित मतदान केन्द्र में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने, स्थानांतरण तथा संशोधन के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित बीएलओ से कहा कि शहरी क्षेत्रों में ऐसे क्षेत्र जहां मतदान का प्रतिशत कम है, वहां मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। इसके लिए सभी बीएलओ नागरिकों को जागरूक करें और इसमें अपना योगदान दें। 19 एवं 20 अगस्त 2023 को चलाए जा रहे, इस अभियान में मतदाता सूची में जोड़े गए नाम तथा अन्य फार्म अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने नायब तहसीलदार, अविहित अधिकारी द्वारा इस संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली तथा डोर टू डोर जागरूकता के माध्यम से नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है। लोकतंत्र मजबूती के लिए यह जरूरी है कि देश के हर नागरिक मतदान करें और अपना सक्रिय योगदान देकर भागीदारी निभाएं। इसके लिए व्यापक पैमाने पर स्वीप अंतर्गत अभियान चलाया जा रहा है।

# खैरागढ़ विस से विक्रांत का टिकट फायनल

## भाजपा के समर्थकों में उत्साह



**खैरागढ़,** 19 अगस्त। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने राजनांदगॉव जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के नाम को फायनल किया है। केसीजी जिले का प्रत्याशी घोषित कर दिया है। विक्रांत ने अपनी राजनीति की शुरुआत खैरागढ़ नगर पंचायत से शुरू की थी विक्रांत अपनी राजनीति में लगातार सक्रिय रहे। जनपद पंचायत खैरागढ़ के अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में विक्रांत बाजार अतरिया क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी जीत कर विजयी हुए थे।

## सुंदरम साहू का एमबीबीएस में चयन



**डोंगरगांव,** 19 अगस्त। नगर साहू संघ डोंगरगांव के उपाध्यक्ष एवं मां गायत्री पैथोलॉजी के संचालक डॉक्टर बिसनाथ साहू एवं शिक्षिका ओमेश्वरी साहू के पुत्र सुंदरम साहू का चयन एमबीबीएस शासकीय महाविद्यालय महासमुंद में हुआ है सुंदरम साहू के चयन पर कुमार कांत साहू हिरेंद्र साहू विजय श्री साहू एवं साहू समाज के कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी है।

# राजनांदगांव में भागवत साहू का ऐतिहासिक स्वागत



**राजनांदगांव,** 19 अगस्त। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष भागवत साहू का भव्य स्वागत कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष भागवत साहू का आज राजनांदगांव में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन था भागवत साहू जी प्रात: 11:00 बजे माता भामेश्वरी मंदिर सिंघोला पहुंचे 12:00 बजे महापौर निवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की 1:00 बजे राजनांदगांव में शीतला माता मंदिर में दर्शन दिए उसके बाद स्थानीय विश्राम गृह में जोरदार आतिशबाजी के साथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवत साहू का स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत सभा को छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा, ने संबोधित किया तत्पश्चात भागवत साहू जिला अध्यक्ष बनने पर अपने शीर्ष नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुटता से मिलकर काम करेंगे आने वाले विधानसभा लोकसभा और सभी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहुत अधिक मतों से जीता कर लाएंगे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी भी पहुंचे और नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को गले मिलकर बधाई दी। कोठारी जी ने अपने शीर्ष नेताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कहा कि आप सभी के सहयोग से जिला अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद को निभा पाया हूं। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देने के लिए पूरे जिले भर से कांग्रेस कार्यकर्ता राजनांदगांव पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, भारत जोड़ो पदयात्रा क्रांति बंजारे, महामंत्री पंकज बांधव, कोषाध्यक्ष मोतीलाल साहू, सुदेस देशमुख, नरेश डाकलिया, रमेश डाकलिया, जिला प्रवक्ता रूपेश दुबे एवं राहुल तिवारी, संयुक्त महामंत्री विपिन यादव, शिशुपाल भारती, तरुण सिन्हा एवं सौरभ अग्रवाल, पप्पू धकेता, नलिनी मेश्राम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष क्रमश: रितेश जैन, संजीव गोमास्ता, घनश्याम देवांगन, सुरेश सिन्हा, रतन यादव, सूर्यकांत जैन, रोशनी सिन्हा, चुम्मन साहू, निसार अली, शालिक राम गेडाम, डॉ. सुलोचना मारकंडे, गौतम वर्मा, तुल दास साहू, एल्डरमेंन शकील कुरेशी, अकिल मेमन, भारत भूषण मेश्राम, राजू राजपूत, रवि साहू, लता साहू, टुमेश नेताम, प्रकाश ठाकुर सहित कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पूर्व जिला अध्यक्ष पदम कोठारी ने शीर्ष नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त किया**

## सार-संक्षेप

### अधिकारियों ने मतदान केंद्र में पहुंचकर कार्यों का लिया जायजा

**बालोद,** 19 अगस्त। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत 19 और 20 अगस्त को विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया गया। एसडीएम बालोद शीतल बंसल ने मतदान केंद्र करकाभाट में पहुंचकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ से मतदान केंद्र में प्राप्त कुल आवेदन के संबंध में जानकारी ली। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने संकरा क और जमरुवा तथा नायब तहसीलदार बालोद मुकेश गजेंद्र ने मतदान केंद्र जगतरा में पहुंचकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारी.कर्मचारियों को इस कार्य को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये।

# एनएसयूआई ने निकाला स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा यात्रा

## प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा के नेतृत्व में एनएसयूआई द्वारा स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाला गया जिसमें राजनांदगांव शहर के युवाओं ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तिरंगा यात्रा दिग्विजय कॉलेज चौक से निकाली गई जिसको राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



तिरंगा यात्रा में विशेष अतिथि के रुप में शामिल निखिल द्विवेदी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा की आज हम उस दिन का जश्न मना रहे हैं जब हमारे देश को ब्रिटिश राज से आजादी मिली थी यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम अपने पूर्वजों के बलिदान का सम्मान करते हैं ऐसे में युवा नागरिकों के रूप में, हमें एकता बनाए रखने और प्रगति की दिशा में काम करने की जरूरत है आज देश में अराजकता फैली हुई है देश के हर कोने में धर्म के नाम पर आग लगाई जा रही है भाई को भाई से लगाया जा रहा है आज हम सबको खड़ा होकर देश में एकता और अखंडता संदेश शांति कायम करने की जरूरत है

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा ने बताया कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी के आवाहन पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन एनएसयूआई द्वारा किया गया था भारत के इतिहास में हर भारतीय नागरिक के जीवन में 15 अगस्त सबसे महत्वपूर्ण दिन है यही वह दिन है जब भारत को 200 साल की अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी 15 अगस्त 1947 के दिन हमारा देश गुलामी के बेड़ियां काटकर ब्रिटिश शासन के चंगुल से आजाद हुआ था इसके बाद यह दिन भारत के संविधान में अंकित हो गया हर भारतीय 15 अगस्त को इस खास दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम उत्साह के साथ मनाता आ रहा है इस साल भारत की आजादी के 76 वर्ष पूरे हो गए हैं देश अपना स्वतंत्रता दिवस मना रहा है आजादी के नायकों को श्रद्धांजलि देने और उनकी वीरगाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन एनएसयूआई राजनांदगांव द्वारा किया गया था तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत जी महापौर हेमा देशमुख जी शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा जी राज्य पर्यटन मंडल के सदस्य निखिल द्विवेदी जी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, सेवा दल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, एनएसयूआई पूर्व जिला अध्यक्ष विप्लव शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विवेक बहादुर सिंह, शहर कांग्रेस प्रवक्ता शुभम शुक्ला, आदित्य सिंह बैंस, सुनील रॉय, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष, उज्जवल निर्मलकर, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, साहिल सागर, संदीप डहरे एनएसयूआई प्रदेश सचिव आदित्य वैष्णव, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष साहिल वर्मा, विकाश देवांगन, घनश्याम साहू, विष्णु साहू जयप्रकाश साहू, रूपम तिवारी, दीनबंधु यदु, युगल साहू, शशांक डोंगरे, जयंत पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता शामिल हुए।

# कोड़िया में पं. प्रदीप मिश्रा का शिवपुराण 2 से 8 अक्टूबर तक को लेकर बैठक



**देवकर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कोडिया में शिव महापुरण पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले के मुखारविंद से 2 से 8 अक्टूबर तक ग्राम कोडिया में स्वयंभू भगवान शिव मंदिर प्रांगण में ग्रामीण एंव मुख्य आयोजक प्रदीप साहू व कांशीराम साहू के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में श्री शिव महापुरण कथा का आयोजन हेतु चर्चा किया गया।उक्त बैठक में प्रवचन हेतु अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले म.प्र.)के मुखारविंद से होना तय किया गया हैं।कथा दिनांक 02 से 08 अक्टूबर 2023 को होना तय किया गया हैं।बैठक में आयोजक सीमित के संरक्षक व अध्यक्ष प्रदीप साहू ने बताया कि पुवँ में 07 से 13 अक्टूबर 2023 का समय तय किया गया था, परंतु विटलेश सेवा सीमित सीहोर द्वारा तिथि को परिवर्तन किया गया।जोकि अब 02 से 08 अक्टूबर 2023 का समय प्राप्त हुआ है ।कथा स्थान को भी चयनित किया गया हैं।जोकि कोडिया से नंदिनी अहिवारा मार्गों पर धान मंडी के सामने भाटा है जोकि लगभग 22 एकड़ का हैं।जिसे चयनित किया गया है।तथा भक्तों के लिए वाहन की पार्किंग व्यवस्था भी किया गया है।जोकि इस प्रकार है दुर्ग - बालोद के भक्तों के लिए ग्राम कोडिया में शा.स्कूल के पीछे मैदान में धमधा - कवर्धा तरफ से आए भक्तों के लिए मेडेसरा जोशी पारा में रायपुर- महासुमंद तरफ से आए भक्तों के लिए ग्राम पोटिया में व्यवस्था किया गया है।

## निधन

### रमेश पिल्ले



**राजनांदगांव,** 19 अगस्त। छग शासकीय सेवानिवृत (मेडिकल विभाग) एवं सत्य साई सेवा समिति के जिलाध्यक्ष रमेश पिल्ले उम्र 65 वर्ष का शनिवार 19 अगस्त को प्रात: हृद ?यघात से आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अन्तिम यात्रा रविवार 20 अगस्त को निज निवास 5/ सड़क - 9, सेक्टर-10 भिलाई से सुबह 11 बजे रामनगर, मुक्तिधाम के लिये निकलेगी। वे आरती के पति, अंजली, नन्दा के भाई व आशीष पिल्ले व डीयू पिल्ले के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भरोसे की सरकार ...

अंग्रेजी मीडियम स्कूल का संचालन कर लगभग 4 लाख बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रही हैं। धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर खोल कर सस्ती दवाईयां उपलब्ध कराई है। गिरीश ने कहा कि अभी तो भाजपा का 15 साल का हिसाब चुकता नहीं हुआ है। अभी तो हिसाब देना बाकी है। छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे खानपान, तीज, त्योहार और संस्कृति जीवित किया है। खैरागढ़ छुईखदान और गंडई में कार्यालय वितरण पर पूछे गए सवाल में देवांगन ने कहा कि उपचुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संयुक्त जिला बनाने की बात कहे थे जिस पर आप सभी ने भरोसा किया, आप सभी का आशीर्वाद यशोदा बहन को मिला जिसके फल स्वरूप संयुक्त जिला बनाया गया। वैसे ही भरोसा और रखना है, जिला बना है तो तीनों जगहों में बराबर न्याय होगा। कार्यालय का वितरण विधानसभा चुनाव के पश्चात ही किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, बाकेलाल वर्मा ने किया, कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुधा चंदेल, दशमत जंघेल, ममता राजेश पाल, पार्तिका संजय महोबिया, रमेश साहू, सुरेंद्र जायसवाल, रणजीत चंदेल, गुलशन तिवारी, साकेत दुबे महिला विंग मितान क्लब से मयूरी सिंह, मीरा गुलाब चोपड़ा, रूखमणी देवांगन, रेणुका हिरवानी, दीपक छाजेड़, हबीब खान, गजेंद्र ठाकरे, मोहसिन खान, भिज्ञेश यादव, दिलीप ओगरे, लियाकत अली, अय्यूब कुरैशी, नारायण चतुर्वेदी, शैलेंद्र जायसवाल, कृष्णा देवांगन, क्रांति ताम्रकार, नवीन चौबे, बाकेलाल अग्रवाल, श्यामा ठाकुर, पुनेंद्र साहू, आशीष देवांगन, अमित टंडन, मिथलेश साहू, हेमलता ठाकुर, अशरफ सिद्धिकी, सहित राजीव युवा मितान क्लब, महिला संगठन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन ने किया।

### पुनरीक्षण मतदान केंद्रों का ...

ताला लगा था। जानकारी के अनुसार भुरभूसी, बागुर, मजगाव, खौढ़ा, हनईबन, गोकना, पथर्रा, छिराहिडीह, कालेगोदी, जगमड़वा, रैमढ़वा, ठंढ़ार के दो केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिनमे से गोकना, पथर्रा, छिराहिडीह, कालेगोदी और ठंढ़ार एक केंद्र से अभिहित अधिकारी नदारत मिले। जबकि जगमड़वा और ठंढ़ार के दूसरे पुनरीक्षण मतदान केन्द्र में ताला लटका मिला है। बताया गया है कि नदारद अभिहित अधिकारी को नोटिस जारी किया जाएगा।

### शहर में घुम रहे...

बताया गया कि उनके पास राजनांदगांव आने के लिये रात्रि व बारिश होने के कारण कोई साधन नहीं है, गांव के रहने वाले है बताने पर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना, के निर्देशन पर निरीक्षक एमन साहू के द्वारा पुलिस थाना स्टाफ के माध्यम से बुजुर्ग व्यक्ति डोमार साहू को ग्राम सुरपा थाना जामगांव जिला दुर्ग ले जाकर परिजनों को सुपुर्दनामे पर सौपा गया। परिजनों द्वारा राजनांदगांव कोतवाली पुलिस का धन्यवाद ज्ञा

### तेंदूभाठा नहर लाइनिंग कार्य ...

कांग्रेस डोगरगढ़ ग्रामीण के नेतृत्व में डोंगरगढ़ एसडीएम के नाम क्षेत्र के किसानों को चना बीमा हेतु मांग की गई थी जो किसानों के खाते पर पहुंच रहा है इसके लिए अधिकारी एवं बीमा कंपनी को धन्यवाद ज्ञापित की है । इस अवसर पर उपस्थित थे डोंगरगढ़ विधायक धर्मपत्नी श्रीमती मधु बघेल, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, महामंत्री राजू सिंह राजपूत ,सेक्टर प्रभारी लाला वर्मा, युवा नेता गौतम वर्मा, किसान रंजीत भारती, गृहणी लता वर्मा, खेमिन भारती, लक्ष्मी खुटेल, करमोता खुटेल ,दसरी कोसरे , खेमिन कोसरे, मालती कुटेल, बुधवारीन देसलहरें देवनतीन , पूर्णिमा एवं अन्य उपस्थित थे ।

### आचार्य आनंद ऋषि का ...

पर्यंत इस तपस्या की साधना की और अपने भक्तों को भी जीवन भर इस तपस्या को करने की प्रेरणा देते रहे ।

आयंबिल महोत्सव में श्रमण संघ परिवार के अलावा श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ महिला मंडल श्रमण संघ बालिका मंडल ने अपना सहयोग दिया।

इस महोत्सव में आयंबिल करने वाले तपस्वीयो की पूरी व्यवस्था जय आनंद मधुकर रतन भवन के भोजन शाला में रखी गई थी।

आयंबिल तप महोत्सव एवं 51 चांदी के सिक्के लक्की ड्रा निकाले गए जिसके लाभार्थी परिवार प्रेमचंद गणेशी बाई मोनिका नमन चौरडिया थे।

आयंबिल करने वाले सभी तपस्वी साधकों को भंवरलाल अभय कुमार विक्रम पारख परिवार की ओर से स्मृति स्वरूप प्रभावना वितरित की गई।

आयंबिल तप के तहत 24 घंटे में एक बार सादा भोजन में खटाई, मिठाई व चिकनाई आदि वस्तुओं का त्याग होता है। रसना इंद्रिय या जीभ के स्वाद को जीतना आयंबिल तप का लक्ष्य होता है। नमक तेल घी शक्कर दूध दही से बनी सभी भोजन का त्याग होता है स्वाद हीन खाद्य एवं पेय पदार्थ भोजन इस तप का आहर होता है।

### चातुर्मास धार्मिक आराधना के साथ...

चैत्र-आसोज के महीने में नवपद आराधना अंतर्गत बिना नमक-तेल-शक्कर का आहार जिसे आयंबिल कहते हैं, यह भी प्राकृतिक चिकित्सा का भाग है। प्राकृतिक चिकित्सा में शक्कर, नमक, तेल का उपयोग नहीं किया जाता।

# एमबीबीएस में भूमिका का चयन



**डोंगरगढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सुरगी के समीपस्थ ग्राम कोटराभांठा की कुमारी भूमिका साहू ने. उनका चयन जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीएस की पढ़ाई हेतु हुआ है. भूमिका ने कोटा ( राजस्थान) में रह कर एमबीबीएस की पढ़ाई की. इस बीच देश में कोरोना का खतरनाक दौर चला. इस संकट की घड़ी में भी भूमिका ने एक सकारात्मक सोच रख कर पढ़ाई की. परिवार का भी बहुत बढ़िया सपोर्ट मिला । भूमिका प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है उन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन किया. भूमिका के परिवार में शिक्षा के प्रति एक अच्छा माहौल है. उनके दादा जी हीरामन लाल साहू शिक्षक रहे हैं. उनके पिता जी भूपेन्द्र कुमार साहू प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए रहे है.सृजन स्कूल कोटराभांठा, सुरगी के संचालक रहे. वर्तमान में वे बचेली में हृस्छ्रष्ट में पद पर पदस्थ है साथ ही वे साहित्य से भी बहुत लगाव रखते हैं । उपलब्धि पर परिवारिक जनों के साथ मंडल साहू संघ मुड़पार के अध्यक्ष जीवन लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष खिलावन राम बनपाल, हीरामन लाल साहू शिक्षाविद,साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव के संयोजक ओमप्रकाश साहू अंकुर, सलाहकार महेन्द्र कुमार बघेल मधु, साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष लखन लाल साहू लहर, सचिव कुलेश्वर दास साहू, अमृत दास साहू,मंडल साहू संघ मुड़पार के सचिव हेमंत कुमार साहू, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद साव, सचिव रोशन लाल साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत कुमार साहू, इन्द्र कुमार साहू, हरिनारायण साहू, गोपाल राम साहू,राजेश साहू ,डा.एस कुमार साहू, डोहर दास साहू एवं अन्य लोग सम्मिलित है।

## जिले में अब तक 516.4 मिमी. औसत वर्षा

**बेमेतरा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 18 अगस्त 2023 सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 516.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील बेरला में 602.1 मि.मी. तथा न्यूनतम 416.5 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 522.1 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 420.5 मि.मी. वर्षा, भिंभौरी तहसील में 525.8 मि.मी, साजा तहसील मे 579.5 मि.मी., थानखम्हरिया तहसील में 505.0 मि.मी. वर्षा एवं देवकर तहसील में 559.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की



# चोरी गये टुल्लू पंप, कटर मशीन, तांबे का तार सहित तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**बेमेतरा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। 18 अगस्त को प्रार्थी रामपाठक उम्र 40 साल साकिन तेन्दुभाठा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रसोई होटल के पीछे स्थित प्लाट में मकान से लगा हुआ ईंट व टीन का झोपड़ी बनाया था जिसमें लोहे का गेट लगा हुआ था दिनांक 12.08.2023 से 14.08.2023 के मध्य में झोपडी के दरवाजा का ताला तोडकर अंदर प्रवेश कर एक पुराना टुल्लू पंप एक एचपी कीमती करीबन 3,000/- रूपये, एक नग पुराना कटर मशीन कीमती 2,000/- रूपये, इलेक्ट्रिक वायर कीमती 5,000/- रूपये, कुल जुमला 10,000/- रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 457, 380 भा.दवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं थाना स्टाफ को आरोपी का पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में आरोपी पतासाजी विवेचना के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर दीपक ढीमर उम्र 22 साल, शेखर ध्रुव उम्र 22 साल, अजय धीवर पिता अशोक धीवर उम्र 22 साल को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियो के कब्जे से एक पुराना टुल्लू पंप एक एचपी कीमती करीबन 3,000/- रूपये, एक नग पुराना कटर मशीन कीमती 2,000/- रूपये, तांबे का तार 02 किलो कीमती करीबन 5,000/- रूपये, कुल जुमला 10,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

उक्त कार्यवाही थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, लोकेश सिंह, पवन राजपूत, हेमंत साहू, देवनारायण तिवारी, अवधेश सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, राजेन्द्र जायसवाल, राजेश ध्रुव, लव कुमार यादव, मालिक राम सिन्हा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# ग्राम पंचायत बूढ़ासागर के सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

**गंडई पंडरिया,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। बूढ़ासागर के सरपंच कुवरिया जती पटेल को हटाने पंचों ने गंडई एस डी एम को अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया है। आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरपंच पांचों के साथ अश्लील गाली गलौज करती है। साथ ही शासन के योजनाओं की जानकारी भी नही देती है बल्कि अभद्र व्यवहार करती हैं।



बतादें कि ग्राम पंचायत के पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव प्रस्ताव का आवेदन लेकर 20 जुलाई को कलेक्ट्रेक्ट पहुंचे थे। एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक किसी भी प्रकार के कार्यवाही नही होने के चलते पुन: अविश्वास प्रस्ताव तैयार कर गंडई एसडीएम को आवेदन दिए हैं।

अविश्वास प्रस्ताव में बताया गया है कि ग्राम पंचायत बूढ़ासागर के सरपंच कुंवरिया बाई पटेल पति जतिराम निर्वाचित सरपंच है सरपंच कुवरिया बाई पटेल पंचों एवं आम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करती है। शासन की योजना अनुसार कुछ भी काम नहीं करती है। कहा गया है कि ग्राम पंचायत बूढ़ासागर विकास से अछूता है। सरपंच आम लोगों को शासन की योजना के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं देती है। रोजगार गारंटी के तहत मनमानी तौर पर काम करती है। सरपंच की कार्यशैली से पांचों व ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। बताया जाता है कि सरपंच तानाशाही पूर्वक रवैया अपनाते हुए बिना प्रस्ताव के राशि आहरण करते है। यह भी बताया गया है कि सरपंच मासिक बैठक से भी नदारद रहते है। इन्ही सब कारणों के वजह से ग्राम पंचायत बूढ़ासागर के सरपंच कुवरिया पटेल को अविश्वास प्रस्ताव के तहत पद से बर्खास्त किये जाने की मांग गंडई एस डी एम से किए हैं। अविश्वास प्रस्ताव में मंगलोतीन पटेल, गोदावरी पटेल, परनिया पटेल, रामबती पटेल, नेमूक पटेल, मंथीर पटेल, धरमलाल, बैशाखू, नीतूराम, सरजू, गौकरण पटेल, जलकुवर पटेल, रामचरण पटेल, योगेश पटेल ने लिखित आवेदन दिया

# लीनेस क्लब ने मनाया शंकराचार्य का 54वां प्राकट्य दिवस



**बेमेतरा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण शुक्ल द्वितीया दिनांक 18.08.2023 को अनंत श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष् पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामि श्री॑अविमुक्तेश्वरानंद॑सरस्वती जी महाराज च्च1008ज्ज का 54 वा प्राकट्य दिवस है। गुरुदेव जी के प्राकट्य दिवस के शुभावसर पर अध्यक्ष लिनेस क्लब प्रेरणा श्रीमती विनोद राघव एवम् सहसचिव डॉक्टर निधि बनाफर द्वारा दिनांक 18-08- 2023 को भिक्षु एवम् फुटकर सब्जी विक्रेताओं को माता भद्रकाली प्रांगण बेमेतरा में भोजन कराया गया।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में बनाया जी 20 का चिन्ह

**डौण्डी**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अमृत महोत्सव के समापन वर्ष पर संस्था की रेंजर/गाइड विंग एवं एनएसएस द्वारा जी.20 का मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया गया। संस्था के प्राचार्य बीएस वद्दन ने बताया कि जी 20,को बीस का समूह के रूप में भी जाना जाता है,जो कि विश्व की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर्स का एक संगठन है, जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं।अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्था के व्याख्याता नेमसिंह साहू ने बताया की भारत 1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी 20 की अध्यक्षता करेगा। भारत का जी 20 अध?यक्षता का विषय - च्वसुधैव कुटुम्बकमज्ज या च्एक पृथ्वी कएक कुटुंब कएक भविष्यज्ज - महा उपनिषद के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है। अनिवार्य रूप से, यह विषय सभी प्रकार के जीवन मूल्यों - मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव - और पृथ्वी एवं व्यापक ब्रह्मांड में उनके परस्पर संबंधों की पुष्टि करता है। मिथिला सिंघारे एनएसएस प्रभारी ने बताया की इस वर्ष भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल (म.प्र. छ.ग.) द्वारा इस वर्ष की थीम मेरी माटी, मेरा देश ,वसुधा का संवर्धन, वीरो का अभिनंदन है, जिस पर यह श्रृंखला बनाया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता गण केआर हिरवानी, एसआर रावटे, भारती मैम, हेडमास्टर निशा मिश्रा, शिक्षिका वीणा साहू, एवम सभी शिक्षकों और छात्राओ का विशेष सहयोग रहा।



■ जी.20 अर्थव्यवस्थाओं देशों के वित्त मंत्रियों बैंकों के गवर्नर्स का संगठन:प्राचार्य वद्दन

# राजमहंत बघेल ने नवागढ़ से अपना आवेदन दिया



**बेमेतरा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 (अजा) के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप मा.श्री राज महंत विजय बघेल जी डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष रामेश्वर साहू जी को कार्यकर्ताओं के साथ अपना दावेदारी हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राजा बिसेन, लूपेश मार्कण्डेय,अमित जांगड़े, जागेश्वर ध्रुव, हमेश्वर कुर्रे उपस्थित रहे..

# जिला व तहसील सतनामी समाज के पदाधिकारियो की हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय

**गुण्डरदेही,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सतनामी समाज बालोद के तत्वाधान में गुण्डरदेही सतनाम भवन में तहसील एवं जिला का संयुक्त बैठक संपन्न हुआ जिसमे जिला सतनामी समाज द्वारा तहसील स्तर पर ग्रामीण जनों से जिला सतनामी समाज बालोद में भूमि क्रय हेतु 50 रूपए प्रत्येक परिवार से सहयोग स्वरूप दान लेने का निर्णय लिया गया है बैठक मे उपस्थित जिला सतनामी समाज के अध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि सामाजिक मूल्यों के पालन में भागीदारी बढ़ाने युवाओं तथा महिलाओं को सामाजिक गतिविधियों में जोड़ने के उद्देश्य से पूरे जिले में तहसील वार बैठकों का दौर चल रहा है इसी कड़ी में डौंडी में प्रथम बैठक हुई उसके बाद गुण्डरदेही और इसी क्रम से बैठक होंगे बैठक में जिला प्रभारी लक्ष्मीनारायण बघेल जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा संजय बारले पवन जोशी अश्विन बारले निर्मला बंजारे संतराम बंजारे कृष्ण कुमार बंजारे धनेश बघेल तहसील पदाधिकारीगण नीलकंठ टंडन हुबलाल देशलहरे मानसिंह देशलहरे संदीप जोशी छविलाल बंजारे बिंदिया बघेल प्रेम दास टंडन कार्तिक डहरिया महावीर चंदेल नेतराम बंजारे भीमराव खुटेल प्रेम बारले खूबलाल कुर्रे बालाराम टंडन टीकम सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के ग्रामीण पदाधिकारी उपस्थित थे।



# लाभार्थी सम्मेलन मे केन्द्र सरकार की बताई उपलब्धि

**गुण्डरदेही,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा उपाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश यदु ने गुण्डरदेही विधानसभा के अन्तर्गत बुथ केंद्र में चलाए जा रहे लाभार्थी सम्मेलन मे शामिल होकर केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजना को ग्रामीणो को बताया श्री यदु ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार के 9 साल पूरे हो चुके हैं और इस 9 साल में भाजपा की सरकार ने सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए योजनाएं बनाकर कार्य किया है उन्होंने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में चलाई गई प्रधानमंत्री जनधन योजना फसल बीमा योजना नलजल योजना प्रधानमंत्री उज्जवला योजना किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री बीमा योजना आवास योजना यशस्वी योजना आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।



# विकांत की जीत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार सुनिश्चित : घम्मन

**खैरागढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा व केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा खैरागढ विधानसभा के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य, युवा नेतृत्वकर्ता विकांत सिंह को प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा होने पर खैरागढ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता और विशेष रूप से युवा वर्ग में उत्साह देखते ही बन रहा है। घम्मन साहू जिला भाजपा अध्यक्ष खैरागढ छुईखदान गंडई ने बताया कि विक्रांत सिंह को भाजपा प्रत्याशी घोषित करने पर केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश भाजपा संगठन को अभार व्यक्त करते हुए विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं को आज से ही चुनाव की तैयारी में लग जाने की अपील करते हुए कहा कि गांव गांव मे उत्साह का महौल दिख रहा है और खैरागढ विधानसभा में चलो संगवारी भाजपा संग जुडबो कार्यक्रम के तहत सभी पांचों मंडलों में बडी संख्या में युवा कार्यकर्ता भाजपा प्रवेश कर रहे है। और युवा नेतृत्वकर्ता विक्रांत सिंह को पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद पूरे विधानसभा में उत्साह बढ़ गया है। कांग्रेस की धोखा छल और आतंक से जनता विगत साढे चार वर्षो से त्रस्त हो चुकी है। और इस बार खैरागढ विधानसभा के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।



# जिला पंचायत सभापति विप्लव ने अपने निर्वाचित क्षेत्र में किया ध्वजारोहण

**खैरागढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। 76 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र में आयोजित विभिन्न समारोह में जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू शामिल हुये। जिला पंचायत के अपने वार्ड मुख्यालय मुढ़ीपार, ग्राम पंचायत झींकादाह, ग्राम पंचायत जुरलाकला के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। सभी स्थानों पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिन्हा, गौतमचंद जैन, नागेश सिमकर, भोलाराम साहू, संतोष साहू, खुमान देशलहरे, जीधन साहू, भुवनेश्वर वर्मा, सरपंच रेखा जनक पाल, उप सरपंच प्रवीण सतोड़े, तिरिथ बंजारे, निलेश यादव विमल बोरकर शामिल रहे। अपने उद्बोधन में विप्लव साहू ने कहा कि हमें अंग्रेजों की गुलामी से तो आजादी मिल गई अब शिक्षा, अज्ञानता, असमानता और भेदभाव के साथ-साथ कई प्रकार के आर्थिक और सामाजिक बुराईयों से भी आजाद होना पड़ेगा। तकनीक के इस दौर में हमारी नैतिकता में बहुत गिरावट आयी है और नैतिकता का दामन छोडक़र हम तरक्की नहीं कर सकते। ग्राम पंचायत जुरलाकला में अपने अध्यापन जीवन के 16 साल देने वाले प्राथमिक शाला के प्राचार्य अंजोर दास सायतोड़े को विदाई दी गई जहां विप्लव साहू ने कहा कि वे 2 वर्ष छोडऩे से श्री सायतोड़े के अध्यापन कार्य से वंचित रह गये। इस दौरान जैनेंद्र साहू, कीर्तन देशलहरे, सरपंच संतोष बंजारे, टीभन साहू, चंदन ठाकुर, देवराज रजक, शिक्षकगण आरएल बंजारे, अर्जुन चंद्रवंशी, हीराराम उइके, कमल साहू, कार्तिक साहू, लोमेश्वरी साहू व युगल किशोर साहू के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के तहत कफन कहानी विचार गोष्ठी का आयोजन

**खैरागढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के दाऊचौरा वार्ड में पाठक मंच व प्रगतिशील लेखक संघ इकाई खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 13 अगस्त को प्रेमचंद जयंती पखवाड़ा के तहत उनकी कफन कहानी पर परिचर्चा आयोजित की गई। कफन कहानी का भावमय पाठ डॉ.नत्थू तोड़े के द्वारा की गई जिसके बाद आधार वक्तव्य में संकल्प पहटिया ने कहा कि यह कहानी 'पूस की रात' (1930) से कफन (1936) की कालयात्रा कराती है जिसमें किसान को किसान से मजदूर और कफन (1936) तक आते-आते मजदूर को आकाशवृति वर्ग में तब्दील होने की प्रक्रिया देख सकते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार विनयशरण सिंह ने कहा कि घीसू और माधव जैसे चरित्र आपको हर युग में मिलेंगे, कारण कि उस समय जमींदारी प्रथा के कुचक्र में लोग पिस रहे थे और आज पूंजीवाद, मायाजाल और उसके दलदल में फंसते जा रहे हैं। टीके चंदेल ने मद्यपान की समस्या को इस कफऩ् कहानी का केंद्रीय भाव माना कमलाकांत पांडे ने कहा कि कफन कहानी में समाज की स्त्रियों की दारुण दशा का चित्रण किया गया है। मजदूरों की हालत आज भी जस की तस है। वरिष्ठ कवि डॉ.जीवन यदु ने कहा कि किसी भी रचनाकार को समझना है तो उसके समय और युग को जानना जरूरी है। जमाना बदल जाता है लेकिन केंद्रीय भाव नहीं बदलता। कहानी में जितने चित्र और चरित्र दिखाई देते हैं वे उस युग की पहचान है। प्रेमचंद के पहले देवकीनंदन खत्री तिलिस्मी ऐय्यारी उपन्यास लिख रहे थे, हिंदी का विशाल पाठक वर्ग तैयार किया खत्री द्वारा निर्मित हिन्दी कहानी की पृष्ठभूमि से ऊर्जा लेकर प्रेमचंद ने हिंदी कहानी को नयी दिशा और जमीन तैयार ही नहीं किया वरन उर्वर बनाया। कफन कहानी अपने समय का दस्तावेज है। कार्यक्रम का संचालन करते हुये डॉ.प्रशांत झा ने प्रेमचंद को किसान जीवन के कुशल चितेरे कहानीकार कहा. वरिष्ठ आलोचक डॉ.वीरेंद्र मोहन शुक्ल ने प्रेमचंद के जीवन के संबंध में बताते हुये कहा कि वे किसान परिवार में जन्म लिया. उर्दू में पढ़ाई की और नवाब राय के नाम से लिखने लगे. उनकी कहानियों में बुंदेलखंड के गांव को देखा जा सकता है। वे मानते थे कि साहित्य जीवन की आलोचना है, उनका अंतिम उपन्यास गोदान केवल किसान जीवन की गाथा नहीं बल्कि दांपत्य जीवन की भी महागाथा है। बड़े लेखक अपने युग का अतिक्रमण करते हैं प्रेमचंद ने भी वही किया है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत में सूरज देवांगन के संचालन में पाठक मंच और प्रगतिशील लेखक संघ खैरागढ़ के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया तत्पश्चात मनराखन देवांगन (एल्डरमैन) ने प्रलेस और पाठक से सक्रियता से जुडऩे की इच्छा जाहिर करते हुये कहा कि आज मोहल्लेवासियों के लिये ऐतिहासिक दिन है क्योंकि पहली बार खुले मंच पर साहित्यिक आयोजन हो रहा है। विनय देवांगन (पार्षद) ने कहा कि आज के साहित्यिक आयोजन ने फिर हमें स्कूली दिनों की याद दिला दी। इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुये यशपाल जंघेल सचिव प्रलेस इकाई खैरागढ़ ने कहा कि पाठक मंच और प्रगतिशील लेखक संघ के आह्वान पर इस छोटे से मोहल्ले में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन होना काबिले तारीफ है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद विनय देवांगन, मनरखन देवांगन, घनश्याम तिवारी, प्रमिला यादव, पिंकी ठाकुर, महेश सारथी, बल्लू नागवंशी का विशेष योगदान रहा। प्रगतिशील लेखक संघ खैरागढ़-पाठक मंच के सदस्य रवि यादव, रवीन्द्र पांडे, मृत्युंजय यादव, जीवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।



# युवा व निर्विवाद चेहरा विजय वर्मा हो सकते हैं कांग्रेस के उम्मीदवार

**खैरागढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की बिसात बिछने लगी है, छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अपनी पहली लिस्ट जारी करते हुए खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। अब कांग्रेस पार्टी भी अपना प्रत्याशी चयन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार छुईखदान क्षेत्र के झुरानदी निवासी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व पिछले कई वर्षों से जनसेवक के रूप में लगातार कई सालो से मदद करते आ रहे निर्विवाद रूप से कार्य कर रहे युवा चेहरा विजय वर्मा के नाम का चर्चा शुरू हो गया है। बता दें कि विजय वर्मा कांग्रेस पार्टी के बूथ स्तर पर कार्य करने वाले नेता है जो कई वर्षों से वनांचल इलाको से लेकर मैदानी इलाकों में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। साथ ही उनके द्वारा कांग्रेस के संगठन क्षेत्र हो या नगरीय निकाय के चुनाव में विजय वर्मा के कार्यो से कांग्रेस के मंत्रियों ने उन्हें शाबाशी दिया हैं। वही अगर युवाओ की बात करे तो उनकी टीम में युवाओ का बड़ा फ़ौज है। विजय वर्मा को यदि कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतार दे तो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत निश्चित होगी।



# किसे मिलेगी टिकट कौन होगा राजनांदगांव विधानसभा का योद्धा?

■ दीपांकर खोबरागड़े

**राजनांदगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिस कदर राजनीतिक गलियारों में उथल-पुथल मची हुई है उससे छत्तीसगढ़ का कोई ऐसा क्षेत्र अछूता नहीं होगा जिन गलियारों और चौराहों मे टिकट को लेकर खुसुरफुसूर ना होती हो। ऐसे में जब चहुं ओर वर्तमान सरकार को लेकर तरह-तरह के अटकलें लगाई जा रही है और विधानसभा की टिकटों का इंतजार कर रहे है लोग टिकट मिलने मात्र पर ही आधी जीत का दावा पुख्ता मान लेते हैं। ऐसे में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र चर्चा के दौर से क्यों पीछे छूटेगा ? राजनांदगांव विधानसभा की सीट पूर्व से ही अति महत्वपूर्ण सीटों में गिनी जाती है इस सीट पर समूचे प्रदेश की नहीं अपितु राष्ट्रीय मीडिया की भी नजर होती है । कारण साफ है 15 वर्षों के लंबे शासनकाल में डॉ रमन सिंह मुख्यमंत्री का ताज पहन जिस व्यक्ति ने अपने इशारों में शासन सत्ता और संगठन को काबू मे रखा हो वो राजनांदगांव विधान सभा के ही प्रतिनिधि रहे है। च्च हां हम बात कर रहे हैं च्च डॉक्टर रमन सिंह की जिन्होंने तीसरे कार्यकाल में अपना डंका तो च्चाउर वाले बाबाज्ज के रूप मे समूचे प्रदेश में बजाया उसी प्रदेश में च्धान वाले बाबाज्ज ने समर्थन मूल्य बढ़ाकर और बोनस की राशि देने का वादा कर छत्तीसगढ़ कांग्रेस में जान फूंक दी भूपेश बघेल के नेतृत्व ने भाजपा को च्धानज्ज से च्चावलज्ज बनाने का मौका ही नहीं दिया। भाजपा का प्रदर्शन चौथे कार्यकाल के लिए बेहद खराब रहा और भाजपा मात्र 13 सीटों पर आकर सिमट गई। जिस कांग्रेस पार्टी ने 15 वर्षों के सत्ता के निर्वासन से थक चुके मूर्छित कांग्रेस को जीवित करने में भूपेश बघेल ने पूरी ताकत झोंक दी और भारी बहुमत से कांग्रेस अपने खोए हुए और गिरते वजूद को उठाने मे कामयाब रही । भूपेश बघेल के नेतृत्व मे ऐसे चेहरे जीतकर विधानसभा पहुंच गए जिनकी दूर-दूर तक उम्मीद भी नहीं थी इसीलिए कहते हैं राजनीति में जो दिखता नहीं और जिस की संभावना नहीं का मूल्यांकन करने को लेकर अच्छे अच्छे राजनीतिक पुरोधा भी असमंजस ही दिखते है। कभी राजनीति से शहंशाह तो कभी शहंशाह से अर्दली बनने की कहानियां ढेरों होगी। राजनांदगांव विधानसभा सीट के सबसे सशक्त दावेदार भाजपा से डॉ रमन सिंह ही माने जा रहे हैं उनके खिलाफ 2018 मे विधानसभा सीट से लोकप्रिय प्रधानमंत्री रहे स्व-अटल बिहारी वाजपेई की भतीजी स्व- श्रीमती करुणा शुक्ला ने राजनांदगांव में आकर डॉक्टर रमन सिंह को कड़ी टक्कर दी यह अलग बात है कि डॉ रमन सिंह की छवि और सादगी पूर्ण व्यवहार को लेकर राजनांदगांव की जनता ने उन्हें विधानसभा का सफर तय कराया और डॉ रमन सिंह को मतदाताओं ने ऋणी बना दिया। भारतीय जनता पार्टी ने जल्दबाजी में ही सही आचार संहिता लगने के पहले राजनांदगांव जिले और पड़ोसी जिले की सीटों के दावेदारों की घोषणा कर दी है जिसमें खैरागढ़ विधानसभा से विक्रांत सिंह मानपुर मोहला से संजीव शाह और खुज्जी विधानसभा से श्रीमती गीता घासी साहू को भाजपा ने आने वाले चुनाव को लेकर अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इस मामले में अब तक कांग्रेस पीछे है और कांग्रेस पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

खास कर राजनांदगांव विधानसभा की बात करें तो यहां कांग्रेस से वर्तमान मेयर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा और युवा छात्र नेता निखिल द्विवेदी की प्रबल दावेदारी मानी जा रही है । यह अलग बात है कि ब्लॉक स्तर पर दर्जनों लोगों ने कांग्रेस में आवेदन करने के लिए आवेदन फॉर्म तो लिया है पर आज तक पांच लोगों ने अपना आवेदन फॉर्म जमा किया है प्रमुख दावेदारों में जिन्होंने आवेदन जमा कराने के लिए फॉर्म तो लिया है पर वे मुहूर्त के इंतजार में है। धीरे-धीरे मुख्य दावेदार भी सामने नजर आएंगे पर राजनांदगांव के लिए भाजपा की बात करें तो डॉ. रमन सिंह के अलावा कोई दूसरा चेहरा अगर नजर आ रहा है अगर आता भी है तो वह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा इनके नाम सामने आ रहे हैं पर अगर दावेदारी की बात करें तो नीलू शर्मा ही अपने दावेदारी को पार्टी के समक्ष रख चुके होनी की बात सामने आ रही है। वही चुकी मधुसूदन डॉ रमन सिंह के सबसे विश्वसनीय सिपहसालारओं में से एक है जिन्होंने डॉ रमन सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह के लिए लोकसभा सीट की तिलांजलि दी थी और आज भी डॉ रमन सिंह के लिए एक महत्वपूर्ण और विश्वसनीय जाना



पहचा जाता है । वह व्यक्तिगत रूप से भी रमन सिंह से इतर नहीं जा सकते ऐसे में भारतीय जनता पार्टी से डॉ रमन सिंह का चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है अगर डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव के चुनाव में रुचि नहीं लेते तो यह समझने वाली बात होगी कि समूचे प्रदेश मे स्टार प्रचारक के रूप में भाजपा रमन सिंह के चेहरे का उपयोग आगामी सत्ता हासिल करने के मद्देनजर जरूर करेगी।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में आप सी गुटबाजी राजनांदगांव विधानसभा में हद से ज्यादा है यही कारण है कि राजनांदगांव में जितने नेता उतने गुट यही एक कारण रहा इसका फायदा भाजपा ने हर चुनाव में उठाने की भरसक कोशिश भी की ! फिर अब कांग्रेस पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोगो ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सफल सत्ता का स्वाद चखा है और जिन्होंने भी सत्ता का स्वाद चखा है ओ भले आपसी प्रतिद्वंद्विता रखते हो पर दाऊजी के आभा मंडल के समीप ऐसी हिम्मत वाला नेता खासकर कांग्रेस में राजनांदगांव में तो दिखता नहीं जो दाऊजी की मर्जी के खिलाफ आंखें भी इधर से उधर कर सके भूपेश बघेल के सबसे करीबी लोगों में वर्तमान मे नवाज खान को माना जाता है । सरकारी और प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी सारे इशारे भाई जान की ओर ही होते है च्भेंट मुलाकातज्ज से लेकर अनेको कार्यक्रम में उन्होंने अपने बगल में बैठकर यह संदेश तो दे ही दिया की अब और बताने की जरूरत नहीं विपक्ष भी इस बातो से जुदा नहीं है। पर भाई जान की राजनांदगांव विधान सभा मे जरा भी रुचि नहीं दिखती,राजनांदगांव विधानसभा की बात करें तो महापौर हेमा सुदेश देशमुख भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विश्वसनीय खेमों में से एक है । हेमा का ननिहाल भी पाटन से ही होकर गुजरता है और सामाजिक ताने-बाने की बात करें तो भी कहीं ना कहीं श्रीमती हेमा देशमुख की पारिवारिक पैठ भी बघेल परिवार से जाकर जुड़ती है। ऐसे में अगर टिकट की बात आती है तो घूम फिर कर कहीं ना कहीं हेमा देशमुख ही प्रबल दावेदारों में हो सकती है दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री टी एस बाबा और विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत के करीबियों में जाने जाने वाले कुलबीर छाबड़ा जो वर्तमान में शहर अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं वह भी चुनाव लड़ने के पूरी तैयारियों में नजर आते हैं । युवा नेता निखिल भी अनेकों शहर मे धार्मिक यात्राओं के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर अपना एक अलग ही राजनीतिक वजूद बनाकर भूपेश बघेल की नजरो मे टिके हुए है । भिलाई के सबसे चर्चित च्यादव बंधुओज्ज जिनकी सीधी पैठ मुख्यमंत्री निवास से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक है, तो हो सकता है निखिल द्विवेदी के लिए अगर युवाओं की बात आती है तो वह भी चुनाव लड़ने की दिशा में अपने कदम बढ़ा सकते हैं। कांग्रेस संगठन अब राजनांदगांव विधानसभा में कांग्रेस के किन चेहरो पर अपना भरोसा जता सकता है यह तो कुछ दिनों में साफ हो जाएगा बहरहाल कहीं नहीं कांग्रेस का मुकाबला भाजपा के डॉ रमन सिंह से होने के आसार ज्यादा प्रबल नजर आ रहे हैं । आने वाला विधानसभा चुनाव मे तरह-तरह के चेहरे अपनी किस्मत के बूते टिकट की आस में बैठे हुए हैं भले राजनांदगांव के विकास को लेकर एक ढेला न उठाया हो पर लोकतंत्र है हर कोई टिकट की चाह रखता है और मुख्य पार्टियों के अलावा अन्य राजनीतिक दल भी चुनावी समर में अपने उम्मीदवारों को उतारने और उन्हें जिताने की जद्दोजहद तो करेंगे ही निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने वादे और इरादों को लेकर मतदाताओं के बीच जाने की तैयारियों में रहेंगे और वो भी जिन्हें चुनाव लड़ने में ही मजा आता है और उसके लिए पूरे पांच वर्ष इंतजार करते है।

# मां बम्लेश्वरी शांति उद्यान का हुआ लोकार्पण

**डोंगरगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा 2 करोड़ की लागत से बनी मां बमलेश्वरी शांति उद्यान जो नगर के लिए ऐतिहासिक धरोहर है इस ऐतिहासिक धरोहर शांति उद्यान जो बी टी आई के सामने बना है जिनका लोकार्पण दलेश्वर साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के केबिनेट मंत्री दर्जा एवं विधायक विधानसभा क्षेत्र डोंगरगाव एवं अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया है लोकार्पण कार्यक्रम में प्रात: 10-00 बजे से शांति उद्यान के चारों ओर विभिन्न प्रकार के फलदार फलदार और छायादार पौधे लगाए गए हैं नवनिर्मित मां बमलेश्वरी शांति उद्यान में प्रमुख आकर्षण के रूप में ओपन ऑडिटोरियम फार यूथ चिल्ड्रन पार्क बनाया गया है इनके अलावा योगा जोन स्टेचू एवं म्यूजिकल के साथ-साथ फाउंडेशन एवं लाइटिंग रेस्ट हट एवं पथ वे फॉर ऑल आकर्षण केंद्र बना हुआ है मंदिर कैंपस के चारों ओर पूरी तरह से नई साज सज्जा साथ के साथ वन्य प्राणी का मूर्ति बनाया गया है क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू के अथक प्रयास से नगर में यह पहला उद्यान है जो 2 करोड़ की लागत से बनाया गया है जिसे नगर में ऐतिहासिक धरोहर के रूप में माना जा रहा है क्योंकि इस शांति उद्यान में प्रवेश करने के पहले मां बमलेश्वरी का दर्शन कर इस उद्यान में प्रवेश करेंगे शांति उद्यान में खासकर सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है यहां पर चौपाटी की भी व्यवस्था की गई है मां बमलेश्वरी शांति उद्यान लोकार्पण के पहले विधिवत ध्वजारोहण कर मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई कार्यक्रम में नगर के छोटे बड़े सभी वर्ग के गणमान्य की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया साथ में स्वस्थ शरीर का



आयोजन भी किया गया उनके अलावा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया संध्या कालीन कार्यक्रम में नगर के स्कूली बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीत कविता भाषण व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसे नगर के सभी लोगों ने काफी सराहा गया लोकार्पण कार्यक्रम के बाद 7-00 से लाइट म्यूजिक सो गीत नाचा पंडवानी के अलावा योगा शो योगा जोन में नगर के प्रबुद्ध वर्ग के लोग भी शामिल होकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया साथ ही नगर के महिलाओं के लिए सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिनमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं ने भाग लिया इन सभी महिलाओं का सम्मान भी किया गया इस शांति उद्यान में उद्यान के चारों ओर नगर के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों द्वारा विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे लगाए गए हैं इस उद्यान में देर रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ है नगर में शांति उद्यान जो 2 करोड़ की लागत से बने ऐतिहासिक धरोहर बनाया गया है जिनकी प्रशंसा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा की जा रही है

# संभागायुक्त ने चार विधानसभा के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्रों में शनिवार एवं रविवार को विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

संभागायुक्त महादेव कावरे ने विधानसभा अहिवारा, विधानसभा साजा, विधानसभा खैरागढ़ एवं विधानसभा डोंगरगढ़ के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर इस कार्य से जुड़े समस्त बीएलओ, अभिहित अधिकारी एवं सुपरवाईजर को आयोजित विशेष अभियान हेतु मुनादी कर पर्याप्त प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। गौरतलब है कि 02 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य पूरे राज्य में चल रहा है जिसके तहत शनिवार एवं रविवार को इसके लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे है।

संभागायुक्त श्री कावरे ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र शास प्रा शाला ननकट्टी के केंद्र क्र 93, 94 एवं 95 में मतदाता सूची में 32 मतदाताओं का नाम पार्ट नंबर के कारण त्रुटिवश जुड़ना पाया गया जिसे नियमानुसार आवेदन प्राप्त करते हुए उनके संबंधित क्षेत्र की सूची में जोड़े



जाने हेतु सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया गया।

*मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम मशीन एवं वीवीपीएटी मशीन का प्रदर्शन भी किया जा रहा है*, जिससे ग्रामीण डिमॉन्स्ट्रेशन देख सकते है। इसी प्रकार संभागायुक्त ने विधानसभा साजा के मतदान केंद्र क्र 272 शास प्रा शाला सेमरिया, विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ के मतदान केंद्र क्र 282 उच्च माध्य शाला जलबांधा एवं विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ के मतदान केंद्र क्र 71, शास प्रा शाला मोहंदी केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन की जांच की साथ ही संबंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं अभिहित आधिकारियों को निर्देशित किया की प्रत्येक मतदान केंद्र में फॉर्म 6,7 एवं 8 पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे।

श्री कावरे ने मतदान केंद्रों में उपलब्ध कक्ष, रैंप की सुविधा, पेयजल की उपलब्धता एवं टॉयलेट की उपलब्धता का अवलोकन भी किया।

## शनिवार एवं रविवार को भी कर सकते है आवेदन

मतदान केन्द्रो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनसामान्य मतदाता सूची में नाम दर्ज न होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके तहत 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्ति भी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, इसी तरह नाम, स्थान, पता की गलत प्रविष्टि होने पर सुधार करवाया जा सकता है। मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटवाने, नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने हेतु, आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र के साथ जोडने अथवा दिव्यांग मतदाता के रूप में स्वयं को चिन्हित करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। विशेष कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची में नाम जोडने, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अभिहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

# डॉ. आम्बेडकर आश्रम के छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो किया प्रदान

**डोंगरगढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु) डोंगरगढ़ में स्थापित कर्तव्य फाउंडेशन एक पहल आपकी ओर जो की शिक्षा,स्वास्थ्य के प्रति समर्पित संस्था है, के द्वारा विगत दिनों पर्यावरण एवं स्वतंत्रता दिवस पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. आम्बेडकर आदिवासी आवासीय शाला बछेराभाटा में किया गया था द्य जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्रों सहित समस्त छात्रों को प्रशस्ति एवं मोमेंटो प्रदान किया गया द्य कर्तव्य फाउंडेशन के प्रमुख निखिल जैन, पलक जैन,सत्येंद्र जैन, कीर्ति जैन, संजय जेठवा,हसमी जेठवा, गीतिका गहरवार,राजकुमारी जैन एवं शाला के प्राचार्य एस.जी. मेश्राम व शिक्षक तरूणमनी ठाकुर ,एकता वासनिक, ईश्वरी यादव मंजू धनकर, आदि उपस्थित थे ।



# गोवर्धन देशमुख होंगे जिला कांग्रेस ग्रामीण के प्रभारी महामंत्री

**राजनांदगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री श्री गोवर्धन देशमुख को जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री प्रशासन के रूप में नई जिम्मेदारी प्रदान किया है।



कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि श्री भागवत साहू नियुक्ति के पश्चात कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ से चर्चा करते हुए कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत कर जिले में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का संकल्प लेते हुए पार्टी शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खरगे ,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तन मन धन से कार्य में जुटने का आव्हान भी किया है।

# बांधाबाजार विद्युत उपकेन्द्र के 36 गांवो को मिलेगी लो वोल्टेज एवं पावर कट से मुक्ति

■ **विधायक छन्नी चंदू साहू की पहल व प्रयास से बांधाबाजार स्टेषन में 62 लाख की लागत से टांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य हुआ सम्पन्न**

**अंबागढ चौकी,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। बांधाबााजर विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले 36 ग्रामो को अब लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू की पहल व प्रयास से बांधाबाजार सब स्टेषन में 62 लाख की लागत से पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य किया गया है। बताया गया की अब बांधाबाजार सब स्टेषन में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3. 15 मंगावाट से बढकर 5.0 मेगावाट हो गई है। गुरूवार को विधायक श्रीमती छन्नी साहू द्वारा बांधाबाजार में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य का षुभारंभ किया गया।

विकासखंण्ड के ग्राम बांधाबाजार विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले 36 गांवो के ग्रामीणो व बिजली उपभोक्ताओ को लो वोल्टेज एवं अघोशित बिजली कटौती से जुडी समस्याओ से मुक्ति मिलेगी। पावर कट एवं लो वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू एक लंबे अर्से से बांधाबाजार, चिल्हाटी व अंबागढ चौकी प्रयास कर रही थी। वही छग विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता मुकेष कुमार साहू भी अपने पदास्थापना के बाद



से इन विद्युत उपकेन्द्रो में टंऊसफार्मर क्षमता बढाने के कार्य में लगे हुए थे। गुरूवार को विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने बांधाबाजार पहुचकर कपंनी द्वारा किए जा रहे टंऊसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य का श्रीगणेष किया । इस अवसर पर छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के डीई श्री टंडन, के.वी. मधु, एई मुकेष कुमार साहू , एई प्रषांत ,श्री कुमरे, भावनां मंडावी, डोमेष्वर साहू बी.एन.कुर्रे एवं कांग्रेस नेता देवनारायण नेताम, सलीम खान, उदय प्रकाष यादव, बसंत मंडावी, बीरेन्द्र कोवाची, षेशवरी ध्रुवे सहित बांधाबाजार के ग्रामीणजन उपस्थित थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने लो वोल्टेज की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए बांधाबाजार स्टेषन में ट्रांसफार्मर का क्षमता बढाने के लिए षासन से 62 लाख की मंजूरी दिलाने पर विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू का आभार जताया।

**अंबागढ चौकी व चिल्हाटी स्टेषन में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य** -लो वोल्टेज एवं पावर कट की समस्या के निरकारण तथा बिजली उपभोक्ताओ को राहत दिलाने के लिए बांधाबाजार की तरह ही ब्लाक के गाम चिल्हाटी विद्युत उपकेन्द्र एवं ब्लाक मुख्यालय अंबागढ चौकी में स्थित पावर स्टेषन में भी ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू की पहल व प्रयास से चिल्हाटी में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य के लिए 68 लाख तथा अंबागढ चौकी में पावर स्टेषन के लिए डेढ करोड की राषि छग षासन ने मंजूर की है। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सीएम भूपेष बघेल का आभार जताया है। एई मुकेष कुमार साहू ने बताया की चौकी में एक नग 3.15 एम.व्ही.ए अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना होगी। जबकि चिल्हाटी में 68 लाख की लागत से एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी। श्री साहू ने बताया की दोनो स्थानो में क्षमता वृद्धि के कार्य के बाद सौ से अधिक ग्रामो के हजारो बिजली उपभोक्ताओ को लाभ प्राप्त होगा। एई श्री साहू ने बताया की चौकी में इस कार्य के लिए टेंडर प्रोसेस में है जबकि चिल्हाटी में यह कार्य प्रारंभ हो गया है और एक सप्ताह के अंदर लोगो को इसका लाभ मिलना षुरू हो जाएगा।

**बांधाबाजार उपकेन्द्र के इन गांवो को मिलेगा लाभ** - बांधाबाजार सब स्टेषन में पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य के बाद से इस उपकेन्द्र के अंतर्गत आने वाले बांधाबाजार, गुंडरदेही, किलारगोंदी, कोटरा, ढाढुटोला, जोरातराई, थैलीटोला, जादूटोला, षिकरीटोला, तोयागोंदी, बिटाल, खोर्राटोला, जंतरगुंडरा, मालडोंगरी, तेलीटोला, भर्रीटोला, हितागुटा, ब्राम्हण लंझिया, राघोटोला, मांझीटोला, गर्रापार, सांगली, रैनूटोला, कचकोहडो, ब्राम्हणभेडी, छछानपाहरी, ठेठवार लंझिया, केषला, खुर्सीपार, थुहाडबरी, बहोरनभेडी, आटरा, आदि ग्रामो के बिजली उपभोक्ताओ को राहत प्राप्त होगी।

**कांग्रेसजनो व सीएम व विधायक का जताया आभार** - बांधाबाजार व चिल्हाटी तथा अंबागढ चौकी पावर स्टेषन में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापना कार्य के लिए तीन करोड रूप्ए से अधिक की राषि मंजूरी दिलाने के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, विधायक प्रतिनिधि छोअेलाल कटेंगा, बसंत मंडावी, रामकिषन खंडेलवाल, जसवंत साहू, देवनारायण नेताम, सलीम खान, नादिर खेतानी, उदय प्रकाष यादव, आषा गायकवाड, जीतलाल चन्द्रवंषी, कन्हैया नेताम, भैयाराम कुंजाम, राजू नषीने, षेशवरी ध्रुवे आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने सीएम भूपेष बघेल एवं स्थानीय विधायक श्रीमती छंनी चंदू साहू का आभार जताया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर याद किया गया

**राजनांदगांव,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सामुदायिक भवन लेबर कॉलोनी बूथ क्रमांक 100 पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर याद किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा उत्तर मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे भारत के ही नहीं बल्कि विश्व के एक महान नेता थे। उनका पूरा जीवन निर्धनों व वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहा।कहा, कि उन्होंने पोखरण में सफलतापूर्वक परमाणु परीक्षण कराकर पूरी दुनिया में भारत की अटल मजबूती का संदेश दिया। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध में अटल जी के दृढ़ नेतृत्व में भारतीय सेना ने अद्वितीय पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों का पूरी तरह से सफाया कर दिया। उनके कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण आर्थिक व संरचनात्मक सुधार किए गए। स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत गांवों शहरों को सड़कों से जोड़ा गया, जिसके कारण भारत में आर्थिक विकास को एक नई गति मिली।



मोदी सरकार में साकार हो रहा वाजपेयी का सपना- इस दौरान सामुदायिक भवन लेबर कॉलोनी पर पहुंचे नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। आयोजनकर्ता एवं बूथ सचिव प्रकाश हरिहारनो ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी देश के आमलोगों के दिल में बसते थे। देश भर के लोग उनके विचारों का हृदय से सम्मान करते थे। वे बिना रुके बिना थके देश को प्रगति के पथ पर ले जाने तथा आम लोगों खासकर हरेक वर्ग के दबे कुचले गरीब वर्ग के लोगों का जीवन स्तर सुधारने तथा उन्हें विकास के मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया। मोदी सरकार वाजपेयी के सपनों को साकार कर रही है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तूफानी वर्मा संतोष सिंह संतोष वर्मा संतोष रेवतकर अखिलेश श्रीवास्तव श्रीमती सुधा पवार श्रीमती संगीता मिश्रा श्रीमती दुर्गा भुनेश्वर श्रीमती अंजू गंगाधर ठाकुर मनीराम देवांगन एवं अनेकों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उल्टा पुल्टा

प्लेटफॉर्म पर टीटी ने पप्पू से टिकट मांगा
**पप्पू**- लेकिन मैं तो ट्रेन से आया ही नहीं
**टीटी**- अच्छा क्या सबूत है?
**पप्पू**-सबूत ये है की मेरे पास टिकिट नहीं है!!!



# कीचड़ और गड्ढे भरे रास्ते से विद्यार्थी पहुंचते हैं स्कूल

## सोनारदेवरी से बाँसबिनौरी मार्ग का हाल बेहाल



**हमरो सड़क ल बना देतेव साहब, बड़ परेशानी होथे : छात्राएं**

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। अजीब विडंबना है कि आज भी छात्र छात्राए दलदली युक्त बड़े बड़े गड्डो को पार कर स्कूल अध्ययन के आने के लिए मजबूर हैं। अभी हाल में ही आजादी कि 77 वी वर्षगांठ मनाया गया इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद सोनारदेवरी बाँसबिनौरी पँहूच मार्ग नही बन सका। मार्ग के लिए ग्राम बाँसबिनौरी और सोनारदेवरी के सरपंच सँबधित विभाग को आवेदन दे देकर थक चुके हैं लेकिन जिम्मेदारो के कानो मे जू तक नही रेंग रहा है। जिससे यहां के रहवासियों को नरकीय जीने मजबूर है।

उल्लेखनीय है कि सोनारदेवरी से बाँसबिनौरी को जोडने वाली सड़क मार्ग की लँबाई महज एक से डेढ किमी ही है जिसे बनाने में जिम्मेदारो ने प्रतिबद्धता नही दिखाई। इस मार्ग पर बरसात के दिनो मे चलना और भी दुभर हो जाता है। इन दिनो मे मार्ग मे दलदल युक्त और बड़े बड़े गड्डो की श्रृंखला बन गई है। जलाशय सा प्रतित होती गड्डो कि गहराईयो का अनुमान लगाना वाहन चालको के लिए भी मुश्किल होता है, जिसे पारकर ग्राम बाँसबिनौरी के कक्षा नवमी से बाहरवी तक के विद्यार्थी बड़ी सँख्या मे अध्धयन के लिए सोनारदेवरी पैदल ही आना जाना करते हैं। वही वाहनो के छिंटो से इनके कपड़े किचड़ो से खराब हो जाता हैं। यह एक बड़ा प्रश्न है कि इस माहौल मे विद्यार्थी कैसे पढाई कर पाएँगे। जब इस मार्ग से हमारे सँवाददाता गुजर रहे थे तभी सड़को की दुर्दशा देखकर मोबाइल से फोटो खिचने लगा तभी सहसा स्कूल अध्ययन के लिए पैदल गुजर रहे छात्राओं ने धीमे और दर्द भरी आवाज में कहा,, हमरो सड़क ल बनवा देतेव साहब बड़ परेशानी होथे, इतना कहकर स्कूल कि ओर चल दिए। ग्रामीणो का कहना है कि जब सरकार शहर के सड़क को चमकाने का दावा करता है तो हम ग्रामीण का क्या कसूर। छोटी सी पँहूच मार्ग है बन जाता तो सभी के लिए अच्छा हो जाता।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में मरम्मत कार्य हुआ गुणवत्ताहीन



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में छत रिपेयरिंग के बाद भी छत से पानी टपक रहा हैं, जबकि कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदा बाजार के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी माध्यम में जीर्णोद्धार कार्य 2022-23 मे 42.78 रूपया की लागत से कार्य करवाया गया था लेकिन कार्य गुणवत्ता हीन था। एक बरसात में ही छत से पानी टपकने लगे है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के रिपेयरिंग पेंटिंग एवं टाइल्स के लिए दिया गया था। खेल ग्राउंड में पानी भरा हुआ है।

वहीं बाउंड्री वाल नहीं होने के कारण शराबियों का शाम को भीड़ लगा रहता है। आज शराबियों के द्वारा विद्यालय परिसर में ही शराब पीते एवं खाली बोतल एंड डिस्पोजल को खेल मैदान में ही छोड़ कर चले जाते हैं। जिससे छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में बहुत परेशानी हो रही है। सुबह होते ही विद्यालय में फैले हुए गंदगी जैसे सीसी बोतल को साफ करना पड़ता है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने के बाद अर्जुनी विद्यालय के पुराने भवन का रिपेयरिंग पेंटिंग एवं टाइल्स फर्नीचर का काम किया गया है लेकिन ठेकेदार की कर्मचारियों द्वारा गुणवत्ताहीन काम करने के कारण आज विद्यालय भवन के छत का पानी नीचे कक्षा में बैठे छात्रों के ऊपर टपक रहा है। बच्चे पानी से बचते हुए अपने अपनी टेबल कुर्सी को हटाकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। शाला भवन की छत एवं दीवाल में पानी की नमी एवं पानी से तरबतर है। रात्रि के समय में पूरे विद्यालय परिसर में देख रेख के लिए एक भी चौकीदार नहीं है। आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अर्जुनी ग्राम में खुल तो गए हैं लेकिन चौकीदार नहीं होने के कारण एवं ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा गुणवत्ता हीन कार्य करने के कारण पूरा अस्त व्यस्त हैं। आज विद्यालय की स्थिति पुराने समय की जैसी है केवल कुछ दीवारों में पेंटिंग रिपेयरिंग हुआ है।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी- अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे विभिन्न समस्याएं हैं जैसे -बाउंड्री वालों नहीं होना, साफ-सफाई के लिए स्वीपर, चौकीदार नहीं है एवं कक्षाओं में छत से पानी टपक रहा है, पेंटिंग सही नहीं हुआ है टाइल्स जगह टूटा हुआ है यह सही है बाउंड्री वॉल निर्माण शीघ्र करने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया गया।

**- प्रभारी प्राचार्य सीएम धृलहरें अर्जुनी**

# के.के. वर्मा ने बलौदाबाजार से कांग्रेस के लिए की दावेदारी



**बलौदाबाजार,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष के अंत तक होने वाले विधानसभा चुनाव में महज कुछ समय बचा हुआ है। इसके मद्देनजर बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों में टिकिट को लेकर घमासान मचा हुआ है। सभी प्रत्याशी गण अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महामंत्री एवम झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष के के वर्मा से ग्राम परसवानी हिरमी क्षेत्र से युवा साथियों ने मुलाकात कर बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र से दावेदारी पेश करने की आग्रह किया। जिसको लेकर श्री वर्मा ने बलौदाबाजार विधानसभा के लिए कांग्रेस से अपने दावेदारी पेश की है।

इस अवसर पर श्री वर्मा ने सभी युवा साथियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए कहा कि वे कांग्रेस पार्टी का सामान्य एवम छोटा सा एक कार्यकर्ता है जो पार्टी की दिशानिर्देशों का निष्ठा पूर्वक पालन >> *शेष पृष्ठ 9 पर*>

# सीएम को शराबबंदी का वादा याद दिलाएंगे भाजपाजन



**महासमुंद,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा द्वारा मुख्यालय पहुंच रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शराबबंदी का वादा याद दिलाए जाने की तैयारी है। इस संबंध में शुक्रवार को भाजपाजनों ने पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि रविवार को ग्राम बेमचा के गायत्री मंदिर में भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा होकर बीते साल हुई सामूहिक आत्महत्या में मृत बहनों के निवास पर श्रध्दांजलि अर्पित कर खुदकुशी स्थल पर पुष्प अर्पित कर पदयात्रा करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए काले झंडों के साथ सभा स्थल पहुंचकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। शराबबंदी आंदोलन समिति के संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने बताया कि हाथ में गंगाजल लेकर शराबबंदी की कसम खाने वाली कांग्रेस ने सरकार में आते ही अपना विचार बदल दिया और कमीशखोरी के चलते शराबबंदी करने के बजाए शराब की बिक्री बढ़ाने के प्रयास में लगी है। छत्तीसगढ़ में ईडी ने कार्रवाई कर जहाँ 22 सौ करोड़ का मामला पकड़ा और कांग्रेसियो को जेल भेजा है। वहीं, यह मामला 22 हजार करोड़ होने का अनुमान है। इतनी बड़ी राशि के लालच में कांग्रेस अपने शराब बंदी के वादे को भूला चुकी है और छत्तीसगढ़ को शराब का गढ़ और अपराध गढ़ बना चुकी है। इस दौरान डॉ विमल चोपड़ा संयोजक आंदोलन समिति, मोती साहू समिति सदस्य, प्रदीप चंद्राकर जिला महामंत्री, मंडल अध्यक्षगण सतपाल सिंग पाली, पप्पू पटेल, श्याम साकरकर, देवीचंद राठी शहर संयोजक, योगेश्वर राजू सिन्हा एवं चैनूराम साहू, मोहन साहू मौजूद रहें।

# सिहावा विधानसभा क्षेत्र से श्रवण मरकाम होंगे भाजपा प्रत्याशी



**धमतरी,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने आज छ.ग. में 21 नाम के साथ विधानसभा 2023 की पहली सूची जारी कर दी है। लिस्ट देखने के बाद जहां छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक बार फिर से गर्मी आ गई है, वहीं आश्चर्य भी व्यक्त किया जा रहा है की इतने पहले नाम जारी कैसे कर दिए गए।

भारतीय जनता पार्टी ने धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा से पूर्व विधायक श्रवण मरकाम पर विश्वास जताते हुए पुनः प्रत्याशी बनाया है। श्री मरकाम पूर्व चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अम्बिका मरकाम को लगभग साढ़े सात हजार मतों से हराकर विजयी हासिल किये थे। सहृदय, सरल व्यक्तित्व के धनी और युवाओं की पहली पसंद श्रवण मरकाम जिनकी वर्षों की मेहनत और विपक्ष में रहते हुए सिहावा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के झंडे को बुलंद करने का काम मरकाम ने किया है। आदिवासी वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले मरकाम हमेशा से आदिवासी उत्थान के काम कर रहें है और कांग्रेस को शिकस्त भी मरकाम ही दे सकते हैं। क्षेत्र के मतदाताओं की बात माने तो उनका भी रुझान >> *शेष पृष्ठ 9 पर*>

# कांग्रेस पार्टी का संकल्प शिविर संपन्न



**आनंद पवार फैंस द्वारा भव्य मोटर सायकल रैली निकाली गई**


**धमतरी,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार 18 अगस्त को धमतरी में कांग्रेस पार्टी का संकल्प शिविर हुआ, इस अवसर पर आनंद पवार फैंस द्वारा भव्य मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 1000 से अधिक मोटरसाइकिल में 2500 युवाओं ने हिस्सा लिया। इस रैली की सबसे ख़ास बात यह रही कि लगभग 2000 युवाओं ने एक तरह की गणवेश पहनी हुई थी जिसमे सामने तिरंगा एवं पीछे आनंद पवार फैंस का लोगो बना हुआ था, इस रैली में शामिल होने युवा सुबह 10 बजे से मराठा मंगल भवन में इकट्ठा होने शुरू हुए जहां इनके स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी, इसके बाद 12 बजे डीजे के साथ रैली के रूप में मराठा मंगल भवन निकले और नूतन स्कूल से गणेश चौक, सदर बाजार, चमेली चौक होते हुए मकई चौक से रत्नाबाँधा, अम्बेडकर चौक से वापस रत्नाबाँधा चौक होते हुए सिहावा चौक के बाद पुरानी मंडी में आयोजित कांग्रेस के संकल्प शिविर में पहुँचे, इस दौरान युवाओं में भारी जोश और उत्साह देखा गया, वे कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, भुपेश बघेल जिंदाबाद, आनंद पवार जिंदाबाद के साथ ही अबकी बार आनंद पवार के नारों के साथ पूरे नगर में घूमें और अपने नेता आनंद पवार के लिए अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया, इस रैली की सबसे अच्छी बात यह रही कि इसमें धमतरी विधानसभा क्षेत्र के सभी शहरी और ग्रामीण युवा एक साथ नज़र आए।

युवाओं ने कहा कि वे अपने चहेते नेता आनंद पवार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरने के लिए कृत संकल्पित है और कांग्रेस के संकल्प शिविर से पहले ही उन्होंने संकल्प ले लिया है कि धमतरी को एक युवा नेतृत्व की आवश्यकता है और एक ऐसे नेता की चाहत है जो क्षेत्र की समस्याओं के निदान करने में सक्षम हो और जिसने धमतरी को तहसील से जिला बनते और नगर पालिका से नगर निगम बनते देखा हो अर्थात जिस व्यक्ति को धमतरी की प्रत्येक स्थिति की जानकारी हो, जो धमतरी के लिए सोच सके कुछ कर सके और धमतरी को धमतरी का हक दिला सके, हमारी इन सभी उम्मीदों में केवल और केवल हमारे नेता आनंद पवार ही खरे उतरते है।

# बालकदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए राहुल



**महासमुंद,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सतनामी समाज ने बाबा गुरु घासीदास के दूसरे पुत्र बलिदानी राजा गुरु बालक दास की जयंती ग्राम तेंदुवाही कुकराडीह में मनाई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता राहुल चंद्राकर शामिल हुए। सामाजिक बंधुओं व अन्य लोगों ने बलिदानी राजा बालकदास की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर जैतखाम में श्वेत ध्वज चढ़ाया। श्री चंद्राकर ने समाज को जयंती की बधाई देते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास छत्तीसगढ़ के आध्यात्म गुरु हैं। उनके बताएं रास्ते पर चलकर जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में संत शिरोमणि गुरू घासीदास के द्वितीय पुत्र बाबा बालकदास का इतिहास गौरवशाली इतिहास रहा है। बाबा बालकदास ने समाजिक कुरीतियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने छुआछूत, भेदभाव का बहिष्कार कर मानवता का संदेश दिया था। हम सभी को बाबा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए और समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप से सतनाम सेना जिलाध्यक्ष अजय कुर्रे, मंडल महामंत्री शशिकांत साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डिगेश साहू, पूर्व पार्षद मेलाराम, डेजीरानी, मनहरण साहू, सुशील बघेल, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष, योगेश मारकंडे अध्यक्ष गोकुल बंजारे उपाध्यक्ष, गौकरण बंजारे, सचि मंगतू जांगड़े कोषाध्यक्ष सदस्य गौतम जांगड़े, अखिलेश बंजारे आदि उपस्थित थे।




# वैराग्य की ऐसी लगन; लाखों रुपए का पैकेज छोड़ चल पड़े आध्यात्म की राह पर



**नवापारा राजिम,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। बड़ौत में चातुर्मासार्थ विराजित दिगंबर संत आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के करकमलों से आगामी दिवस में आठ ब्रह्मचारियों की भव्य जैनेश्वरी दीक्षा संपन्न होने जा रही है। विशुद्ध सागर महाराज का चातुर्मास देशभर में चर्चा का विषय बना है। हो भी क्यों न... यहां महाराज से दीक्षा की अनुमति और आशीर्वाद लेने के लिए कोई लाखों रुपए का पैकेज छोड़कर पहुंच रहा तो कई आलीशान जिंदगी को छोड़कर वैराग्य धारण करना चाह रहा। इन आठ लोगों में से कोई करोड़पति परिवार से है तो कोई खुद लाखों के पैकेज में काम कर रहा है। गुरु की अनुमति मिलने के बाद अब देशभर में उनकी गोदभराई और बिनौली यात्राएं निकालने का क्रम शुरू हो गया है इसी क्रम में शनिवार को सभी दीक्षार्थी भैया नवापारा के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे जहां से बाजे गाजे के साथ विनौली निकलकर जैन भवन पहुंची। जहां सभी दीक्षार्थी भैया की गोद भराई की रस्म संपन्न हुई। समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग लिया। आज का यह दिन नवापारा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से दर्ज हो गया।

**ग्रेजुएट हैं रूर (भिंड) के सिद्धम (पिंकू) भैया:** 21 वर्षीय सिद्धम अपने शिक्षा दीक्षा गुरु विशुद्ध सागर महाराज की जन्म स्थली रूर (भिंड) के ही निवासी हैं। ग्रेजुएट हैं। उन्होंने 15 अगस्त 2019 को ब्रह्मचर्य व्रत की दीक्षा भिण्ड कीर्ति स्तंभ में ही ली। जबकि दो प्रतिमा व्रत की दीक्षा चंडी गाँव (बिहार पटना) 2020 में ग्रहण की। अब वे जैनेश्वरी दीक्षा लेने जा रहे हैं।

**बीकॉम ग्रेजुएट हैं भिंड के विपुल:** भिंड के विपुल जैन अभी 24 साल के हैं। उन्होंने वाणिज्य संकाय से ग्रेजुएशन कंपलीट किया है। ब्रह्मचर्य की दीक्षा 2019 में भिंड में ही ली थी। दो प्रतिमा व्रत वैशाली बिहार में वर्ष 2020 में लिया था।

**हिमांशु- गुरुपूर्णिमा पर लिया प्रतिमा व्रत:** हिमांशु भिंड के निवासी हैं। ग्रेजुएट हैं। उन्होंने 27 अगस्त 2019 को ब्रह्मचर्य व्रत की दीक्षा भिंड में ही ली। जबकि दो प्रतिमा व्रत की दीक्षा रायपुर में में इसी साल गुरुपूर्णिमा के अवसर पर ग्रहण की। अब वे जैनेश्वरी दीक्षा लेने जा रहे हैं।

**हार्दिक - गुरु के प्रवचनों से वैराग्य की ओर बढ़ा मन:** इंदौर के निवासी हार्दिक अभी करीब 23 साल के हैं। उन्होंने हायर सेकेंडरी तक शिक्षा ग्रहण की। वे कुछ समय दुबई भी रहे। वे कुछ सालों से जैन संतों के प्रवचन सुन रहे थे। विशुद्ध सागर महाराज के प्रवचनों ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने लाइम लाइट की जिंदगी छोड़कर वैराग्य की ओर आगे बढने का मन बना लिया। सम्मेद शिखर जी में उन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत लिया। दो प्रतिमा का व्रत बीते साल वर्ष 2022 में रायपुर में लिया।

**वकील राजेश- अब लेंगे जैनेश्वरी दीक्षा:** ललितपुर उत्तर प्रदेश निवासी राजेश वकील हैं। उन्होंने बीकॉम, एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की। वे करीब 46 साल के हैं। लंबे समय से ब्रह्मचर्य का पालन कर रहे थे। परिवारिक दायित्यों को पूर्ण कर अब दीक्षा ले रहे हैं। उन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत की दीक्षा सम्मेद शिखर जी में 20 अक्टूबर 2021 में ली थी। दो प्रतिमा व्रत रायपुर छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 में ग्रहण किया था।

**सीए विनी भैया - छोड़ा तीस लाख का पैकेज:** छतरपुर निवासी विपुल जैन इंदौर में चार्टड एकाउंटेंट हैं। करीब 30 लाख के सालाना पैकेज पर काम कर रहे थे। इनके पिता विनोद जैन इंजीनियर है। कोरोनाकाल में मौत को बहुत करीब से देखा और वैराग्य की ओर आगे बढने का निर्णय लिया। घर के करोड़ों की संपत्ति छोड़कर विपुल अब जैनेश्वरी दीक्षा लेने जा रहे हैं। विपुल अभी करीब 28 साल के हैं। उन्होंने ब्रह्मचर्य व्रत कुंडलपुर नालंदा बिहार में 12 मार्च 2022 में लिया था। इसके चार माह बाद ही उन्होंने 13 जुलाई को रायपुर में दो प्रतिमा की दीक्षा ली थी।

**तन्मय कोठारी- एनडीए रिटर्न हैं:** जबलपुर के तन्मय कोठारी अभी करीब 20 साल के ही हैं। स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के बाद एनडीएम में उनका चयन हो गया था। वे एनडीए रिर्टन हैं। उन्होंने 20 मार्च 2022 को कुंडलपुर बिहार में ब्रह्मचर्य व्रत लिया था। अंग्रेजी का कक्षा ज्ञान है। हाल में ही दिल्ली में >> *शेष पृष्ठ 9 पर*>

# सशिमं नवापारा में तीन दिवसीय संस्कार केंद्र प्रशिक्षण का उद्घाटन

**नवापारा-राजिम,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में तीन दिवसीय संस्कार केंद्र प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विवेक सक्सेना,सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर,अध्यक्षता संध्या राव पार्षद वार्ड,04 नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा, विशेष अतिथि चंद्रकुमार डडसेना सेवाक्षेत्र शिक्षा प्रांत प्रमुख रायपुर, राकेश तिवारी सेवाक्षेत्र शिक्षा रायपुर प्राचार्य पलारी, गौरीशंकर निर्मलकर प्रचार्य नवापारा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वृत कथन में चंद्रकुमार डडसेना ने कहा दिनांक 18 जून शाम से आयोजित प्रशिक्षण 20 जून दोपहर तक समापन होगी। कुल 34 शिक्षक बंधु/भगिनी सम्मिलित हुए हैं जिसमें समाज के पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों में संस्कारक्षम वातावरण का निर्माण करने उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभिन्न कौशल का ज्ञान विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए जाएंगे।

अपने उद्बोधन में विवेक सक्सेना ने कहा की आज सर्वत्र पश्चिमी संस्कृति हावी होती जा रहीं हैं।चारो तरफ अशांति के वातावरण निर्मित हैं। युवा पीढ़ी भारतीय सभ्यता को भूल रहें है ऐसे में आज ज़रुरत हैं नन्हें-नन्हें कदमों को बचपन से ही सही दिशा दिया जाएं और उन्हे मर्यादित जीवन शैली के लिए तैयार करें संस्कार केंद्र का उद्देश्य अभाव में पल रहे बच्चे जो पढ़ाई छोड़ दिए है या किसी कारणवश नहीं जा सकते उन्हें धर्म नैतिकता और आदर्श का पाठ पढ़ाना हैं जिसमें मुहल्ले के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता रोजी-रोटी कमाने में लगे रहते है और समय नहीं दे पाते उन्हें सेवाभाव आज्ञाकारी देशभक्त शारीरिक मानसिक और बौद्धिक



**युवा पीढ़ी भारतीय सभ्यता को भूल रहे हैं, नन्हें कदमों को बचपन से सही दिशा देने की जरूरत : विवेक सक्सेना**

विकास की शिक्षा देना देना हैं।कम से कम दो घंटा समय उनकी सेवा में समर्पित होते है संस्कार केंद्र के शिक्षक।

**होशियार और कमजोर में भेद करने से उनमे हीन भावना आती है .....संध्या राव**

संध्या राव ने कहा-माता प्रथम गुरु होती हैं शिशु की ऐसे बच्चे जिन्हें समय पर सही मार्गदर्शन नहीं मिल पाता वे अक्सर भटक जाते हैं और ग़लत कार्य में लिप्त हो जाते है। ऐसे बच्चों को संस्कार देने का कार्य निस्वार्थ शिशु मंदिर मे किया जा रहा हैं जो सराहनीय प्रयास हैं। होशियार और कमज़ोर विद्यार्थी में भेदभाव नहीं करना चाहिए समान रुप से व्यवहार करना चाहिए नहीं तो उनमें हीनभावना आ जाती हैं । आज कम उम्र में ही नशे की लत अधिकतर नाबालिक अपने भविष्य को बर्बाद कर रहें है जो चिंतनीय बात है हम सभी का फ़र्ज़ उन्हें रोकने का समझाने का प्रयास करे डांटे भी और प्यार भी करे किसी को दुत्कारे नहीं सुधरने के लिए कई विकल्प का निर्माण करें। कार्यक्रम का संचालन नामदास लहरें प्रधानाचार्य राजिम ने किया। आभार प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी आचार्य कृष्ण कुमार वर्मा नरेश यादव, बाल्मिकी धीवर, संजय सोनी रेणु निर्मलकर,नंद कुमार साहू नरेंद्र साहू, तामेश्वर साहू नारायण पटेल दीपक देवांगन, धनेश्वरी साहू निकिता तराने ममता साहू , परमेश्वर सिन्हा निकिता यादव मोनिका मालवीय मंजू साहू जयश्री साहू, अन्य कर्मचारी पुष्पा साहू हेमनाथ साहू लव पटेल आदि जुटे हैं।उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार से सरोज कंसारी ने दी।

# मेरे लिए पार्टी का आदेश ही सर्वोपरि होता है : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने आज ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के पास कॉंग्रेस भवन पहुँच कर भाटापारा विधान सभा क्षैत्र से अपनी दावेदारी हेतु आवेदन पत्र पार्टी के निर्देशानुसार जमा कर दिया है। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की पार्टी का टिकट मंगाने का अधिकार सभी कार्यकर्ता को है एक ज़मीनी कॉंग्रेस कार्यकर्ता के हेसियत से मैंने भी अपना आवेदन जमा किया है,पूरे विधान सभा क्षैत्र में 33 साल कॉंग्रेस पार्टी के निर्देशों के अनुरूप लगातार एक निष्ठा से कार्य करने के बाद आज जब पूरे क्षैत्र में जान पहचान एक संघर्षशील किसान नेता के रूप में तथा मंडी अध्यक्ष के रूप में करोड़ों रुपया की लागत से गाँव गाँव में किसान कुटीर,किसान भवन,सड़क निर्माण,खाद गोदाम निर्माण का कार्य करने के बाद पहलीबार कॉंग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने आवेदन किया हूँ।मैं इस्थानीय निवासी होने के साथ छत्तीसगढ़िया किसान हूँ और कॉंग्रेस पार्टी के लिये सदैव समर्पित रहा हूँ।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन कल्याणकारी योजनाओ को पूरे क्षैत्र में धरातल पर लागू कराने और जन जन को लाभ पहुँचाने का पूरा प्रयास किया हूँ आगे भी करता रहूँगा,पार्टी का टिकट मिलने पर कॉंग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित कर क्षैत्र में कॉंग्रेस का परचम लहरायेगा,एक संघर्षशील छत्तीसगढ़िया पहली बार चुनाव लड़ेगा और सभी के सहयोग से चुनाव जीतेगा,क्यूँकि लोहा ही लोहा को काटता है,आज सुशील शर्मा के आवेदन जमा करने पर पूरे विधान सभा में किसानो और मज़दूरों के साथ ही साथ युवा वर्ग सहित महिलाओं में ख़ुशी की लहर व्याप्त देखी जा रही है पहली बार सुशील शर्मा ने खुलकर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है।साथ में ईस्वर सिंह ठाकुर,राजेंद्र वर्मा,सचिन शर्मा,विनोद यदुअल्ताफ़ ख़ान,टेकराम ठीमर,नकुल ध्रुव,मोहन साहू,दीपक साहू,डोमार साहू,नकुल वर्मा चेतन ठीमर आदि प्रमुख रूप से उपस्तिथ थे।

# भाटापारा विस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हेतु अरुण ताम्रकार सहित पांच लोगों ने आवेदन पत्र सौंपा



**सिमगा,** 19 अगस्त। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बनने हेतु सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार सहित पांच लोगों ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार नायक को आवेदन पत्र सौंपा । आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाटापारा विधानसभा 46 से कांग्रेस प्रत्याशी बनने हेतु आज शनिवार को सिमगा ब्लॉक के कांग्रेस नेताओं जिनमें सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, जिला पंचायत के सदस्य रेणुका यदु, जीत राम साहू, बाबूलाल साहू, गणेश राम ध्रुव, चंद्रकुमार साहू ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार नायक को कांग्रेस कार्यालय में अपना बायोडाटा सहित आवेदन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक ने बताया छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं चुनाव समिति के निर्देशानुसार 17 अगस्त से 22 अगस्त तक प्रत्याशी बनने हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस अवसर पर कुंज राम साहू सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष, देवचरण मारकंडे, हिम्मत महाराज राजेश शर्मा राजेश गुप्ता योगेश ताम्रकार सहित कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# भरत देवांगन शासकीय स्कूल में विज्ञान मेला आयोजित



**खरोरा,** 19 अगस्त। भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम खरोरा में आज विज्ञान मेला का आयोजन किया गया था, जिसमे छात्र/छात्राएं उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई । हिंदी माध्यम में 102 छात्राओं ने तथा अंग्रेजी माध्यम में 60 छात्राओं द्वारा, अपने स्थिर एवम चलित माडल का प्रदर्शन किया। अंग्रेजी माध्यम के प्राथमिक स्तर में प्रथम (ट्वींकल ग्रुप क्लास 4थी) द्वितीय (लतिका वर्मा क्लास 4थी), एवम तृतीय सोनाली वर्मा क्लास 5वी) रही। माध्यमिक स्तर में प्रथम (रेखराज निषाद क्लास 6वी) द्वितीय ( जय कुमार धुरंधर क्लास 6वी) एवम तृतीय कवि पंसारी क्लास 6वी) रही। हाई स्कूल स्तर में प्रथम चिराग पंसारी ग्रुप क्लास 10वी), द्वितीय दिव्यांशी देवांगन क्लास 10वी) एवम तृतीय नेहा देवांगन ग्रुप क्लास 9वी) रही। वही हायर सेकंडरी स्तर में प्रथम सुयस क्लास 12वी) द्वितीय युगांक वर्मा क्लास 11वी) एवम तृतीय दीक्षा वर्मा क्लास 11वी) रही। इसी तरह हिंदी माध्यम के रुचिका देवांगन ग्रुप, अनुष्का ग्रुप, भूमिका वर्मा ग्रुप, डगेश्वर साहू ग्रुप, एवम रश्मि देवांगन ग्रुप जैसे 102 विज्ञान मॉडल प्रदर्शन किए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, विज्ञान प्रभारी रीतारानी वर्मा, श्वेता शर्मा,रजनी त्रिपाठी, सुनीता सिंह,पारुल रजोरिया, तान्या भट्टाचार्य,निशिता दीक्षित, रिनी रंजना टोप्पो, शैलजा गौतम, रूपशिखा साहू, योगिता देवांगन, लुकेश्वर उइके,गीतांजलि पान,शिवांगी निषाद संस्थापक सदस्य ईश्वरी प्रसाद देवांगन, शाला विकास समिति अध्यक्ष अरविंद देवांगन, प्रवीण लाटा, एवम हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम के समस्त स्टाफ एवम छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।निर्णायक डोमार सिंह यादव, महेंद्र साहू ,श्वेता शर्मा थे।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ पिथौरा की बैठक संपन्न



**पिथौरा,** 19 अगस्त। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ पिथौरा इकाई की बैठक पी डब्लू डी विश्राम गृह में संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी की अध्यक्षता में व ब्लाक अध्यक्ष मनोहर साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई।बैठक में संघ के जिला अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर उपस्थित पदाधिकारियों से विचार विमर्श व रायपुर में होने वाले श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रादेशिक स्तर पर आयोजित सम्मेलन में शामिल होने एवं संघ की एकता एवं मजबूती तथा आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई,एवं आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई इस दौरान संघ के सभी पदाधिकारी वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिन्हा,नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश मिश्रा, विजय गुप्ता, निशु माटा, राजेश बंशल, सुरेंद्र पांडे, दिनेश गोयल, भूषण साहू,प्रमोद सिंहा,सोनू सेन उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### मरहूम सफी मोहम्मद को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**सिमगा,** 19 अगस्त। गत दिनों सिमगा प्रेस क्लब के सदस्य मो. गुलाम नबी के पिता सफी मौहम्मद का इंतकाल हो गया। जिस पर प्रेस क्लब सिमगा द्वारा विश्रामगृह में शोक सभा आयोजित कर मरहूम सफी मौहम्मद को पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसमें रिंकू लाल, राकेश श्रीवास, अखिलेश तिवारी, योगेश ताम्रकार, नीरज शर्मा, माया सलूजा, रविन्द्र सोनी, सतीश जैन आदि शामिल हुए।

### मंत्री डहरिया को चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया



**आरंग,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस की चुनाव घोषणा पत्र एवं चुनाव प्रबंधन समिति की सूची प्रेषित की गई है। जिसमें आरंग के विधायक और मंत्री शिवकुमार डहरिया को चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री डॉ.डहरिया को बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व एवं समस्त पदाधिकारीगण का हार्दिक आभार और धन्यवाद व्यक्त किया है। इसके अलावा प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी मंत्री डॉ.डहरिया को जिम्मेदारी देने के लिए ढ्ढष्ट्ट का आभार व्यक्त किया है।मंत्री डॉ.डहरिया के निर्वाचन क्षेत्र आरंग में कांग्रेस के सभी विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ साथ आमजनों ने भी हर्ष व्यक्त कर मंत्री डॉ.डहरिया को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए है।

## ट्रेन स्टॉपेज ना मिलने से नाराज जनता ने कहा-

# काश रायगढ़ या राजनांदगांव के सांसदों को आचार संहिता तक राजधानी का सांसद बना देते

**भाटापारा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दो लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों की सक्रियता और जनता के प्रति उनकी जवाबदारी को देखते हुए यहां की जनता भी उनकी कायल हो गई और सोच रही है की कानून या लोकसभा में ऐसा कोई प्रावधान होता तो यहां के सांसद को लंबी छुट्टी में भेजकर विधानसभा चुनाव की अचार संहिता लगते तक उनको यहां का सांसद बना कर जनता की मांगो को पूरा किया जा सकता। भाटापारा की जनता इस समय काफी व्यथित हो चली है।पिछले साढ़े 4 साल कहे या मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भाटापारा में एक भी ट्रेनों का स्टॉपेज यहां नही मिला।रायपुर रेल डिविजन का भाटापारा रेलवे स्टेशन संपूर्ण जिले का एक मात्र रेलवे स्टेशन है और रेलवे के सभी मापदंडों में ट्रेनों के स्टॉपेज की पूरी पात्रता रखता भी है लेकिन स्टॉपेज जैसा मेटर पालिसी मेटर होने और इसका अधिकार रेल मंत्रालय के पास होने के कारण भाटापारा की जनता वहा तक नही पहुंच पा रही है और जिसको वहा तक भेजी है उनके द्वारा कोई ठोस पहल नही किए जाने से अंचल नेतृत्व विहीन हो गया है।जनता इतनी टूट चुकी है और वो सोच रही है निर्वाचित होने के बाद जनता के प्रति जवाब दारी नही निभाने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी ऐसा कोई कानून का प्रावधान बनाना चाहिए,काम ना करने वालो को लंबी छुट्टी पर भेज कर उनके स्थान पर किसी अन्य जनप्रतिनिधि को वैकल्पिक व्यवस्था तक उस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि बनाया जा सके।



भाटापारा रेलवे स्टेशन पर 24 जोड़ी ट्रेनों याने 48 ट्रेनों का ठहराव नही है। अंचल की जनता पिछले साढ़े 4 साल से चिकित्सा की दृष्टि से,शिक्षा की दृष्टि से,धार्मिक दृष्टि से,पर्यटन की दृष्टि से विभिन्न आधा दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज की मांग अपने सांसद विधायक से करते आ रही है,लेकिन जनता की मांग को लगातार अनसुनी कर दिया जा रहा है,जबकि सांसद भी भाजपा और विधायक भी भाजपा का होने के बाद जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है,जबकि इसी प्रांत के रायगढ़ और राजनांदगांव के सांसदों की सक्रियता और जनता के प्रति उनके लगाव से उस क्षेत्र में लगातार ट्रेनों के स्टॉपेज मिलने से नगर की जनता उन सांसदों की कायल हो गई है,दीवानी हो चुकी है ।इस वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने है और उसकी अचार संहिता लगने के डर से भयभीत क्षेत्र की जनता व्यथित मन से देश के प्रधानमंत्री से गुहार लगा रही है कि कोई ऐसा बदलाव या कानून बनाए जिसमे कार्य ना करने या जनता के प्रति अपनी जवाब दारी का ईमानदारी से निर्वहन ना करने वाले जनप्रतिनिधियों को उस क्षेत्र से लंबी छुट्टी पर भेज कर उनके स्थान पर सक्रिय जनप्रतिनिधि को वैकल्पिक व्यवस्था तक वहा पदस्थ किया जा सके। बहरहाल भाटापारा की जनता लगभग आधा दर्जन ट्रेनों का स्टॉपेज देने की मांग रेल मंत्रालय से की है।

# ग्राम पंचायत विकास योजना प्रशिक्षण में विभिन्न विभाग के नोडल हुए शामिल

**बिलाईगढ़,** 19 अगस्त (देशबंधु)। आरजीएसए योजना अंतर्गत वर्ष 2023- 24 हेतु जिला पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण जनपद स्तरीय/ नोडल अधिकारी/ लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों का DPDP/BPDP/GPDP विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत संसाधन केंद्र बलौदा बाजार में 16 व 17 अगस्त को संपन्न हुआ। जिसमें जिला के सभी विकासखण्ड- बिलाईगढ़, कसडोल, बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी के सभी विभाग के नोडल अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्राप पंचायत विकास योजना के लिए विभन्न विभागों के प्रमुख योजनाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें छत्तीसगढ़ शासन व केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारियां दी गई।



प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण दिए जिसमें सुशील कुमार पाठक जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, सचिन वर्मा कृषि की जानकारी ,कमलेश तैम्बरलुने स्वास्थ की जानकारी,तिरथ राम पटेल समाज कल्याण, सुरेश वाकडे जल संसाधन, गोविंद सिंह वन की सुरक्षा, देवेंद्र चौहान रीपा की जानकारी, टी आर साहू सोलर सुजला योजना,किशोर वर्मा स्वच्छ भारत मिशन, चंचल शर्मा महिला बाल विकास, मोहम्मद शाहनवाज पास्को एक्ट, बाल सुरक्षा कानून की जानकारियां, डॉक्टर कोमल उतराधी प्राकृतिक चिकित्सा सम्बन्धी जानकारियां दिए।

विकासखंड बिलाईगढ़ से विनोद कुमार डडसेना शिक्षा विभाग, शैलेंद्र कुमार राकेश स्वास्थ्य विभाग, इंदू निषाद महिला बाल विकास, नरेंद्र कहार महिला बाल विकास, गणेश प्रसाद साहू क्रेडा, गजेंद्र साहू,श्यामलाल पंचायत विभाग, राकेश राव मत्स्य, एम के भगत उद्यानिकी, मनोज देव घोड़े जल संसाधन, आसिफ खान वन विभाग ,विद्यासागर साहू आवास ,राजीव दास ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, शेखर कृषि विभाग ने प्रमुख रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किये।

## प्रादेशिकी का शेष...

### के.के. वर्मा ने बलौदाबाजार ...

करते हैं क्षेत्र की जरूरतमंद लोगों को हरसंभव मदद करने का प्रयास करते हैं। श्री वर्मा ने युवा साथियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अगर हाई कमान मुझे इस लायक समझते हुए बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित करते हैं तो वे निश्चित रूप से इस विधान सभा क्षेत्र को भारी बहुमतों की अंतर से जीत दर्ज कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की झोली में डालेंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रूपेंद्र डहरे, आकाश डांडेकर, अरविंद ध्रुव, हिमांशु वर्मा, देवदास मानिकपुरी, हिमालय मानिकपुरी, खिलेंद्र सेन, चंद्रदेव वर्मा, मुकेश वर्मा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिहावा विधानसभा क्षेत्र से...

श्रवण मरकाम पर ही है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि अगर कहीं कांग्रेस वर्तमान विधायक डॉ. श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव को पुन: टिकिट देती है तो श्री मरकाम निश्चित रूप से वर्तमान विधायक लक्ष्मी ध्रुव को पटखनी में कामयाब होंगे।

### वैराग्य की ऐसी लगन; लाखों रुपए...

आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के सर्वधर्म सम्मेलन को संबोधित कर लोगों को प्रभावित भी किया।

**पोस्ट ग्रेजुएट हैं छतरपुर के अंकुर**

छतरपुर के अंकुर वाणिज्य संकाय से पोस्ट ग्रेजुएट हैं। उन्होंने जुलाई 2014 में भोपाल में ब्रह्मचर्य व्रत की दीक्षा ली। वे लंबे समय से साधनारत हैं। उन्होंने बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के साथ छतरपुर में उपेक्षित पड़े देवालयों के जीर्णोद्धार में अग्रणी भूमिका निभाई। गुरुकुल में पढ़ा चुके अंकुर साधु-संतों की सेवा करते हैं। स्वाध्याय मंडल का गठन कर करीब डेढ़ सौ लोगों की टीम बनाई।

# भाजपा को जिताने का संकल्प लें व रोहित साहू को तन मन धन से जीता कर लाना है : संतोष उपाध्याय

**राजिम,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा सीटो की जीत पक्की करने भाजपा ने सुनिश्चित बनाने काफी सोच विचार मंथन कर चुनाव के 4 माह पहले भाजपा हाईकमान ने संघर्षशील क्षेत्र में 21सीटो मे टिकट की घोषणा कर दी उसमे राजिम विधान सभा भी प्रमुख हे जहा से जिला पंचायत सदस्य पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रोहित साहू को टिकट दिया है। राजिम विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि पिछले 15 साल में राजिम विधानसभा में कांग्रेस का हौव्वा खत्म हो गया है। 2003 के चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय कौन कहता था कि एकदम नए एवं जन सामान्य के मध्य अनजाने चंदूलाल साहू राजिम में भाजपा का परचम लहरा पाएंगे। परंतु भाजपा कार्यकर्ताओं की एकता एवं एक साथ मिलकर किए गए कठिन परिश्रम में वह कर दिखाया। जो लगभग असंभव समझा जा रहा था। श्री उपाध्याय ने कहा कि आज भी स्थिति वैसी ही लग रही है रोहित साहू तो अंचल वासियों के जेहन में जाना पहचाना नाम है। वे अपने ग्राम सेमहरतरा के सरपंच, फिंगेश्वर विकासखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य के साथ साथ गत विधानसभा चुनाव लड़कर पूरे क्षेत्र में जाना पहचाना चेहरा है। इस समय अब जरूरत है कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ता अग्रणी नेता एकजुट होकर भाजपा को जिताने का संकल्प ले ले और ईमानदारी के साथ तन मन धन से जुड़ जाएं तो राज्य में भाजपा की जीत सुनिश्चित हे । पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से राजिम विधानसभा में भाजपा को जिताने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य में हाईकमान की कार्यशैली एवं रोहित साहू को 4 माह पूर्व प्रत्याशी बनाने की घोषणा मील का पत्थर साबित होगी और रोहित साहू की जीत सुनिश्चित होगी ।





# विद्युत ठेका श्रमिक हुए लामबंद, 25 से अनिश्चित कालीन कामबंद हड़ताल की राह में

**नवापारा राजिम,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विद्युत विभाग छत्तीसगढ़ के अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूशन, जेनरेशन, ट्रांसमिशन के सभी ठेका कर्मचारी (सहायक सब स्टेशन ऑपरेटर, फ्यूज ऑफकॉल, ए.ई. मेंटनेंस,कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, गार्ड, ड्राइवर, चपरासी आदि) 25 अगस्त से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल के लिए लामबंद हो गए है। जानकारी के अनुसार क्रमश: धरना प्रदर्शन और एक दिवसीय कामबंद हड़ताल के माध्यम से कंपनी और विभाग को अपने एक सूत्रीय मांग विभाग में समायोजन को लेकर ज्ञापन सौंपा जा चुका है। ऊर्जा विभाग के मंत्री से भी बात हुई है बावजूद इसके अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुआ जिसके चलते ये सभी कर्मचारी अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल के लिए विवश है। इन कर्मचारियों का कहना है कि वे विभाग में आपातकालीन काम के अंतर्गत आते है, जिन्हे किसी भी समय आधी रात को, धूप,बारिश,ठंड में काम के लिए बुला लिया जाता है, 12-15 घंटे ड्यूटी कराया जाता है, जिंदगी और मौत के बीच बिजली के तारों के साथ ये आंख मिचौली करते है, और वेतन मिलता है सिर्फ 7000 से 8000 जिसमे न घरका खर्चा चल पाता है, न अपने परिवार का भरण पोषण हो पाता है, इसके बावजूद 2 से 3 माह और कभी कभी तो 5 से 6 माह भी हो जाता है वेतन का मुंह ताकते ताकते। सही ढंग से ना ईपीएफजमा होता है और न ही ईएसआईसी जमा होती है। 6 दिन छुट्टी का पैसा भी नहीं मिलता है।आए दिन तारों के बीच ये ठेके कर्मचारी मौत में मुंह में समा जाते है। किसी प्रकार की बीमा की सुविधा भी नही है। छोटी सी गलती हुई नही कि ठेकेदार काम से निकाल देते है,या दूसरे जिले में ट्रांसफर कर देते है। इस जिल्लत भरी जिंदगी से तंग ठेकाकर्मचारियो को आज तक जो सम्मान मिलना चाहिए था, जो उनका हक था आज तक नही मिला है। इन्ही बातो से क्षुब्ध इन ठेकाकर्मचारियो ने 25 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है।



# खरखरा में कृषि उद्यमिता विकास सह प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

## इंच इंच भूमि प्रयोग एवं खेती के नवीनतम प्रणाली का इस्तेमाल के लिए किसानों को किया गया प्रोत्साहित

**गरियाबंद,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के किसानों की आय बढ़ाने, एकीकृत कृषि प्रणाली का उपयोग करने, फसल विविधता अपनाने एवं उद्यानिकी प्रोत्साहन के लिए जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम खरखरा स्थित शासकीय उद्यान रोपणी में कृषि उद्यमिता विकास सहप्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने फीता काटकर केंद्र का लोकार्पण किया।



**केंद्र में उन्नत कृषि के साथ पशुपालन, मछलीपालन एवं बागवानी फसलों के उत्कृष्ट उत्पादन के लिए किसानों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

इस अवसर पर उपस्थित किसानों को अपने इंच इंच भूमि का सदुपयोग करते हुए उन्नत कृषि के साथ पशुपालन, मछली पालन, लाख पालन, मशरूम उत्पादन, औषधीय पौधों की खेती आदि कार्य करते हुए अधिक आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उद्यमिता विकास केंद्र में किसानों को सब्जी फसलों के नर्सरी उत्पादन एवं प्रबंधन विषय पर भी प्रशिक्षण दिया गया। केंद्र में जिले के जलवायु एवं मौसमी उपयुक्तता के आधार पर उन्नत तकनीकों एवं नवाचार जैसे नर्सरी उत्पादन एवं प्रबंधन तकनीक, हाईटेक सब्जी उत्पादन इकाई, फल उत्पादन प्रसंस्करण तकनीक, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, लाख पालन, काली मिर्च उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, खरगोश पालन, बतख पालन, कुक्कुट सह मत्स्य पालन, मत्स्य स्पान उत्पादन इत्यादि का प्रदर्शन लगाकर किसानों के कौशल विकास किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विषय विशेषज्ञगण शामिल होकर किसानों को उन्नत तकनीक से कृषि करने के लिए मार्गदर्शन दिए। इस दौरान उप संचालक कृषि संदीप भोई, सहायक संचालक मछली पालन श्रीमती मधु खाखा, सहायक संचालक उद्यानिकी मिथिलेश देवांगन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और जिले के कृषक गण मौजूद रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर छिकारा ने कहा कि किसान कृषि कार्य के अलावा कम जमीन पर भी नवाचार करते हुए बतख पालन, खरगोश पालन, दुग्ध उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं मत्स्य पालन आदि भी कर सकते है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने पारंपरिक फसलों के अलावा हल्दी, अदरक, लेमन ग्रास, सर्पगंधा आदि अति फायदेमंद फसलों की खेती करने का किसानों को सुझाव दिया। किसानों को एक ही फसल और एक ही पद्धति पर निर्भर नहीं रहने की सलाह दी।

कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि रमेश निषाद, कृषि विज्ञान केंद्र से उद्यान विशेषज्ञ डॉ. ईशु साहू, शस्य विज्ञान डॉ. शालू अब्राहम, कृषि विभाग छुरा से वरिष्ठ कृषि अधिकारी एन.के.भोई पुष्पलता ध्रुव, रोमन ठाकुर, राकेश कुमार आर्य, संजय सरोज केवंट, अलका ध्रुव, संजय बघेल, शिवकुमार साहू, बीरबल कमार, लंकेश्वर यादव, सुनील साहू, शशिकांत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए है।

# चिंगरापगार क्षेत्र में फिर पहुंचे दंतैल हाथी वन विभाग ने बंद की सैलानियों की एंट्री

**गरियाबंद,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के चिंगरापगार जलप्रपात क्षेत्र में एक बार फिर दतैल हाथी पहुंच गए है। इसके चलते वन विभाग ने शनिवार से चिंगरापगार में सैलानियों की एंट्री बंद कर दी है। विभाग ने कहा की रविवार को भी एहतियातन के तौर पर यहां सैलानियों की एंट्री बंद ही रखी जाएगी।




वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में दो दतैल हाथी नागझर, विजयनगर, पचपेड़ी और चिंगरापगार जलप्रपात क्षेत्र में विचरण कर रहे है। दो हफ्ते पहले से ही यहां डेरा डाले हुए है। जिसके चलते सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिंगरापगार जलप्रपात में आम नागरिकों और सैलानियों के प्रवेश को प्रतिबंधित करना पड़ा है। ज्ञात हो की इसके पहले भी अगस्त के पहले हफ्ते में हाथियों के आमद के चलते जलप्रपात में एंट्री बंद कर दी थी।

ज्ञात हो कि अगस्त के पहले हफ्ते से ही पांडुका रेंज के नागझर और चिंगरापगार क्षेत्र में तीन दतैल हाथी डेरा डाले हुए है। क्षेत्र में ही इधर उधर विचरण कर रहे है। जिसके कारण एहतियातन के तौर पर वन विभाग और पुलिस विभाग को जलप्रपात में आने वालें सैलानियों के एंट्री में रोक लगा दी है। कारण कि जलप्रपात के आसपास होने से इससे सैलानियों को खतरा है, अचानक भगदड़ मचने की भी संभावना है। वहीं हाथी के आमद के चलते वन विभाग गरियाबंद और पांडुका दोनो रेंज अलर्ट मोड में है। आसपास के सभी गांवों में मुनादी कर लोगो को अलर्ट किया गया है। इसके अलावा लगातार दतैल हाथी की अपडेट ले जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर राजधानी रायपुर मार्ग में ग्राम बारूका के पास छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय चिंगरापगार जलप्रपात में मानसून के बाद से लगातार हर शनिवार और रविवार को यहां हजारों की संख्या में सैलानी पहुंच रहे है। जुलाई के अंतिम हफ्ते और अगस्त के पहले हफ्ते में दो बार यहां पांच पांच हजार से ज्यादा सैलानियों की भीड़ अनुमानित रिकॉर्ड की गई है। जिसके चलते प्रशासन को भी सुरक्षा के दृष्टि से यहां वन अमले और पुलिस अमले की फौज ड्यूटी लगानी पड़ी है।

# वरिष्ठ पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह का विमल कुमार के नेतृत्व में किया गया स्वागत

**पलारी,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह का माना विमानतल पहुँचने पर कसडोल विधानसभा के जुझारू नेता विमल साहू अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ फूल मालाओं, बैंड बाजा और तख्ती के साथ वरिष्ठ पर्यवेक्षक का उमंग एवं उत्साह से स्वागत एवम जिंदाबाद के नारे लगाए। स्वागत की चर्चाएं पूरे प्रदेश में फैल गई क्योंकि पर्यवेक्षक जी का पहला आगमन था। विमल साहू लगातार पर्यवेक्षक जी के साथ रहे, वह भी स्वागत से अभिभूत हो गए।



इस सम्बंध में खास बातचीत में विमल साहू ने बताया कि माना विमानतल पर वरिष्ठ पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह का आगमन रहा उन्ही के स्वागत में आज पूरे कार्यकर्ताओ के साथ मौजूद रहने पर चर्चा किये। श्री साहू ने चर्चा में यह भी कहा कि प्रीतम सिंह बहुत वरिष्ठ, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड, सीएलपी लीडर और छह बार की लगातार जीतने वाले विधायक हैं जिनका लाभ हम जैसे युवाओं को और छत्तीसगढ़ को निश्चित रूप से होगा एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षक का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिसका आने वाले समय में बहुत सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा।

# विधायक नंद ने किया सेजेस में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, लाइब्रेरी का उद्घाटन

**सरायपाली,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय विधायक सरायपाली के मुख्य आतिथ्य में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया एवं छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा) एवं अध्यक्ष एसएमडीसी आदर्श विद्यालय, विवेक (राजा) अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृ.उ.मंडी, महेन्द्र बाघ (प्रदेश प्रतिनिधि कांग्रेस कमेटी), फिरोज खान (विधायक प्रतिनिधि), इसराईल खान (कांग्रेस नेता) कमल पटेल (अध्यक्ष सेजेस), बाबूलाल पटेल (अध्यक्ष, कृ.सा. स.समिति भोथलडीह), प्रमोद ग्वाल (विधायक प्रतिनिधि), डी.एन.दीवान (सहायक वि.खं.शिक्षा अधिकारी), लता साहू (प्रभारी प्राचार्य सेजेस), विजय यादव, कमल किशोर अग्रवाल, चंपालाल डडसेना, विश्वनाथ पटेल, राजेश अग्रवाल आदि की गौरवमई उपस्थिति में कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवम् छात्र संघ के प्रभारी व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ एवं व्याख्याता महेश नायक, मीना एस. प्रकाश, नरेश पटेल, सुब्रत प्रधान, जलंधर वर्गे, प्रवीण तिवारी, दिनेश कर, मनोज पटेल, उमा नायक, रेखा पुरोहित, हरिश चौधरी, ज्योति सलूजा, मौसमी माथुर, शिवेंद्र सिंह सोनवानी, साकेत रजवाड़े, मंजिला चौधरी, प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी, श्याम सुन्दर दास, विनोद कुमार चौधरी, गजानंद प्रधान, रश्मि राजा, हिमाद्री प्रधान, गोमती



बरिहा, घसियाराम चौहान, गिती बरिहा, केशव प्रसाद चौहान आदि की सक्रीय सहभागिता रही। विद्यार्थियों ने नवोन्मेष के साथ वैज्ञानिक अभिरुचि प्रदर्शित करते हुए विभिन्न सिद्धांतों को लेकर उपयोगी मॉडल बनाकर प्रदर्शनी में लगाया और उपस्थित जनों के प्रश्नों का जवाब उचित तरीके से बखूबी दिया। विधायक एवं आगंतुकों निर्णायक मंडल द्वारा बाल वैज्ञानिकों की खूब हौसला आफजाई करते हुए उनके द्वारा निर्मित मॉडल आईडिया प्रोजेक्ट की सराहना किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी अंतर्गत निर्णायक मंडल में व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ, रेखा पुरोहित, प्रवीण तिवारी, विनोद कुमार चौधरी, यशवंत कुमार चौधरी शामिल रहे। छात्र संघ को विधायक द्वारा शपथ दिलाया गया एवं सकारात्मक टीम वर्क हेतु प्रेरित किया तथा स्वीप कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग करने वाले विजेताओं का मैडल से सम्मान किया गया। विधायक द्वारा लाइब्रेरी में पुस्तकों का अवलोकन किया गया और लाइब्रेरी का नियमित सदुपयोग करने तथा पठन संस्कृति को बढ़ावा देने अपील की गई। सेजेस में पीटीएम भी आयोजित हुआ जिसमें क्रमशः पालकों ने अपने बच्चों की शैक्षिक सह शैक्षिक उपलब्धियों का जायज़ा लिया और पालक, बालक शिक्षक के संयुक्त योजनाबद्ध कार्य से समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ने तत्परता दिखाई। विधायक महोदय द्वारा विधायक निधि से सेजेस सरायपाली को विद्यालयीन पुस्तकालय उत्थान हेतू विद्यार्थी हित में तीन लाख रुपए की राशि प्रदान किया है जिसके लिए सेजेस सरायपाली परिवार ने विधायक महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया।













